CMYK

अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 21°C
सेंसेक्स 80,242.24
निफ्टी 24,334.20
सोना 98,153
चांदी 1,00,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

बरेली, गुरुवार 1 मई 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 22 अंक 156 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख शुक्ल पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 2 जिलकदा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



### बांग्लादेश में हिंदू संत चिन्मय दास को मिली जमानत

विस्तृत खबर देश-विदेश पर




### आईपीएल के रोबोटिक स्वान चंपक पर विवाद गहराया

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

## फिर मुसीबत में सिसोदिया व जैन

### क्लासरूम घोटाले में 'आप' नेताओं के खिलाफ मामला दर्ज

शाह टाइम्स ब्यूरो





■ 12,748 क्लासरूम/बिल्डिंग के निर्माण में 2,000 करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप

**नई दिल्ली।** दिल्ली में आप नेता और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, दिल्ली के पूर्व पीडब्ल्यूडी मंत्री सत्येंद्र जैन के खिलाफ करप्शन का मामला दर्ज किया गया है। करप्शन का यह मामला क्लासरूम और स्कूल बिल्डिंग के निर्माण से जुड़ा है।

एंटी करप्शन ब्रांच (एसीबी) की जांच में पता चला है कि आप के कार्यकाल के दौरान 12,748 क्लासरूम/बिल्डिंग के निर्माण में 2,000 करोड़ रुपये का भारी घोटाला हुआ था। क्लासरूम/बिल्डिंग के निर्माण की लागत बढ़ाकर दर्शाई गई थी। इसके अलावा निर्धारित अवधि के भीतर एक भी काम पूरा नहीं हुआ था। निर्माण कार्य के लिए कंसलटेंट और आर्किटेक्ट की नियुक्ति भी मनमाने ढंग से की गई थी। इन्हीं के जरिए निर्माण की लागत बढ़ाई गई। एसीबी ने इस मामले में भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की धारा 17-। के तहत अनुमति मिलने के बाद एफआईआर दर्ज की है।

### पहलगाम आतंकी हमले के बाद सरकार का बड़ा फैसला

## राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड का पुनर्गठन

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद सरकार ने बुधवार को एक बड़ा कदम उठाते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड का पुनर्गठन कर रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) के पूर्व प्रमुख आलोक जोशी को इसका नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। पुनर्गठित राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड के सात सदस्यों में कई शीर्ष स्तर के सेना, नौसेना और वायुसेना के अधिकारियों के अलावा भारतीय पुलिस सेवा के शीर्ष अधिकारियों को शामिल किया गया है।

बोर्ड के नए सदस्यों में एयर मार्शल पीएम सिन्हा, लेफ्टिनेंट जनरल एके सिंह, रियर एडमिरल मोंटी खन्ना और भारतीय पुलिस सेवा दो पूर्व अधिकारी राजीव रंजन वर्मा तथा मनमोहन सिंह शामिल हैं। इसके अलावा, भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी बी. वेंकटेश वर्मा को भी सात सदस्यीय बोर्ड का सदस्य नियुक्त



■ रॉ के पूर्व प्रमुख आलोक जोशी को नियुक्त किया गया नया अध्यक्ष

किया गया है। पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव और देश में सुरक्षा स्थिति पर चर्चा के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बुलाई गई एक उच्चस्तरीय बैठक में यह निर्णय लिया गया।

### पाक समर्थित सोशल मीडिया खातों का ले. जनरल सुचिन्द्र के बारे में दावा गलत: सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार ने पाकिस्तान के समर्थन वाले कुछ सोशल मीडिया खातों के इस दावे को गलत बताया है कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद सेना की उत्तरी कमान के कमांडर ले जनरल सुचिन्द्र कुमार को हटा दिया गया है। पीआईबी ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि पाकिस्तान के समर्थन वाले सोशल मीडिया खातों से झूठा और भ्रामक दुष्प्रचार किया जा रहा है। पीआईबी ने कहा है कि ले. जनरल सुचिन्द्र कुमार को हटाया नहीं गया है और वह 30 अप्रैल को सेवानिवृत हो रहे हैं तथा उनकी जगह ले. जनरल प्रतीक शर्मा को उत्तरी कमान का नया प्रमुख नियुक्त किया गया है।

### गुटेरेस ने की जयशंकर व शहबाज शरीफ से बात

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने भारत के विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से पहलगाम आतंकवादी हमले को लेकर अलग-अलग बात की है और दोनों देशों के बीच तनाव कम करने के लिए सहयोग का प्रस्ताव किया है। महासचिव कार्यालय ने बुधवार को यहां बताया कि श्री गुटेरेस ने जम्मू-कश्मीर में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने इन हमलों के लिए कानूनी तरीकों से न्याय और जवाबदेही तय करने के महत्व पर जोर दिया है। महासचिव ने भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव पर भी गहरी चिंता व्यक्त की और ऐसे टकराव से बचने की आवश्यकता पर जोर दिया, जिसके परिणाम दुखद हो सकते हैं।

### सेनाओं की मदद के लिए रेलवे ने भी कसी कमर

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद सीमा पर उत्पन्न परिस्थितियों में सशस्त्र बलों को रसद आपूर्ति के लिए लाइनें खाली रखने एवं पथ उपलब्ध कराने को लेकर रेलवे में तैयारियां जोरों पर हैं। रेल भवन में एक महत्वपूर्ण बैठक में रेलवे एवं सेना के उच्चाधिकारी शामिल हुए। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद सीमापार सैन्य कार्रवाई की तैयारियों के बीच सेना ने रसद आपूर्ति, सैन्य साजो सामान एवं सैनिकों के द्रुत गति से परिवहन के लिए रेलवे से लाइनों को खाली रखने एवं मार्ग उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है।

### रूस नहीं जाएंगे मोदी, राजनाथ होंगे 'विक्ट्री डे परेड' में शामिल

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रूस में आगामी नौ मई को होने वाले 'विक्ट्री डे परेड' समारोह में शामिल नहीं होंगे और उनकी जगह रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने बुधवार को यहां बताया कि रूस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया था। उन्होंने कहा कि भारत की ओर से रूस को पहले ही बता दिया गया था कि इस समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### मणिपुर के राज्यपाल ने की स्थिति की समीक्षा

**इंफाल।** मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने बुधवार को राजभवन में एक सुरक्षा बैठक की अध्यक्षता की और राज्य में समग्र कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की। बैठक में सुरक्षा सलाहकार कुलदीप सिंह, पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव सिंह, जीओसी, 57 माउंटेन डिवीजन मेजर जनरल एसएस कार्तिकेय, एडीजीपी (इंटेलिजेंस) आशुतोष कुमार सिन्हा, एडीजीपी (कानून व्यवस्था) लुफेंग कैलुन, संयुक्त निदेशक, एसआईबी, नवदीप सिंह ग्रेवाल, सीआरपीएफ और बीएसएफ के अधिकारी में शामिल हुए।

# देश में होगी जातीय जनगणना

## कैबिनेट का अहम फैसला, देश में आजादी के बाद पहली बार होगी जाति जनगणना

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश में आजादी के बाद पहली बार जाति जनगणना कराई जाएगी। बिहार विधानसभा चुनावों के पहले सरकार ने राजनीतिक महत्व का एक बड़ा कदम उठाते हुए देश में आम जनगणना में जातियों की गणना कराने का फैसला किया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक में यह फैसला लिया गया। रेल, सूचना प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कैबिनेट के फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राजनीतिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने बुधवार को फैसला किया है कि जाति गणना को आगामी जनगणना में शामिल किया जाना चाहिए। श्री वैष्णव ने कहा कि कांग्रेस की सरकारों ने आज तक जाति जनगणना का विरोध किया है। आजादी के बाद की सभी जनगणनाओं में जातियों की गणना नहीं की गई। वर्ष 2010 में, तत्कालीन प्रधानमंत्री दिवंगत डा. मनमोहन सिंह ने लोकसभा में आश्वासन दिया था कि जाति जनगणना पर कैबिनेट में विचार किया जाएगा। तत्पश्चात एक मंत्रिमंडल समूह का भी गठन किया गया था, जिसमें अधिकांश राजनीतिक दलों ने जाति आधारित जनगणना की संस्तुति की थी। इसके बावजूद कांग्रेस की सरकार ने जाति जनगणना के बजाए, एक सर्वे कराना ही उचित समझा जिसे एसईसीसी के नाम से जाना जाता है। इस सब के बावजूद कांग्रेस और इंडी गठबंधन के दलों ने जाति जनगणना के विषय को केवल अपने राजनीतिक लाभ के लिए उपयोग किया। सूचना प्रसारण मंत्री ने कहा कि जनगणना का विषय संविधान के अनुच्छेद 246 की केंद्रीय सूची की क्रम -शेष पृष्ठ दो पर



■ बिहार विधानसभा चुनावों के पहले केंद्र सरकार ने उठाया बड़ा कदम

### कांग्रेस ने फैसले का किया स्वागत, पूछा तारीख बताएं



**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बुधवार शाम दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि संसद में हमने कहा था कि हम जाति जनगणना करवाकर रहेंगे। साथ ही कहा था कि 50 फीसदी की जो दीवार (आरक्षण) है उसे भी तोड़ेंगे। न जाने अचानक क्या हुआ कि पीएम मोदी ने जाति जनगणना का आज ऐलान किया।

अब हम सरकार से जानना चाहते हैं कि ये कब तक होगा। तेलंगाना इस मामले में ब्लूप्रिंट बन सकता है। राहुल गांधी ने कहा कि पता नहीं क्या हुआ लेकिन अचानक 11 साल बाद बुधवार को सरकार की ओर से जाति जनगणना की घोषणा कर दी गई। हम इसका पूरा समर्थन करते हैं, लेकिन हम एक समयसीमा चाहते हैं। ये पहला कदम है। तेलंगाना जाति जनगणना में एक मॉडल बन गया है। हम जाति जनगणना की रूपरेखा तैयार करने में सरकार को अपना समर्थन देते हैं। बिहार और तेलंगाना इसके दो उदाहरण भी हैं। हालांकि, दोनों में बहुत अंतर है।

### गन्ने का एमएसपी 355 रुपये प्रति कुंतल घोषित



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने चीनी सीजन 2025-26 के लिए गन्ना का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 15 रुपये बढ़ाकर 355 रुपये प्रति कुंतल घोषित किया है। बुधवार को यहां हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि सरकार ने चीनी सीजन 2025-26 के लिए गन्ना उचित एवं लाभकारी मूल्य (एमएसपी) 340 रुपये प्रति कुंतल से बढ़ाकर 355 रुपये प्रति कुंतल तय कर कर दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार के इस निर्णय से पांच करोड़ गन्ना किसानों को लाभ होगा। इसके अलावा गन्ना खेती के आश्रितों के साथ-साथ चीनी मिलों और संबंधित सहायक गतिविधियों में कार्यरत पांच लाख श्रमिकों को लाभ मिलेगा। श्री वैष्णव ने बताया कि इसके लिए प्रत्येक 0.1 प्रतिशत की वृद्धि के लिए 3.46 रुपये प्रति कुंतल का प्रीमियम किसानों को प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा सरकार ने गन्ना किसानों के हितों की रक्षा के लिए यह भी निर्णय लिया है कि जिन चीनी मिलों की रिकवरी 9.5 प्रतिशत से कम है, उनके मामले में कोई कटौती नहीं की जाएगी। चीनी सीजन 2025-26 के लिए गन्ने की उत्पादन लागत 173 रुपये प्रति कुंतल है। चीनी सीजन 2025-26 एक अक्टूबर, 2025 से आरंभ होगा और मूल्य किसानों से गन्ना खरीदने के लिए लागू होंगे।

## आतंकियों को निशाना बनाकर पाकिस्तान को करारा जवाब दे सरकार: कांग्रेस

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ भाजपा तय नहीं कर पा रही है निशाना किसे बनाया जाए, जबकि इस वक्त निशाना तय होना चाहिए

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि सरकार को इस समय भ्रमित होने की बजाय आतंकवादियों को निशाना बना कर पाकिस्तान को करारा जवाब देना चाहिए। कांग्रेस अपने आधिकारिक पेज पर ट्वीट किया कि भाजपा तय नहीं कर पा रही है कि निशाना किसे बनाया जाए, जबकि इस वक्त निशाना तय होना चाहिए।

सरकार का निशाना आतंकवादी होने चाहिए और पाकिस्तान को कड़ा जवाब मिलना चाहिए। हमने शुरुआत से ही इस संबंध में सरकार का समर्थन किया है और संसद के लिए विशेष सत्र की मांग भी की। फिर सर्वदलीय बैठक हुई, जिसमें प्रधानमंत्री नहीं थे, लेकिन हमने अपनी बात रखी। इसके बाद कांग्रेस पार्टी ने सीडब्ल्यूसी बैठक में प्रस्ताव भी पारित किया। पार्टी ने कहा कि देश के सामने ये संवेदनशील समय है। पहलगाम में जो हुआ, वह क्रूर हमला है, जिसका सूत्रधार पाकिस्तान है। पाकिस्तान को जवाब देना हमारा फर्ज बनता है। इस मामले में हमने सरकार को अपना समर्थन दिया और कहा कि आपके किसी भी एक्शन में हम आपके साथ हैं, लेकिन इसे ध्रुवीकरण का मुद्दा मत बनाइए। कांग्रेस ने इस हमले के संबंध में विशेष संसद सत्र की मांग की गई है, लेकिन उसका जवाब प्रधानमंत्री की तरफ से अभी तक नहीं आया है। पर आज जो लोग कांग्रेस को निशाना बना रहे हैं, उन्हें 26/11 हमले के बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी की उस प्रेस कॉन्फ्रेंस को याद करना चाहिए, जो उन्होंने मुंबई हमले के दो दिन बाद ओबरॉय होटल के सामने की थी। ऐसा कभी नहीं हुआ था, जबकि इस मामले में खुद महाराष्ट्र सरकार ने मना किया था कि आप यहां मत आइए, ये सही समय नहीं है।

### भारत ने LOC पर फायरिंग के प्रति पाक को किया आगाह

**नई दिल्ली।** पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान में उपजी तनावपूर्ण स्थिति के बीच भारत और पाकिस्तान के सैन्य संचालन महानिदेशकों की मंगलवार रात हॉटलाइन पर बातचीत हुई, जिसमें भारत ने पाकिस्तान को नियंत्रण रेखा पर अकारण फायरिंग के प्रति आगाह किया।पाकिस्तानी सेना ने लगातार पांचवें दिन मंगलवार रात को भी जम्मू- कश्मीर के नौशेरा, सुंदरबनी और अखनूर सेक्टरों में नियंत्रण रेखा पर बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की। सूत्रों के अनुसार दोनों देशों की सेनाओं के संचालन महानिदेशक हर सप्ताह मंगलवार को नियमित रूप से बात करते हैं।

## कोलकाता में ऋतुराज होटल में आग लगने से 15 लोगों की मौत

**कोलकाता।** मध्य कोलकाता के बड़ा बाजार में फलपट्टी मछुआ के पास ऋतुराज होटल में आग लगने से 15 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी।

कोलकाता पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि मंगलवार रात ऋतुराज होटल में आग लग गई। अब तक 15 शव बरामद किए जा चुके हैं। वहीं कई लोगों को आपातकालीन टीमों ने बचा लिया है। मौके पर पहुंचे कोलकाता पुलिस आयुक्त मनोज कुमार वर्मा ने कहा कि परिसर में घना धुआं भर गया और अधिकांश पीड़ितों की मौत दम घुटने से हुई। छत से कूदकर भागने की कोशिश करते समय एक व्यक्ति की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए एक एसआईटी का गठन किया गया है।

### आंध्र प्रदेश में दीवार गिरने से सात की मौत

**विशाखापत्तनम।** आंध्र प्रदेश में विशाखापत्तनम जिले के प्रसिद्ध सिंहचलम मंदिर के पास बुधवार तड़के दीवार गिरने से तीन महिलाओं समेत कम से कम सात श्रद्धालुओं की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। घटना कथित तौर पर तड़के करीब तीन बजे घटित हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार भारी बारिश और तेज हवा के कारण दीवार गिर गई। हादसे के समय काफी संख्या में श्रद्धालु वार्षिक 'चंदनोत्सवम' उत्सव के अवसर पर श्री वराह लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी के 'निजरूपा दर्शन' के लिए 300 रुपये की टिकट खरीदने के लिए लाइन में इंतजार कर रहे थे। घटना की जानकारी मिलने के बाद जिला कलेक्टर एमएन हरेंधीरा प्रसाद, विशाखापत्तनम के सांसद एम. श्रीभारत और पुलिस आयुक्त शंकरब्रत बागची घटनास्थल पर पहुंचे।

### चंद्रयान-3 एपीएक्सएस ने दक्षिण ध्रुवीय क्षेत्र में वाष्पशील तत्वों को मापा

**चेन्नई।** भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला (पीआरएल), अहमदाबाद के वैज्ञानिकों ने चंद्रयान-3 मिशन के प्रज्ञान रोवर पर लगे अल्फा पार्टिकल एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर (एपीएक्सएस) का उपयोग करके दक्षिण ध्रुवीय क्षेत्र के पास शिव शक्ति स्टेशन पर मापे गए वाष्पशील तत्वों की सांद्रता का विश्लेषण किया है। एपीएक्सएस द्वारा मापी गई प्रचुर मात्रा का अन्य उपलब्ध डेटा के साथ तुलना करने पर सोडियम और पोटेशियम में असामान्य कमी का पता चला लेकिन हाइलैंड लैंडिंग साइट पर मिट्टी में सल्फर की मात्रा में वृद्धि हुई।

## गंगोत्री के साथ यमुनोत्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खुले

■ दोनों धामों में कपाटोद्घाटन के अवसर पर मुख्यमंत्री ने की विशेष पूजा-अर्चना

चिरंजीव सेमवाल

**उत्तरकाशी।** अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर बुधवार सुबह 10:30 बजे गंगोत्री धाम के कपाट विधि-विधान के साथ श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। इस शुभ अवसर पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रथम पूजा अर्चना कर मां गंगा से देश और प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की।



मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंडवासियों के लिए यह पर्व किसी उत्सव से कम नहीं है। उन्होंने देशभर के श्रद्धालुओं को चारधाम यात्रा में सम्मिलित होने का आमंत्रण देते हुए बताया कि यात्रा को सुगम बनाने के लिए -शेष पृष्ठ दो पर

## सिंधु जल संधि के निलंबन पर हम कितने तैयार

### सिंधु नदी क्षेत्र के पारिस्थितिकी तंत्र की रक्षा करना होगी बड़ी चुनौती

अबूबकर शिब्ली

**सहारनपुर।** बीते 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी हमले के बाद पूरा देश प्रतिशोध की आग में जल रहा है।

इसी बीच भारत सरकार ने भी कड़ा कदम उठाते हुए लगभग 65 साल पुरानी 'अप्रासंगिक' हो चुकी सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया। जो भारत जैसे विशाल आबादी वाले देश की वर्तमान आवश्यकताओं को देखते हुए जरूरी भी था, लेकिन यहां एक बड़ा सवाल बार-बार विशेषज्ञों को परेशान कर रहा है कि क्या भारत वास्तव में इसके लिए तैयार है? वर्ष 1960 में



विश्व बैंक की मध्यस्थता से हुई सिंधु जल संधि अब भारत के लिए हितकारी नहीं रह गई थी। भारत अब 65 वर्ष पुरानी परिस्थितियों में नहीं रह गया है। तब से लेकर अब तक यहां की आबादी कई गुना तक बढ़ चुकी है। जिनकी जल की मांग पूरी करना कठिन होने लगा है। नीति आयोग की हालिया रिपोर्ट्स बताती हैं कि वर्तमान में लगभग 600 मिलियन भारतीय मध्यम से उच्च 'जल गरीबी' का सामना कर रहे हैं। आने वाले समय में यह संख्या और भी बढ़ सकती है। सिंधु जल संधि का निलंबन और अधिशेष जल का प्रबंधित उपयोग भारत में आसन्न गंभीर जल संकट को कम करने में मदद कर सकता है। लेकिन इसके लिए एक दीर्घकालीन एवं तार्किक रोडमैप की जरूरत होगी, क्योंकि -शेष पृष्ठ दो पर

### भारत क्या-क्या कर सकता है...

भारत राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण के विशेषज्ञों की देख-रेख में इस नदी के जलाधिक्य के सदुपयोग के लिए कृत्रिम जलग्रहण उपायों का विकास करने के साथ ही सिंधु नदी क्षेत्र का पर्यावरणीय प्रभाव आंकलन कराकर नवीन जल विद्युत परियोजनाओं का निर्माण कर सकता है। इसके अलावा हिमालय नदियों के नहरीकरण की लंबित पड़ी प्रक्रिया में तेजी लाकर अतिरिक्त जल को सूखा प्रभावित क्षेत्रों या जल की कमी वाली अन्य नदियों में पहुंचाने,सिंधु नदी के जल को उत्तर भारत के अन्य राज्यों में सिंचाई तथा पेयजल हेतु आपूर्ति करने के लिए पाइपलाइन नेटवर्क बनाने तथा विश्व बैंक पर इस संधि की पुनर्समीक्षा के लिए दबाव बनाकर पाकिस्तान के लिए पूर्व में निर्धारित हिस्से की मात्रा घटाने की दिशा में काम कर सकता है।

## सुलह कानून के फैसलों को संशोधित कर सकती हैं अदालतें

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की संविधान पीठ ने यह तय करने के लिए बुधवार को फैसला सुनाया कि क्या अदालतें 1996 के मध्यस्थता और सुलह कानून के तहत मध्यस्थ फैसलों में संशोधन कर सकती हैं या नहीं।

सुप्रीम कोर्ट ने 4:1 बहुमत से फैसला सुनाया कि अदालतें मध्यस्थता और सुलह पर 1996 के कानून के तहत मध्यस्थता फैसलों को संशोधित कर सकती हैं। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की ओर से बहुमत से लिए गए फैसले में कहा गया है कि ऐसे फैसलों को संशोधित करने की शक्ति का प्रयोग अदालतों की ओर से सावधानी के साथ किया जाना चाहिए। पीठ में मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति संजय कुमार, न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन और न्यायमूर्ति आगस्टीन जॉर्ज मसीह शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 19 फरवरी को मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।



# अखिलेश व मायावती ने किया जातीय जनगणना का स्वागत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उप्र में मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी (सपा) और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने केंद्र सरकार के जातीय जनगणना के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि यह देर से उठाया गया सही फैसला है।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि जाति जनगणना का फ़ैसला 90 प्रतिशत पीडीए की एकजुटता की शत प्रतिशत जीत है। हम सबके सम्मिलित दबाव से भाजपा सरकार मजबूरन ये निर्णय लेने को बाध्य हुई है। सामाजिक न्याय की लड़ाई में ये पीडीए की जीत का एक अतिमहत्वपूर्ण चरण है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार को ये चेतावनी है कि अपनी चुनावी धांधली को जाति जनगणना से दूर रखे। एक ईमानदार जनगणना ही हर जाति को अपनी-अपनी जनसंख्या के अनुपात में अपना वो अधिकार और हक दिलवाएगी, जिस पर अब तक वर्चस्ववादी फन मारकर बैठे थे। ये अधिकारों के सकारात्मक लोकतांत्रिक आंदोलन का पहला चरण है और भाजपा की नकारात्मक राजनीति का अंतिम। भाजपा की प्रभुत्ववादी सोच का अंत होकर ही रहेगा। संविधान के आगे मनविधान लंबे समय तक चल भी नहीं सकता है। ये इंडिया की जीत है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि देश में मूल जनगणना के साथ ही जातीय जनगणना कराने का केन्द्र सरकार द्वारा आज लिया गया फैसला काफी देर से उठाया गया सही दिशा में कदम। इसका स्वागत। बीएसपी इसकी मांग काफी लम्बे समय से करती रही है। उम्मीद है कि सरकार जनगणना से जनकल्याण के इस फैसले को समय से जरूर पूरा कराएगी।



फ़ैसला 90 प्रतिशत पीडीए की एकजुटता की शत प्रतिशत जीत

बीएसपी इसकी मांग काफी लम्बे समय से करती रही थी



## योगी ने किया फैसले का स्वागत

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्र सरकार के जाति जनगणना के फैसले का स्वागत किया है। योगी ने एक्स पर लिखा कि 140 करोड़ देशवासियों के समग्र हित में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सीसीपीए द्वारा जाति जनगणना को आगामी जनगणना में शामिल किए जाने का निर्णय अभूतपूर्व एवं स्वागत योग्य है। वंचित, पिछड़े और उपेक्षित वर्गों को सही पहचान और सरकारी योजनाओं में उनकी उचित भागीदारी दिलाने की दिशा में यह एक निर्णायक पहल है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी का हार्दिक आभार, जिनके नेतृत्व में भाजपा सरकार ने सामाजिक न्याय और डेटा-आधारित सुशासन को वास्तविकता में बदलने का यह ऐतिहासिक निर्णय लिया है।

## भाजपा ने की अखिलेश की निंदा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के साथ तस्वीर वाले पोस्टर छपवाने की कड़ी निंदा की है और कहा है कि आरक्षण विरोधी एवं बाबा साहब की विरोधी कांग्रेस से समझौता करने वाली सपा का साथ दलित कभी नहीं दे सकते हैं। केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता अर्जुन राम मेघवाल ने बुधवार को यहां अपने आवास पर मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने दलित वोट बैंक की खातिर अपनी तस्वीर को बाबा साहब डा. भीम राव अंबेडकर के साथ जोड़कर बाबा साहब का अपमान किया है। यादव ने पिछड़ा (ओबीसी) आरक्षण के घोर विरोधी एवं बाबा साहब को संसद पहुंचने से रोकने वाली कांग्रेस पार्टी से गठबंधन किया, इसलिए दलित समाज उनका कभी भी साथ नहीं देगा।

# जाति जनगणना कराना सही कदम शुरू से रही हमारी यह मांग: खड़गे

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने जाति जनगणना कराने के सरकार के फैसले को सही ठहराते हुए बुधवार को कहा कि कांग्रेस शुरू से यही मांग कर रही है और सरकार ने इसे पूरा कर अच्छा कदम उठाया है।

खड़गे ने कहा कि कांग्रेस ने लगातार जातिगत जनगणना की मांग उठाई थी, जिसके सबसे मुखर पक्षधर पार्टी नेता राहुल गांधी रहे। आज मोदी सरकार ने जनगणना के साथ जातिगत जनगणना कराने की घोषणा की है। ये सही कदम है, जिसकी हम पहले दिन से मांग कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मैंने कई बार इसे संसद में उठाया और प्रधानमंत्री जी को पत्र भी लिखा। इंडिया गठबंधन के नेताओं ने भी कई बार जातिगत जनगणना की मांग की है और लोकसभा चुनाव में ये अहम मुद्दा बना। बार-बार प्रधानमंत्री मोदी सामाजिक न्याय की इस नीति को लागू करने से बचते रहे और विपक्ष पर समाज को बांटने का झूठा आरोप लगाते रहे। जातिगत जनगणना के अभाव में सार्थक सामाजिक न्याय और सशक्तिकरण कार्यक्रमों का क्रियान्वयन अधूरा है, इसीलिए ये सभी वर्गों के लिए ज़रूरी है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि जनगणना के लिए इस साल के बजट में भी केवल 575 करोड़ रुपये का आवंटन है, इसलिए ये सवाल मुनासिब है कि सरकार इसको कैसे और कब पूरा करेगी। कांग्रेस पार्टी ये मांग करती है कि मोदी सरकार जल्द से जल्द बजट का प्रावधान कर जनगणना और जातिगत जनगणना का काम पूरी पारदर्शिता के साथ चालू करे। जातिगत जनगणना ज़रूरी है, हिस्सेदारी न्याय के बिना सबकी प्रगति अधूरी है।

मैंने कई बार मामला संसद में उठाया, पीएम को पत्र भी लिखा



## संक्षिप्त समाचार

### प्रतापगढ़ में सपा नेता की सात करोड़ की संपत्ति कुर्क

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिला प्रशासन ने समाजवादी पार्टी के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष गुलशन यादव की आपराधिक कृत्य से अर्जित सात करोड़ रुपये की चल अचल संपत्ति तत्काल प्रभाव से कुर्क करने का आदेश जारी किया है। जिला मजिस्ट्रेट शिव सहाय अवस्थी ने सपा नेता गुलशन यादव की अवैध स्रोतों से अर्जित चल-अचल सम्पत्ति/ आवासीय जमीन तत्काल प्रभाव से कुर्क करने का आदेश जारी किया है, एएसपी पश्चिमी संजय राय ने बुधवार को बताया है कि यह कार्यवाही उत्तर प्रदेश गिरोह बंद एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम 1986 के तहत की गई है।

### मोदी आज जाएंगे महाराष्ट्र, केरल और आंध्र के दौरे पर

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल से महाराष्ट्र, केरल और आंध्र प्रदेश के दो दिन के दौरे पर जाएंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार मोदी गुरुवार को मुंबई में विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वह केरल जाएंगे और शुक्रवार को विझिंजम इंटरनेशनल डीपवाटर मल्टीपर्पज सीपोर्ट को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इस अवसर पर वह उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगे। प्रधानमंत्री बाद में आंध्र प्रदेश जाएंगे और अमरावती में 58,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

### सिलचर से शिलांग के बीच गलियारे को केन्द्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी

**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने असम के सिलचर से मेघालय के शिलांग के बीच 22 हजार 864 करोड़ रूपये की लागत से राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या छह के 166.80 किलोमीटर लंबे गलियारे के हिस्से के विकास, रख रखाव और प्रबंधन के प्रस्ताव को बुधवार को मंजूरी दे दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में यहां हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बैठक के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी।

# विवाद में न पड़ें, एक होकर रहें: गुलाम नबी

श्रीनगर, वार्ता

इस समय देश पहलगाम हमले का दंश झेल रहा है और पाकिस्तान के खिलाफ रणनीति तैयार करने में जुटा हुआ है। इस बीच जम्मू कश्मीर के पूर्व सीएम गुलाम नबी आजाद ने कहा कि 8 दिन हो गए, अब बहुत हो गया, अब कोई न कोई कार्रवाई करनी ही चाहिए। पाकिस्तान को ऐसा सबक सिखाना चाहिए कि वह सात जन्मों तक याद रखे। उन्होंने कहा कि सरकार ने कल सेना को पूरी छूट देकर अच्छा फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि मल्टी प्रोन स्ट्रैटेजी से आतंकी घटनाएं कम होंगी, एक ही साथ कई मोर्चों पर काम करना होगा।

उन्होंने कहा कि अधिकतर लोग जो आतंकी घटना में पाए जाते हैं, वो गरीब और बेरोजगार होते हैं। वैचारिक रूप से मजबूत आतंकी कम हैं। आतंकी धर्म पूछकर पहले भी मारते थे, पंजाब में सिखों को मारते थे, हिन्दू को छोड़ देते थे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के ट्रैप में देश को नहीं पड़ना चाहिए। पूर्व सीएम ने कहा कि सुरक्षा में कमी पर कमी रह जाती है, आज इस पर चर्चा करने की बजाय उचित समय का इंतजार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसी बातों से दुश्मन को फायदा मिलेगा। अलग-अलग भाषा बोलने का समय नहीं, यूनिटी का समय है। पाकिस्तान में फौज और सरकार में डिविजन है, हमें जानबूझकर विवाद में नहीं फंसना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। पाकिस्तान इस समय एक हो गया है, फौज, राजनीतिक दल में विवादों के बावजूद वो एक हो गए हैं। हमें भी एक रहना है, हमारे बीच का विभाजन पाकिस्तान को मौका देगा। उन्होंने कहा कि ऐसी कार्रवाई हो कि दुश्मन भी मर जाए और लाठी भी न टूटे। उन्होंने कहा कि संसद का सत्र बुलाया भी जाए, तो सभी दल सिर्फ इसी विषय पर केंद्रित रहें, बाकी वाद-विवाद अगले सत्र में हो सकता है। उन्होंने कहा कि जिसने घटना को अंजाम दिया, वो पाकिस्तानी मुस्लिम था। अगर हिन्दू मुसलमान भी होता, तो गुनाह सिर्फ व्यक्ति करता है, उसके गुनाह की सज़ा कौम को नहीं मिलनी चाहिए।



पाकिस्तान को सबक सिखाने का सही समय आ गया

## योगी सरकार का किसानों के लिए बड़ा ऐलान

# इजरायली तकनीक से दोगुनी होगी आमदनी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार खेती-किसानी को आधुनिक तकनीक से जोड़कर किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रही है। अब प्रदेश में इजरायल की अत्याधुनिक कृषि तकनीक की मदद से सब्जी उत्पादन में गुणात्मक और मात्रात्मक सुधार की तैयारी हो रही है। इस योजना के तहत राज्य में 26 करोड़ उन्नत पौध तैयार किए जाएंगे, जिससे किसानों को अधिक उपज मिलेगी और उनकी आमदनी में इजाफा होगा।

प्रदेश सरकार द्वारा कौशांबी में 'सेंटर आफ एक्सीलेंस फार फ्रूट्स' और चंदौली में 'सेंटर आफ एक्सीलेंस फॉर वेजिटेबल्स' की स्थापना की जा रही है। इसके साथ ही प्रदेश के हर जिले में दो-दो हाईटेक नर्सरियों की स्थापना की योजना है। कुल मिलाकर 150 हाईटेक नर्सरियों का नेटवर्क तैयार किया जा रहा है, जो किसानों को अच्छी क्वालिटी की पौध, प्रशिक्षण और आधुनिक खेती के सभी संसाधन उपलब्ध कराएगा। प्रदेश के उद्यान राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने जानकारी दी कि इन प्रयासों से किसानों की आय को दोगुना करने में मदद मिलेग। उन्होंने बताया कि ड्रिप और स्प्रिकलर सिंचाई के लिए किसानों को भारी सब्सिडी दी जा रही है। ड्रिप सिंचाई पर लघु व सीमांत किसानों को 90 प्रतिशत और अन्य को 80 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है। इसी तरह स्प्रिकलर सिस्टम पर 75 प्रतिशत से 65 प्रतिशत तक की सब्सिडी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि सरकार का फोकस इस समय खेती की लागत कम करने, उत्पादन बढ़ाने और किसानों को बेहतर मार्केटिंग सुविधाएं देने पर है। हाईटेक नर्सरियों और सेंटर आफ एक्सीलेंस के जरिए किसानों को बीज, पौध, उर्वरक, कीटनाशक, जैविक उत्पाद, जल प्रबंधन और बाजार से जुड़ी हर जानकारी सुलभ कराई जाएगी।



राज्य में 26 करोड़ उन्नत पौध तैयार किए जाएंगे

प्रदेश के हर जिले में दो-दो हाइटेक नर्सरियां स्थापित होंगी

## यूपी वालों को भी जारी होगा ई-पासपोर्ट

**लखनऊ।** यूपी के यात्रियों के लिए भी अब चिप लगे ई-पासपोर्ट उपलब्ध हो गए हैं। लगभग 3 साल के लंबे इंतजार के बाद इंडियन सिक्योरिटी प्रेस नासिक से ई-पासपोर्ट की खाली बुकलेट जारी होने के बाद ही इस नई सुविधा को अनौपचारिक रूप से शुरू कर दिया गया है। मई या जून तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरे देश में ई-पासपोर्ट की सुविधा को शुरू कर सकते हैं। हालांकि नए फीचर वाले ई-पासपोर्ट की जानकारी लेने के लिए आवेदक पासपोर्ट कार्यालय पहुंच रहे हैं। ई-पासपोर्ट को जारी करने के लिए पासपोर्ट सर्विस प्रोग्राम 2.0 सॉफ्टवेयर की मदद ली गई है। इस नए ई-पासपोर्ट में सुरक्षा से जुड़े 41 फीचर है, जो लोगों के काफी मददगार साबित होने वाली है, जो यात्रा के दौरान काफी समय बचाएंगे। पासपोर्ट सेवा केंद्र और पीओपीएसके में दस्तावेज की प्रक्रिया को पूरा करते समय आवेदक के डिजिटल हस्ताक्षर, चेहरे की फोटो, बायोमीट्रिक को चिप में सुरक्षित स्टोर किया जाएगा। इस नए ई-पासपोर्ट से इंटरनेशनल सिविल एविएशन ऑर्गेनाइजेशन ऐसे में इस नए ई-पासपोर्ट की सहायता से पासबुक दिखाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

## कब्जामुक्त कराएं जमीन, दबंगों को सिखाएं सबक: मुख्यमंत्री

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि गरीब और कमजोर वर्ग की जमीनों पर कब्जा करने वाले दबंगों को कड़ा सबक सिखाया जाए और जमीन को कब्जा मुक्त कराएं। मुख्यमंत्री ने बुधवार को यहां गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुन रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गरीबों की जमीन पर यदि किसी ने कब्जा किया है, तो तत्काल जमीन को कब्जा मुक्त कराने के साथ दबंगों को सबक सिखाया जाए। किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले बख्शे न जाएं।

उनके खिलाफ कानून सम्मत सख्त एक्शन लिया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने देने और हर व्यक्ति के जीवन में खुशहाली लाने को संकल्पित है। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को उन्होंने पूरी पारदर्शिता वह निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी मदद की जाए। जनता दर्शन के दौरान एक महिला ने जमीनी विवाद से जुड़ी समस्या मुख्यमंत्री को बताई। इस पर योगी ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही का निर्देश देते हुए महिला को भरोसा दिया कि उनके साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। मुख्यमंत्री का यह आश्वासन सुनते ही महिला ने भारी मन से एक और पीड़ा बता दी। कहा कि घर वापस जाने के लिए किराया नहीं है। महिला की यह बात सुन योगी ने कहा, परेशान मत होइए, घर जाने का किराया भी मिल जाएगा। इतना कहते ही उन्होंने मंदिर प्रबंधन से जुड़े लोगों से महिला को किराए की रकम देने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री के इस भावपूर्ण व्यवहार पर महिला करबद्ध होकर कृतज्ञता जताने लगी।

## अर्थ व्यापार

# बिकवाली से शेयर बाजार की तेजी थमी

मुंबई, वार्ता

विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर कमोडिटीज, इंडस्ट्रियल्स, पावर और सर्विसेज समेत पंद्रह समूहों में हुई बिकवाली से बुधवार को शेयर बाजार की लगातार दो दिनों की तेजी थम गई। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 46.14 अंक टूटकर 80,242.24 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 1.75 अंक फिसलकर 24334.20 अंक पर सपाट बंद हुआ। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में अधिक बिकवाली हुई। इससे मिडकैप 0.72 प्रतिशत लुढ़ककर 42,883.72 अंक और स्मॉलकैप 1.74 प्रतिशत का गोता लगाकर 47,400.31 अंक रह गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4063 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2938 में गिरावट जबकि 975 में तेजी रही वहीं 150 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए कुल 2927 कंपनियों के शेयर रखे गए, जिनमें से 2228 में बिकवाली जबकि 631 में लिवाली हुई वहीं 68 के भाव स्थिर रहे। बीएसई में 15 समूहों में बिकवाली हावी रही। इस दौरान कमोडिटीज 0.93, सीडी 0.45, ऊर्जा 0.10, एफएमसीजी 0.32, वित्तीय सेवाएं 0.72, इंडस्ट्रियल्स 1.20, आईटी 0.55, यूटिलिटीज 0.88, बैंकिंग 0.57, कैपिटल गुड्स 0.80, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.87, धातु 0.41, पावर 0.89, सर्विसेज 1.10 और फोकस्ड आईटी के शेयर 0.49 प्रतिशत टूट गए। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इससे ब्रिटेन का एफटीएसई 0.16, जर्मनी का डैक्स 0.59, जापान का निक्केई 0.57 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.51 प्रतिशत चढ़ गया। वहीं, चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.23 प्रतिशत की गिरावट रही। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 82 अंक की बढ़ोतरी लेकर 80,370.80 अंक पर खुला और दमदार लिवाली की बदौलत दोपहर बाद 80,525.61 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली होने से कारोबार के अंतिम चरण में यह 79,879.15 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया।



## धनखड़ करेंगे राज्यपाल पटेल की पुस्तक का विमोचन

**लखनऊ।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ गुरुवार को यहां उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के जीवन-वृत्तांत पर आधारित पुस्तक 'चुनौतियां मुझे पसंद है' का लोकार्पण करेंगे। यह गरिमामय कार्यक्रम डा. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ के पंडित अटल बिहारी वाजपेयी बहुउद्देशीय सभागार में संपन्न होगा। इस विशेष अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं ब्रजेश पाठक तथा राज्य मंत्रिमंडल के अन्य सदस्यगण, पद्म पुरस्कार विजेतागण, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारीगण, विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण, विद्यार्थी, अध्यापकगण तथा समाज के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े विशिष्ट जनों की उपस्थिति कार्यक्रम की गरिमा को और भी बढ़ाएगी।

# खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख, जिंसों में टिकाव

नई दिल्ली, वार्ता

विदेशी बाजारों में लगातार जारी गिरावट और स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा, जबकि अन्य जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन:** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 39 रिंगिट उतरकर 3971 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.31 सेंट की गिरावट लेकर 49.02 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। सरसों तेल 366 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया, जबकि मूंगफली तेल 733 और वनस्पति तेल 368 रुपये प्रति क्विंटल लुढ़क गया। वहीं सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड और पाम ऑयल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे।



इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5850-5950, दाल चना 6850-6950, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9650-9750, उड़द दाल 9150-9250, अरहर दाल 8400-8500 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3550-3650 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**देश में ....**

संख्या 69 पर अंकित है और यह केंद्र का विषय है। हालांकि, कई राज्यों ने सर्वे के माध्यम से जातियों की जनगणना की है। जहां कुछ राज्यों में यह कार्य सूचारू रूप से संपन्न हुआ है, वहीं कुछ अन्य राज्यों ने राजनीतिक दृष्टि से और गैरपारदर्शी ढंग से सर्वे किया है। इस प्रकार के सर्वे से समाज में भ्रांति फैली है। इन सभी स्थितियों को ध्यान में रखते हुए और यह सुनिश्चित करते हुए कि हमारा सामाजिक ताना बाना राजनीति के दबाव में न आए, जातियों की गणना एक सर्वे के स्थान पर मूल जनगणना में ही सम्मिलित होनी चाहिए। इससे यह सुनिश्चित होगा कि समाज आर्थिक और सामाजिक दृष्टि से मजबूत होगा और देश की भी प्रगति निर्बाध होती रहेगी।

श्री वैष्णव ने कहा कि दिनांक 30 अप्रैल 2025 के दिन प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में राजनीतिक विषयों की कैबिनेट समिति ने यह निर्णय लिया है कि जातियों की गणना को आने वाली जनगणना में सम्मिलित किया जाए। यह इस बात को दर्शाता है कि वर्तमान सरकार देश और समाज के सर्वांगीण हितों और मूल्यों के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी कहा कि इसके पहले भी जब समाज के गरीब वर्गों को 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया था, तो समाज के किसी घटक में कोई तनाव उत्पन्न नहीं हुआ था। उल्लेखनीय है कि सरकार के इस फैसले का बिहार विधानसभा के सितम्बर अक्टूबर में होने वाले चुनाव की दृष्टि से देखा जा रहा है जहां विपक्षी इंडी गठबंधन द्वारा उठाई गई जातीय जनगणना कराने की मांग जोर पकड़ रही है। केन्द्र की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार के इस फैसले को बिहार की राजनीति में उलटफेर करने वाला निर्णय माना जा रहा है।

**गंगोत्री के साथ...**

राज्य सरकार की सभी तैयारियां पूर्ण हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दोनों धामों में कपाटोद्घाटन समारोह में संकल्प लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम से पहली पूजा की और चारधाम यात्रा के सफल आयोजन तथा देश-प्रदेश की सुख समृद्धि एवं खुशहाली की मंगल कामना की है। पुष्कर सिंह धामी यमुनोत्री धाम के कपाटोद्घाटन में पहुंचने वाले पहले मुख्यमंत्री हैं। इस अवसर पर गंगोत्री एवं यमुनोत्री मंदिर के ऊपर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई। इस मौके पर तीर्थ पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ देवी की भोग मूर्ति (चल विग्रह) को गर्भगृह में स्थापित कर विधिपूर्वक पूजा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम से धाम में पहली पूजा संपन्न कराई गई। कपाट खुलते ही गंगोत्री धाम 'हर-हर गंगे' के जयकारों से गूंज उठा और मंदिर प्रांगण में फूलों की वर्षा की गई। धाम में उपस्थित तीर्थ यात्रियों और स्थानीय जनप्रतिनिधि इस अलौकिक दृश्य के साक्षी बने। इस दौरान तीर्थ पुरोहितों ने मुख्यमंत्री धामी के समक्ष झांगला मोटर मार्ग निर्माण की मांग भी रखी। गंगोत्री धाम में विशेष पूजा-अभिषेक के साथ पूर्वाह्न 10 बजकर 30 मिनट पर गंगोत्री मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोले गए। मां यमुना की डोली शनिदेव महाराज की अगुवाई में शीतकालीन प्रवास स्थल खरसाली से चलकर यमुनोत्री धाम पहुंची। धार्मिक विधि-विधान के साथ पूर्वाह्न 11 बजकर 55 मिनट पर यमुनोत्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोले गए। कपाट खुलने के अवसर पर देश विदेश से आए हजारों श्रद्धालुओं ने अखंड ज्योति के दर्शन किए तथा गंगा और यमुना में स्नान कर पुण्य अर्जित किया। चारधाम यात्रा की परंपरा वामावर्ती क्रम में होती है, जिसमें यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बदरीनाथ शामिल हैं।

गंगोत्री मंदिर समिति के अध्यक्ष धर्मानंद सेमवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष नागेंद्र सिंह चौहान, सचिव सुरेश सेमवाल, विधायक सुरेश चौहान, पूर्व विधायक विजय पाल सजवाण, मुख्यमंत्री के गढ़वाल समन्वयक किशोर भट्ट, जिलाधिकारी डा. मेहरबान सिंह बिष्ट, पुलिस अधीक्षक सरिता डोभाल, अपर जिलाधिकारी पी.एल. शाह, डुंडा के उपजिलाधिकारी देवानंद शर्मा, भटवाड़ी की उपजिलाधिकारी भटवाड़ी शालीन नेगी, पालिकाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौहान, रावल रवीन्द्र सेमवाल व संजीव सेमवाल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। यमुनोत्री धाम में कपाटोद्घाटन के अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी उत्तरकाशी एस.एल सेमवाल, उप जिलाधिकारी बृजेश कुमार तिवारी, यमुनोत्री मंदिर समिति के उपाध्यक्ष संजीव उनियाल , सचिव सुनील उनियाल खंड विकास अधिकारी नौगांव प्रकाश पंवार भी मौजूद थे।

**सिंधु जल संधि...**

इस मामले में थोड़ी भी लापरवाही गंभीर पर्यावरणीय संकट खड़ा कर सकती है। दरअसल, सिंधु महज एक नदी नहीं है। बल्कि एक प्रणाली है, जो अनेक छोटी बड़ी अंतराष्ट्रीय नदियों के अतिरिक्त चिनाब, झेलम, रावी, व्यास, सतलुज जैसी विशाल जल राशि वाली नदियों से मिलकर बनती है। इन पांचों नदियों को सम्मिलित रूप से 'पंचनद' कहा जाता है। साथ ही यह नदी प्रणाली लद्दाख व कश्मीर जैसे पारिस्थितिकी रूप से अति संवेदनशील क्षेत्र से होकर बहती है। यह क्षेत्र पहले से ही पर्यावरणविदों के लिए चिंता का विषय रहा है। भारत सरकार द्वारा सिंधु जल संधि को निलंबित करने की घोषणा ने पारिस्थितिकी विशेषज्ञों को एक बार फिर से चिंतित कर दिया है। उनका कहना है कि सिंधु नदी तंत्र प्रतिदिन भारी मात्रा में जलराशि का परिवहन करता है। जो प्राकृतिक रूप से तिब्बत से शुरू होकर भारत व पाकिस्तान के रास्ते बहते हुए अरब सागर में जाकर मिल जाता है।

ऐसे में यदि इसके मार्ग को अवरुद्ध करने का प्रयास किया गया तो यह पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में भयंकर बाढ़ व भूकंप जैसी गंभीर प्राकृतिक आपदाओं को दावत देना होगा। जिससे भारी जन-धन की हानि होगी। साथ ही हिमालय के प्राकृतिक पर्यावरण के लिए भारी असंतुलन उत्पन्न होगा। यह नदी अनेक वितरिकाओं में बंटकर अन्य मार्गों का अनुसरण करने लगेगी। जिससे लद्दाख, कश्मीर से लेकर पंजाब व हरियाणा तक की मानव बस्तियां खतरे में आ जाएंगी।

इतना ही नहीं दीर्घकाल में यह पूर्वोत्तर भारत में बहने वाली ब्रह्मपुत्र नदी को भी प्रभावित कर सकती है। क्योंकि सिंधु, सतलुज और ब्रह्मपुत्र नदियों के उत्पत्ति बिंदु लगभग एक ही हैं। जो तिब्बत क्षेत्र की मानसरोवर रेंज में स्थित हैं। यह तो साफ है कि सिंधु जल संधि अब भारत की मौजूदा जरूरतों से मेल नहीं खा रही थी। साथ ही पाकिस्तान की 'नापाक हरकतों' पर लगाम लगाने और उसे यह संदेश कि 'पानी और खून साथ साथ नहीं बह सकते', देने के लिए इस संधि का निलंबन जरूरी भी था, लेकिन जरूरी यह भी है कि भारत सरकार जल्दबाजी से बचते हुए बहुत सोच समझ कर विशेषज्ञों की राय से साथ इस दिशा में आगे बढ़े। ताकि हिमालय के अति संवेदनशील क्षेत्र में उत्पन्न होने वाले संभावित पारिस्थितिकी सरोकारों को न्यूनतम किया जा सके।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# अखिलेश व मायावती ने किया जातीय जनगणना का स्वागत

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ फ़ैसला 90 प्रतिशत पीडीए की एकजुटता की शत प्रतिशत जीत

■ बीएसपी इसकी मांग काफी लम्बे समय से करती रही थी



**लखनऊ।** उप्र में मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी (सपा) और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने केंद्र सरकार के जातीय जनगणना के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि यह देर से उठाया गया सही फैसला है।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि जाति जनगणना का फ़ैसला 90 प्रतिशत पीडीए की एकजुटता की शत प्रतिशत जीत है। हम सबके सम्मिलित दबाव से भाजपा सरकार मजबूरन ये निर्णय लेने को बाध्य हुई है। सामाजिक न्याय की लड़ाई में ये पीडीए की जीत का एक अतिमहत्वपूर्ण चरण है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार को ये चेतावनी है कि अपनी चुनावी धांधली को जाति जनगणना से दूर रखे। एक ईमानदार जनगणना ही हर जाति को अपनी-अपनी जनसंख्या के अनुपात में अपना वो अधिकार और हक दिलवाएगी, जिस पर अब तक वर्चस्ववादी फन मारकर बैठे थे। ये अधिकारों के सकारात्मक लोकतांत्रिक आंदोलन का पहला चरण है और भाजपा की नकारात्मक राजनीति का अंतिम। भाजपा की प्रभुत्ववादी सोच का अंत होकर ही रहेगा। संविधान के आगे मनविधान लंबे समय तक चल भी नहीं सकता है। ये इंडिया की जीत है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि देश में मूल जनगणना के साथ ही जातीय जनगणना कराने का केन्द्र सरकार द्वारा आज लिया गया फैसला काफी देर से उठाया गया सही दिशा में कदम। इसका स्वागत। बीएसपी इसकी मांग काफी लम्बे समय से करती रही है। उम्मीद है कि सरकार जनगणना से जनकल्याण के इस फैसले को समय से जरूर पूरा कराएगी।

## योगी ने किया फैसले का स्वागत

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्र सरकार के जाति जनगणना के फैसले का स्वागत किया है। योगी ने एक्स पर लिखा कि 140 करोड़ देशवासियों के समग्र हित में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सीसीपीए द्वारा जाति जनगणना को आगामी जनगणना में शामिल किए जाने का निर्णय अभूतपूर्व एवं स्वागत योग्य है। वंचित, पिछड़े और उपेक्षित वर्गों को सही पहचान और सरकारी योजनाओं में उनकी उचित भागीदारी दिलाने की दिशा में यह एक निर्णायक पहल है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी का हार्दिक आभार, जिनके नेतृत्व में भाजपा सरकार ने सामाजिक न्याय और डेटा-आधारित सुशासन को वास्तविकता में बदलने का यह ऐतिहासिक निर्णय लिया है।

## भाजपा ने की अखिलेश की निंदा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के साथ तस्वीर वाले पोस्टर छपवाने की कड़ी निंदा की है और कहा है कि आरक्षण विरोधी एवं बाबा साहब की विरोधी कांग्रेस से समझौता करने वाली सपा का साथ दलित कभी नहीं दे सकते हैं। केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता अर्जुन राम मेघवाल ने बुधवार को यहां अपने आवास पर मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने दलित वोट बैंक की खातिर अपनी तस्वीर को बाबा साहब डा. भीम राव अंबेडकर के साथ जोड़कर बाबा साहब का अपमान किया है। यादव ने पिछड़ा (ओबीसी) आरक्षण के घोर विरोधी एवं बाबा साहब को संसद पहुंचने से रोकने वाली कांग्रेस पार्टी से गठबंधन किया, इसलिए दलित समाज उनका कभी भी साथ नहीं देगा।

# जाति जनगणना कराना सही कदम शुरू से रही हमारी यह मांगः खड़गे

नई दिल्ली, वार्ता



■ मैंने कई बार मामला संसद में उठाया, पीएम को पत्र भी लिखा

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने जाति जनगणना कराने के सरकार के फैसले को सही ठहराते हुए बुधवार को कहा कि कांग्रेस शुरू से यही मांग कर रही है और सरकार ने इसे पूरा कर अच्छा कदम उठाया है।

खड़गे ने कहा कि कांग्रेस ने लगातार जातिगत जनगणना की मांग उठाई थी, जिसके सबसे मुखर पक्षधर पार्टी नेता राहुल गांधी रहे। आज मोदी सरकार ने जनगणना के साथ जातिगत जनगणना कराने की घोषणा की है। ये सही कदम है, जिसकी हम पहले दिन से मांग कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मैंने कई बार इसे संसद में उठाया और प्रधानमंत्री जी को पत्र भी लिखा। इंडिया गठबंधन के नेताओं ने भी कई बार जातिगत जनगणना की मांग की है और लोकसभा चुनाव में ये अहम मुद्दा बना। बार-बार प्रधानमंत्री मोदी सामाजिक न्याय की इस नीति को लागू करने से बचते रहे और विपक्ष पर समाज को बांटने का झूठा आरोप लगाते रहे। जातिगत जनगणना के अभाव में सार्थक सामाजिक न्याय और सशक्तिकरण कार्यक्रमों का क्रियान्वयन अधूरा है, इसीलिए ये सभी वर्गों के लिए ज़रूरी है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि जनगणना के लिए इस साल के बजट में भी केवल 575 करोड़ रुपये का आवंटन है, इसलिए ये सवाल मुनासिब है कि सरकार इसको कैसे और कब पूरा करेगी। कांग्रेस पार्टी ये मांग करती है कि मोदी सरकार जल्द से जल्द बजट का प्रावधान कर जनगणना और जातिगत जनगणना का काम पूरी पारदर्शिता के साथ चालू करे। जातिगत जनगणना ज़रूरी है, हिस्सेदारी न्याय के बिना सबकी प्रगति अधूरी है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रतापगढ़ में सपा नेता की सात करोड़ की संपत्ति कुर्क

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिला प्रशासन ने समाजवादी पार्टी के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष गुलशन यादव की आपराधिक कृत्य से अर्जित सात करोड़ रुपये की चल अचल संपत्ति तत्काल प्रभाव से कुर्क करने का आदेश जारी किया है। जिला मजिस्ट्रेट शिव सहाय अवस्थी ने सपा नेता गुलशन यादव की अवैध स्रोतों से अर्जित चल-अचल सम्पत्ति/ आवासीय जमीन तत्काल प्रभाव से कुर्क करने का आदेश जारी किया है, एएसपी पश्चिमी संजय राय ने बुधवार को बताया है कि यह कार्यवाही उत्तर प्रदेश गिरोह बंद एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम 1986 के तहत की गई है।

### मोदी आज जाएंगे महाराष्ट्र, केरल और आंध्र के दौरे पर

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल से महाराष्ट्र, केरल और आंध्र प्रदेश के दो दिन के दौरे पर जाएंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार मोदी गुरुवार को मुंबई में विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वह केरल जाएंगे और शुक्रवार को विझिंजम इंटरनेशनल डीपवाटर मल्टीपर्पज सीपोर्ट को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इस अवसर पर वह उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगे। प्रधानमंत्री बाद में आंध्र प्रदेश जाएंगे और अमरावती में 58,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

### सिलचर से शिलांग के बीच गलियारे को केन्द्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी

**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने असम के सिलचर से मेघालय के शिलांग के बीच 22 हजार 864 करोड़ रूपये की लागत से राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या छह के 166.80 किलोमीटर लंबे गलियारे के हिस्से के विकास, रख रखाव और प्रबंधन के प्रस्ताव को बुधवार को मंजूरी दे दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में यहां हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बैठक के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी।

# विवाद में न पड़ें, एक होकर रहेंः गुलाम नबी

श्रीनगर, वार्ता



■ पाकिस्तान को सबक सिखाने का सही समय आ गया

इस समय देश पहलगाम हमले का दंश झेल रहा है और पाकिस्तान के खिलाफ रणनीति तैयार करने में जुटा हुआ है। इस बीच जम्मू कश्मीर के पूर्व सीएम गुलाम नबी आजाद ने कहा कि 8 दिन हो गए, अब बहुत हो गया, अब कोई न कोई कार्रवाई करनी ही चाहिए। पाकिस्तान को ऐसा सबक सिखाना चाहिए कि वह सात जन्मों तक याद रखे। उन्होंने कहा कि सरकार ने कल सेना को पूरी छूट देकर अच्छा फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि मल्टी प्रोन स्ट्रैटेजी से आतंकी घटनाएं कम होंगी, एक ही साथ कई मोर्चों पर काम करना होगा।

उन्होंने कहा कि अधिकतर लोग जो आतंकी घटना में पाए जाते हैं, वो गरीब और बेरोजगार होते हैं। वैचारिक रूप से मजबूत आतंकी कम हैं। आतंकी धर्म पूछकर पहले भी मारते थे, पंजाब में सिखों को मारते थे, हिन्दू को छोड़ देते थे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के ट्रैप में देश को नहीं पड़ना चाहिए। पूर्व सीएम ने कहा कि सुरक्षा में कमी पर कमी रह जाती है, आज इस पर चर्चा करने की बजाय उचित समय का इंतजार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसी बातों से दुश्मन को फायदा मिलेगा। अलग-अलग भाषा बोलने का समय नहीं, यूनिटी का समय है। पाकिस्तान में फौज और सरकार में डिविजन है, हमें जानबूझकर विवाद में नहीं फंसना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। पाकिस्तान इस समय एक हो गया है, फौज, राजनीतिक दल में विवादों के बावजूद वो एक हो गए हैं। हमें भी एक रहना है, हमारे बीच का विभाजन पाकिस्तान को मौका देगा। उन्होंने कहा कि ऐसी कार्रवाई हो कि दुश्मन भी मर जाए और लाठी भी न टूटे। उन्होंने कहा कि संसद का सत्र बुलाया भी जाए, तो सभी दल सिर्फ इसी विषय पर केंद्रित रहें, बाकी वाद-विवाद अगले सत्र में हो सकता है। उन्होंने कहा कि जिसने घटना को अंजाम दिया, वो पाकिस्तानी मुस्लिम था। अगर हिन्दू मुसलमान भी होता, तो गुनाह सिर्फ व्यक्ति करता है, उसके गुनाह की सज़ा कौम को नहीं मिलनी चाहिए।

## योगी सरकार का किसानों के लिए बड़ा ऐलान

# इजरायली तकनीक से दोगुनी होगी आमदनी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ राज्य में 26 करोड़ उन्नत पौध तैयार किए जाएंगे

■ प्रदेश के हर जिले में दो-दो हाइटेक नर्सरियां स्थापित होंगी

**लखनऊ।** यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार खेती-किसानी को आधुनिक तकनीक से जोड़कर किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रही है। अब प्रदेश में इजरायल की अत्याधुनिक कृषि तकनीक की मदद से सब्जी उत्पादन में गुणात्मक और मात्रात्मक सुधार की तैयारी हो रही है। इस योजना के तहत राज्य में 26 करोड़ उन्नत पौध तैयार किए जाएंगे, जिससे किसानों को अधिक उपज मिलेगी और उनकी आमदनी में इजाफा होगा।

प्रदेश सरकार द्वारा कौशांबी में 'सेंटर आफ एक्सीलेंस फार फ्रूट्स' और चंदौली में 'सेंटर आफ एक्सीलेंस फॉर वेजिटेबल्स' की स्थापना की जा रही है। इसके साथ ही प्रदेश के हर जिले में दो-दो हाईटेक नर्सरियों की स्थापना की योजना है। कुल मिलाकर 150 हाईटेक नर्सरियों का नेटवर्क तैयार किया जा रहा है, जो किसानों को अच्छी क्वालिटी की पौध, प्रशिक्षण और आधुनिक खेती के सभी संसाधन उपलब्ध कराएगा। प्रदेश के उद्यान राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने जानकारी दी कि इन प्रयासों से किसानों की आय को दोगुना करने में मदद मिलेग। उन्होंने बताया कि ड्रिप और स्प्रिकलर सिंचाई के लिए किसानों को भारी सब्सिडी दी जा रही है। ड्रिप सिंचाई पर लघु व सीमांत किसानों को 90 प्रतिशत और अन्य को 80 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है। इसी तरह स्प्रिकलर सिस्टम पर 75 प्रतिशत से 65 प्रतिशत तक की सब्सिडी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि सरकार का फोकस इस समय खेती की लागत कम करने, उत्पादन बढ़ाने और किसानों को बेहतर मार्केटिंग सुविधाएं देने पर है। हाईटेक नर्सरियों और सेंटर आफ एक्सीलेंस के जरिए किसानों को बीज, पौध, उर्वरक, कीटनाशक, जैविक उत्पाद, जल प्रबंधन और बाजार से जुड़ी हर जानकारी सुलभ कराई जाएगी।

## यूपी वालों को भी जारी होगा ई-पासपोर्ट

**लखनऊ।** यूपी के यात्रियों के लिए भी अब चिप लगे ई-पासपोर्ट उपलब्ध हो गए हैं। लगभग 3 साल के लंबे इंतजार के बाद इंडियन सिक्योरिटी प्रेस नासिक से ई-पासपोर्ट की खाली बुकलेट जारी होने के बाद ही इस नई सुविधा को अनौपचारिक रूप से शुरू कर दिया गया है। मई या जून तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरे देश में ई-पासपोर्ट की सुविधा को शुरू कर सकते हैं। हालांकि नए फीचर वाले ई-पासपोर्ट की जानकारी लेने के लिए आवेदक पासपोर्ट कार्यालय पहुंच रहे हैं। ई-पासपोर्ट को जारी करने के लिए पासपोर्ट सर्विस प्रोग्राम 2.0 सॉफ्टवेयर की मदद ली गई है। इस नए ई-पासपोर्ट में सुरक्षा से जुड़े 41 फीचर है, जो लोगों के काफी मददगार साबित होने वाली है, जो यात्रा के दौरान काफी समय बचाएंगे। पासपोर्ट सेवा केंद्र और पीओपीएसके में दस्तावेज की प्रक्रिया को पूरा करते समय आवेदक के डिजिटल हस्ताक्षर, चेहरे की फोटो, बायोमीट्रिक को चिप में सुरक्षित स्टोर किया जाएगा। इस नए ई-पासपोर्ट से इंटरनेशनल सिविल एविएशन ऑर्गेनाइजेशन ऐसे में इस नए ई-पासपोर्ट की सहायता से पासबुक दिखाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

## कब्जामुक्त कराएं जमीन, दबंगों को सिखाएं सबकः मुख्यमंत्री

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि गरीब और कमजोर वर्ग की जमीनों पर कब्जा करने वाले दबंगों को कड़ा सबक सिखाया जाए और जमीन को कब्जा मुक्त कराएं। मुख्यमंत्री ने बुधवार को यहां गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुन रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गरीबों की जमीन पर यदि किसी ने कब्जा किया है, तो तत्काल जमीन को कब्जा मुक्त कराने के साथ दबंगों को सबक सिखाया जाए। किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले बख्शे न जाएं।

उनके खिलाफ कानून सम्मत सख्त एक्शन लिया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने देने और हर व्यक्ति के जीवन में खुशहाली लाने को संकल्पित है। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को उन्होंने पूरी पारदर्शिता वह निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी मदद की जाए। जनता दर्शन के दौरान एक महिला ने जमीनी विवाद से जुड़ी समस्या मुख्यमंत्री को बताई। इस पर योगी ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही का निर्देश देते हुए महिला को भरोसा दिया कि उनके साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। मुख्यमंत्री का यह आश्वासन सुनते ही महिला ने भारी मन से एक और पीड़ा बता दी। कहा कि घर वापस जाने के लिए किराया नहीं है। महिला की यह बात सुन योगी ने कहा, परेशान मत होइए, घर जाने का किराया भी मिल जाएगा। इतना कहते ही उन्होंने मंदिर प्रबंधन से जुड़े लोगों से महिला को किराए की रकम देने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री के इस भावपूर्ण व्यवहार पर महिला करबद्ध होकर कृतज्ञता जताने लगी।

## अर्थ व्यापार

# बिकवाली से शेयर बाजार की तेजी थमी

मुंबई, वार्ता



विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर कमोडिटीज, इंडस्ट्रियल्स, पावर और सर्विसेज समेत पंद्रह समूहों में हुई बिकवाली से बुधवार को शेयर बाजार की लगातार दो दिनों की तेजी थम गई। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 46.14 अंक टूटकर 80,242.24 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 1.75 अंक फिसलकर 24334.20 अंक पर सपाट बंद हुआ। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में अधिक बिकवाली हुई। इससे मिडकैप 0.72 प्रतिशत लुढ़ककर 42,883.72 अंक और स्मॉलकैप 1.74 प्रतिशत का गोता लगाकर 47,400.31 अंक रह गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4063 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2938 में गिरावट जबकि 975 में तेजी रही वहीं 150 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए कुल 2927 कंपनियों के शेयर रखे गए, जिनमें से 2228 में बिकवाली जबकि 631 में लिवाली हुई वहीं 68 के भाव स्थिर रहे। बीएसई में 15 समूहों में बिकवाली हावी रही। इस दौरान कमोडिटीज 0.93, सीडी 0.45, ऊर्जा 0.10, एफएमसीजी 0.32, वित्तीय सेवाएं 0.72, इंडस्ट्रियल्स 1.20, आईटी 0.55, यूटिलिटीज 0.88, बैंकिंग 0.57, कैपिटल गुड्स 0.80, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.87, धातु 0.41, पावर 0.89, सर्विसेज 1.10 और फोकस्ड आईटी के शेयर 0.49 प्रतिशत टूट गए। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इससे ब्रिटेन का एफटीएसई 0.16, जर्मनी का डैक्स 0.59, जापान का निक्केई 0.57 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.51 प्रतिशत चढ़ गया। वहीं, चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.23 प्रतिशत की गिरावट रही। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 82 अंक की बढ़ोतरी लेकर 80,370.80 अंक पर खुला और दमदार लिवाली की बदौलत दोपहर बाद 80,525.61 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली होने से कारोबार के अंतिम चरण में यह 79,879.15 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया।

## धनखड़ करेंगे राज्यपाल पटेल की पुस्तक का विमोचन

**लखनऊ।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ गुरुवार को यहां उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के जीवन-वृत्तांत पर आधारित पुस्तक 'चुनौतियां मुझे पसंद है' का लोकार्पण करेंगे। यह गरिमामय कार्यक्रम डा. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ के पंडित अटल बिहारी वाजपेयी बहुउद्देशीय सभागार में संपन्न होगा। इस विशेष अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं ब्रजेश पाठक तथा राज्य मंत्रिमंडल के अन्य सदस्यगण, पद्म पुरस्कार विजेतागण, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारीगण, विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण, विद्यार्थी, अध्यापकगण तथा समाज के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े विशिष्ट जनों की उपस्थिति कार्यक्रम की गरिमा को और भी बढ़ाएगी।

# खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख, जिंसों में टिकाव

नई दिल्ली, वार्ता



विदेशी बाजारों में लगातार जारी गिरावट और स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा, जबकि अन्य जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहनः** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 39 रिंगिट उतरकर 3971 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.31 सेंट की गिरावट लेकर 49.02 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। सरसों तेल 366 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया, जबकि मूंगफली तेल 733 और वनस्पति तेल 368 रुपये प्रति क्विंटल लुढ़क गया। वहीं सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड और पाम ऑयल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनीः मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहनः दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। अनाजः अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे।

इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे :- दाल-दलहनः चना 5850-5950, दाल चना 6850-6950, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9650-9750, उड़द दाल 9150-9250, अरहर दाल 8400-8500 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3550-3650 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ः चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**देश में ....**

संख्या 69 पर अंकित है और यह केंद्र का विषय है। हालांकि, कई राज्यों ने सर्वे के माध्यम से जातियों की जनगणना की है। जहां कुछ राज्यों में यह कार्य सूचारू रूप से संपन्न हुआ है, वहीं कुछ अन्य राज्यों ने राजनीतिक दृष्टि से और गैरपारदर्शी ढंग से सर्वे किया है। इस प्रकार के सर्वे से समाज में भ्रांति फैली है। इन सभी स्थितियों को ध्यान में रखते हुए और यह सुनिश्चित करते हुए कि हमारा सामाजिक ताना बाना राजनीति के दबाव में न आए, जातियों की गणना एक सर्वे के स्थान पर मूल जनगणना में ही सम्मिलित होनी चाहिए। इससे यह सुनिश्चित होगा कि समाज आर्थिक और सामाजिक दृष्टि से मजबूत होगा और देश की भी प्रगति निर्बाध होती रहेगी।

श्री वैष्णव ने कहा कि दिनांक 30 अप्रैल 2025 के दिन प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में राजनीतिक विषयों की कैबिनेट समिति ने यह निर्णय लिया है कि जातियों की गणना को आने वाली जनगणना में सम्मिलित किया जाए। यह इस बात को दर्शाता है कि वर्तमान सरकार देश और समाज के सर्वांगीण हितों और मूल्यों के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी कहा कि इसके पहले भी जब समाज के गरीब वर्गों को 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया था, तो समाज के किसी घटक में कोई तनाव उत्पन्न नहीं हुआ था। उल्लेखनीय है कि सरकार के इस फैसले का बिहार विधानसभा के सितम्बर अक्टूबर में होने वाले चुनाव की दृष्टि से देखा जा रहा है जहां विपक्षी इंडी गठबंधन द्वारा उठाई गई जातीय जनगणना कराने की मांग जोर पकड़ रही है। केन्द्र की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार के इस फैसले को बिहार की राजनीति में उलटफेर करने वाला निर्णय माना जा रहा है।

**गंगोत्री के साथ...**

राज्य सरकार की सभी तैयारियां पूर्ण हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दोनों धामों में कपाटोद्घाटन समारोह में संकल्प लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम से पहली पूजा की और चारधाम यात्रा के सफल आयोजन तथा देश-प्रदेश की सुख समृद्धि एवं खुशहाली की मंगल कामना की है। पुष्कर सिंह धामी यमुनोत्री धाम के कपाटोद्घाटन में पहुंचने वाले पहले मुख्यमंत्री हैं। इस अवसर पर गंगोत्री एवं यमुनोत्री मंदिर के ऊपर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई। इस मौके पर तीर्थ पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ देवी की भोग मूर्ति (चल विग्रह) को गर्भगृह में स्थापित कर विधिपूर्वक पूजा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम से धाम में पहली पूजा संपन्न कराई गई। कपाट खुलते ही गंगोत्री धाम 'हर-हर गंगे' के जयकारों से गूंज उठा और मंदिर प्रांगण में फूलों की वर्षा की गई। धाम में उपस्थित तीर्थ यात्रियों और स्थानीय जनप्रतिनिधि इस अलौकिक दृश्य के साक्षी बने। इस दौरान तीर्थ पुरोहितों ने मुख्यमंत्री धामी के समक्ष झांगला मोटर मार्ग निर्माण की मांग भी रखी। गंगोत्री धाम में विशेष पूजा-अभिषेक के साथ पूर्वाह्न 10 बजकर 30 मिनट पर गंगोत्री मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोले गए। मां यमुना की डोली शनिदेव महाराज की अगुवाई में शीतकालीन प्रवास स्थल खरसाली से चलकर यमुनोत्री धाम पहुंची। धार्मिक विधि-विधान के साथ पूर्वाह्न 11 बजकर 55 मिनट पर यमुनोत्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोले गए। कपाट खुलने के अवसर पर देश विदेश से आए हजारों श्रद्धालुओं ने अखंड ज्योति के दर्शन किए तथा गंगा और यमुना में स्नान कर पुण्य अर्जित किया। चारधाम यात्रा की परंपरा वामावर्ती क्रम में होती है, जिसमें यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बदरीनाथ शामिल हैं।

गंगोत्री मंदिर समिति के अध्यक्ष धर्मानंद सेमवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष नागेंद्र सिंह चौहान, सचिव सुरेश सेमवाल, विधायक सुरेश चौहान, पूर्व विधायक विजय पाल सजवाण, मुख्यमंत्री के गढ़वाल समन्वयक किशोर भट्ट, जिलाधिकारी डा. मेहरबान सिंह बिष्ट, पुलिस अधीक्षक सरिता डोभाल, अपर जिलाधिकारी पी.एल. शाह, डुंडा के उपजिलाधिकारी देवानंद शर्मा, भटवाड़ी की उपजिलाधिकारी भटवाड़ी शालीन नेगी, पालिकाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौहान, रावल रवीन्द्र सेमवाल व संजीव सेमवाल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। यमुनोत्री धाम में कपाटोद्घाटन के अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी उत्तरकाशी एस.एल सेमवाल, उप जिलाधिकारी बृजेश कुमार तिवारी, यमुनोत्री मंदिर समिति के उपाध्यक्ष संजीव उनियाल, सचिव सुनील उनियाल खंड विकास अधिकारी नौगांव प्रकाश पंवार भी मौजूद थे।

**सिंधु जल संधि...**

इस मामले में थोड़ी भी लापरवाही गंभीर पर्यावरणीय संकट खड़ा कर सकती है। दरअसल, सिंधु महज एक नदी नहीं है। बल्कि एक प्रणाली है, जो अनेक छोटी बड़ी अंतराष्ट्रीय नदियों के अतिरिक्त चिनाब, झेलम, रावी, व्यास, सतलुज जैसी विशाल जल राशि वाली नदियों से मिलकर बनती है। इन पांचों नदियों को सम्मिलित रूप से 'पंचनद' कहा जाता है। साथ ही यह नदी प्रणाली लद्दाख व कश्मीर जैसे पारिस्थितिकी रूप से अति संवेदनशील क्षेत्र से होकर बहती है। यह क्षेत्र पहले से ही पर्यावरणविदों के लिए चिंता का विषय रहा है। भारत सरकार द्वारा सिंधु जल संधि को निलंबित करने की घोषणा ने पारिस्थितिकी विशेषज्ञों को एक बार फिर से चिंतित कर दिया है। उनका कहना है कि सिंधु नदी तंत्र प्रतिदिन भारी मात्रा में जलराशि का परिवहन करता है। जो प्राकृतिक रूप से तिब्बत से शुरू होकर भारत व पाकिस्तान के रास्ते बहते हुए अरब सागर में जाकर मिल जाता है।

ऐसे में यदि इसके मार्ग को अवरुद्ध करने का प्रयास किया गया तो यह पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में भयंकर बाढ़ व भूकंप जैसी गंभीर प्राकृतिक आपदाओं को दावत देना होगा। जिससे भारी जन-धन की हानि होगी। साथ ही हिमालय के प्राकृतिक पर्यावरण के लिए भारी असंतुलन उत्पन्न होगा। यह नदी अनेक वितरिकाओं में बंटकर अन्य मार्गों का अनुसरण करने लगेगी। जिससे लद्दाख, कश्मीर से लेकर पंजाब व हरियाणा तक की मानव बस्तियां खतरे में आ जाएंगी।

इतना ही नहीं दीर्घकाल में यह पूर्वोत्तर भारत में बहने वाली ब्रह्मपुत्र नदी को भी प्रभावित कर सकती है। क्योंकि सिंधु, सतलुज और ब्रह्मपुत्र नदियों के उत्पत्ति बिंदु लगभग एक ही हैं। जो तिब्बत क्षेत्र की मानसरोवर रेंज में स्थित हैं। यह तो साफ है कि सिंधु जल संधि अब भारत की मौजूदा जरूरतों से मेल नहीं खा रही थी। साथ ही पाकिस्तान की 'नापाक हरकतों' पर लगाम लगाने और उसे यह संदेश कि 'पानी और खून साथ साथ नहीं बह सकते', देने के लिए इस संधि का निलंबन जरूरी भी था, लेकिन जरूरी यह भी है कि भारत सरकार जल्दबाजी से बचते हुए बहुत सोच समझ कर विशेषज्ञों की राय से साथ इस दिशा में आगे बढ़े। ताकि हिमालय के अति संवेदनशील क्षेत्र में उत्पन्न होने वाले संभावित पारिस्थितिकी सरोकारों को न्यूनतम किया जा सके।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काज़ीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# अलीशेर ने अभिषेक बनकर युवती का किया अपहरण

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** मुस्लिम सम्प्रदाय का युवक अपना नाम हिन्दू धर्म का बताकर हिन्दू धर्म की एक युवती को बहला फुसलाकर ले गया। परिजनों ने पुलिस को तहरीर दी, जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मात्र 12 घंटे के भीतर ही आरोपी को गिरफ्तार करते हुए युवती को बरामद कर लिया। पुलिस ने आरोपी युवक को चालान करके कोर्ट में प्रस्तुत किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के एक ग्राम निवासी व्यक्ति की पुत्री नगर के एक मोहल्ले में अपनी बड़ी बहन के घर पर रहती थी। बताते हैं कि उसके सम्पर्क में एक मुस्लिम युवक आया, मगर उसने अपना नाम हिन्दु धर्म का अभिषेक बताया। बताते हैं कि 28 अप्रैल को युवक, युवती को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर युवती की बरामदगी की मांग की, संदेह के आधार पर युवक के बारे में भी बताया। पुलिस ने मात्र 12 घंटे के भीतर ही आरोपी युवक अलीशेर उर्फ अभिषेक उर्फ दानिश पुत्र महताब निवासी ग्राम चांदनगर थाना रजबपुर जनपद अमरोहा को गिरफ्तार करते हुए युवती को सकुशल बरामद किया। पुलिस ने युवक चालान करके कोर्ट में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक अतवीर सिंह व सतवीर सिंह, आरक्षी सुमित कुमार व महिला कांस्टेबल असमन खातून सम्मिलित रहे।

■ **पुलिस ने युवती को सकुशल किया बरामद**






■ मंडी धनौरा। विवाहिता की मौत के बाद मौके पर जमा ग्रामीण व जांच करती पुलिस।

# हादसे में घायल फैक्ट्री श्रमिक की उपचार के दौरान मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** फैक्ट्री से ड्यूटी करके लौटते समय अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल श्रमिक की उपचार के दौरान मेरठ के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। घटना से परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई। घटना 11 अप्रैल की रात को हुई थी। पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत करके अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। मोहल्ला विजयनगर निवासी श्रमिक अनूप सिंह पुत्र धर्मपाल सिंह 11 अप्रैल की रात को करीब पौने नौ बजे बेस्ट क्रॉप साइंस प्राईवेट लिमिटेड से ड्यूटी करके बाइक से घर वापस लौट रहे थे। कुछ ही दूर चलकर तिगरिया मोड़ पर ही पहुंचे थे कि अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर अनूप सिंह को गंभीर रूप से घायल कर दिया। परि. जनों ने कुछ दिन अनूप सिंह को मुरादाबाद में भर्ती रखा मगर सुधार न होने पर मेरठ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां बुधवार को उनकी मौत हो गई। मृतक के भाई धर्मपाल सिंह निवासी ग्राम मुराहट थाना शिवाला कलां जनपद बिजनौर की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## अनियंत्रित होकर फिसली स्कूटी दादा, पोता व पोती घायल

■ **कार से बचाने के प्रयास में हुआ हादसा**

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** तेज रफ्तार कार से बचाने के प्रयास में एक स्कूटी अनियंत्रित होकर फिसल गई। हादसे में दादा व पोता पोती को घायल हो गए। घटना के वक्त दादा पोता पोती को स्कूल छोड़ने जा रहे थे। भानपुर निवासी ऋषिपाल सिंह बुधवार की सुबह स्कूटी से अपने पोते मनप्रीत व पोती दीपिका को छोड़ने के लिये स्कूल जा रहे थे।



तभी एक कार ने अचानक तेजी से ओवरटेक किया, जिससे बचाने के प्रयास में स्कूटी फिसल गई और ऋषिपाल सिंह, मनप्रीत और दीपिका घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# फांसी पर झूलता मिला विवाहिता का शव

**शाह टाइम्स ब्यूरो,**

**धनौरा।** दहेज की मांग पूरी न होने पर पति व ससुराल पक्ष के लोगों पर विवाहिता की फांसी लगाकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए मायके पक्ष के लोगों ने पुलिस को तहरीर सौंपी है। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल करते हुए अग्रिम कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। जानकारी के अनुसार थाना नौगावां सादात के ग्राम धनौरी मीर निवासी राम सिंह पुत्र शिवचरन ने एक वर्ष पूर्व 03.03.2024 को अपनी बेटी जोनी उर्फ ज्योति की शादी धनौरा के मोहल्ला गांधीनगर निवासी उमेश पुत्र जगदीश के साथ की थी। राम सिंह के द्वारा शादी में उपहार स्वरूप काफी पैसे व्यय किए गए थे। पचास हजार रूपये की नगदी, अन्य घरेलु सामान सहित आभूषण आदि भी दिए गए थे मगर बाबजूद इसके जोनी के पति उमेश और ससुराल पक्ष के लोगों को दहेज कम ही लगता था और वे आए दिन जोनी को दहेज के लिये परेशान करते थे। बुधवार को जोनी उर्फ ज्योति फांसी के फंदे पर झूलती मिली। राम सिंह ने थाना पुलिस को तहरीर देकर जोनी के पति उमेश, जेठ राकेश व रवि व ससुर जगदीश पुत्र फूल सिंह पर अपनी पुत्री की हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल करते हुए अग्रिम कार्रवाई प्रारंभ कर दी है।



■ **पिता ने सौंपी पुलिस को तहरीर**

# गन्ने के खेत में मिला महिला का शव

## नहीं हो सकी शिनाख्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** गन्ने के खेत में महिला का शव मिलने से हड़कम्प मच गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। समाचार लिखे जाने तक मृतका की शिनाख्त नहीं हो सकी थी। पुलिस ने शव मोर्चरी में रखवा दिया है।

मामला अमरोहा देहात थानाक्षेत्र के हासमपुर गांव के जंगल का है। बुधवार की दोपहर ग्रामीण खेतों की तरफ पहुंचे तो गन्ने के खेत में कोट-पैंट का कवर पड़ा देखा। जिसमें दुर्गंध आ रही थी। ग्रामीणों ने कवर की चेन खोलकर देखी को उसे महिला का शव निकला। कई दिन पुराना होने के कारण शव सड़-गल चुका था। थोड़ी देर में आस-पास के ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही देहात थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। काफी मशक्कत के बाद भी मृतक महिला की पहचान नहीं हो सकी। स्थानीय लोगों ने भी महिला को पहचानने से इनकार कर दिया। पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम हाउस पर मोर्चरी में रखवा दिया है। पुलिस ने सभी थानों को महिला की फोटो भेज कर गुमशुदगी से मिलान कराने के लिए कहा है। जिससे उसकी पहचान हो सके। सीओ अवध भान भदोरिया ने बताया कि महिला का शव कई दिन पुराना है। पूरी सड़-गल चुका है। महिला की मौत कैसे हुई यह स्पष्ट नहीं हो सका है। फिलहाल, शव को मोर्चरी में रखवा दिया है। शव के पहचान कराने के प्रयास किए जा रहे है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# गर्भवती विवाहिता को दहेज के लिए निकाला

## पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** ससुराल वालों ने विवाहिता को दहेज के लिए शारी. रिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। विरोध करने पर मारपीट की और गर्भावस्था में घर से निकाल दिया। मामले में पुलिस ने हरियाणा के रहने वाले पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

डिडौली कोतवाली क्षेत्र के सलारपुर माफी में अशोक कुमार का परिवार रहता है। उन्होंने अपनी बेटी समीक्षा की शादी 3 दिसंबर 2022 को हरियाणा में रोहतक जनपद के बहाली आनंदपुर के रहने वाले मनदीप कुमार के साथ की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले समीक्षा को दहेज के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। विरोध करने पर मारपीट करते थे। ससुराल वालों ने गर्भावस्था में समीक्षा को घर से निकाल दिया।तभी से विवाहिता अपने मायके में पिता के घर रहती है। 18 अक्तूबर 2024 को विवाहिता ने जिला अस्पताल में एक बेटी को जन्म दिया। आरोप है कि 13 अप्रैल 2024 को ससुराल वाले घर में घुस आए और मारपीट की। इस मामले में पीड़िता की शिकायत पर महिला थाना पुलिस ने मनदीप कुमार, बलराज सिंह, रामरती देवी और दो अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस जांच कर रही है।

# दहेज के लिए विवाहिता को घर से निकाला

## पति समेत सात के खिलाफ रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** ससुराल वालों ने विवा. हता को दहेज के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। विरोध करने पर मारपीट की। ससुर अश्लील इशारे करता है। विवाहिता की शिकायत पर महिला थाना पुलिस ने पति समेत सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

अमरोहा देहात थानाक्षेत्र के गांव में किसान का परिवार रहता है। उन्होंने अपनी बेटी की शादी दो साल पहले की गजरौला थानाक्षेत्र के गांव निवासी युवक के साथ की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले विवा. हिता को दहेज के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। दहेज में पांच लाख रुपये और एक घर की मांग करते हैं। कई बार दोनों पक्षों के बीच पंचायत हुई लेकिन ससुराल वालों का रवैया नहीं सुधरा। विवाहिता का ससुर उसकी तरफ को अश्लील इशारे करता है। ससुराल वालों के उत्पीड़न से परेशान होकर विवाहिता अपने मायके में रहने लगी। 23 अप्रैल की शाम चार बजे ससुराल वाले विवाहिता के मायके आए और दहेज की मांग दौहराई। विरोध करने पर मारपीट की। शोर मचाने पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। तभी आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। इस दौरान ससुराल वालों ने जान से मारने की नीयत से विवाहिता का गला भी दबाया। पीड़िता ने मामले की शिकायत एसपी से की। सीओ अवधभान भदोरिया ने बताया कि मामले में पति समेत सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# जैन मन्दिर में तोड़फोड़ पर भड़का जैन समाज

## महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मंडी धनौरा।** श्री दिगम्बर जैन समाज के लोगों ने महाराष्ट्र में स्थित प्राचीन दिगम्बर जैन मन्दिर को तोड़े जाने के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। उन्होंने जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग को एसडीएम के माध्यम से राष्ट्रपति व महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा।

जैन समाज के लोगों ने बुधवार को तहसील में प्रदर्शन कर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। उनका कहना था कि पूर्वी मुम्बई स्थित विले पार्लेव स्थित जैन मन्दिर को मुम्बई महानगर पालि. का द्वारा तोड़ा गया है। यह एक निदंनीय घटना है। पिछले तीन वर्षो से अधिक समय से यह मन्दिर जैन समाज की आस्था का केन्द्र रहा है तथा यहां समाज के लोग पूजा पाठ करते आये हैं। उन्होने आरोप लगाते कहा कि मन्दिर को तोड़ने को लेकर निजी स्वार्थ में शमिल कुछ लोग शामिल है। एक होटल समूह उक्त जमीन को हड़पना चाहता है। जिसमें मुम्बई महानगर पालिका भी शामिल है। उन्होने दोषियों पर कार्रवाई की मांग को एसडीएम के माध्यम से महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फण्डवीस को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन देने वालों में विकास जैन, अनमोल जैन, डा. अनिल कुमार जैन आदि शामिल रहे।

# अवैध पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट

## बालक घायल, इमारत का हिस्सा भी क्षतिग्रस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा।** अवैध रूप से चल रही पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट हो गया। जिससे आस-पास के क्षेत्रों में हड़कंप मच गया। एक बालक के घायल होने की सूचना है। आधिकारियों की मिली भगत से इस फैक्ट्री का संचालन नोएडा निवासी एक युवक के मकान में किया जा रहा था। सीओ हसनपुर में इतने बड़े मामले को भी संज्ञान में न होना बताया है।

भवाली मार्ग पर स्थित बगद नदी के पास अवैध पटाखा फैक्ट्री का संचालन काफी समय से किया जा रहा है। सब कुछ जानकर भी अधिकारी पूरी तरह अंजान बने है। मंगलवार की दोपहर के समय अचानक इस फैक्ट्री में विस्फोट हो गया। जिसकी गूंज दूर तक सुनाई दी। इतना ही नहीं फैक्ट्री के कुछ हिस्से के भी परखच्चे उड़ गये। फैक्ट्री में उस समय आकाश नाम का बालक अपने मां के साथ काम कर रहा था। जिससे वह भी घायल हो गया। बताया जाता है कि कार्रवाई के डर से फैक्ट्री स्वामी ने बालक को सरकारी अस्पताल में भर्ती न कराकर निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। बताया जाता है कि नोएडा का रहने वाला एक युवक पटाखा फैक्ट्री चलाता है। कई बार पूर्व में भी यहां विस्फोट हो चुके हैं परन्तु आज तक आरोपी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गयी। आज दोपहर जिस समय विस्फोट हुआ उस समय कई मजदूर चिल्लाते हुए बाहर की तरफ भागे। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। लोगों का यहां तक आरोप है कि यह अवैध पटाखा फैक्ट्री अधिकारियों की मिलीभगत से चल रही है तथा फैक्ट्री का संचालन करने वाला युवक हर माह मोटी रकम पुलिस विभाग व अन्य अधिकारियों को पहुंचाता है। जब इस मामले में सीओ हसनपुर दीप कुमार पंत से बात की गयी तो उन्होंने बताया कि इस तरह का कोई भी मामला उनके संज्ञान में नहीं है। यदि शिकायत मिलती है तो जांच कराकर उचित कार्रवाई की जायेगी। जबकि लोगों का कहना है कि काफी समय से यहां यह काम अवैध रूप से किया जा रहा है परन्तु शिकायत के बाद भी अधिकारी इसे नजरअंदाज कर देते हैं।



# बारात आने से छह दिन पहले हादसे में युवती घायल

## गंभीर हालत में हायर सैंटर रैफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** बाप के साथ स्कूटी पर दहेज का सामान लेने आ रही युवती बाइक से जोरदार भिड़ंत होने के कारण बुरी तरह से घायल हो गई। बाइक सवार युवती को हायर सेंटर रेफर किया गया है।

बुधवार को ग्राम ढकिया खादर निवासी वीरवती अपने पिता रामपाल सिंह के साथ स्कूटी पर सवार होकर हसनपुर को आ रही थी। हाकमपुर गांव के समीप बाइक से स्कूटी की जोरदार भिड़ंत हो गई। जिससे वीरवती सड़क पर. गिरकर बुरी तरह से घायल हो गई। बाइक सवार भी सड़क दुर्घटना में घायल हो गया। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। राहगीरों की सहायता से घायलों को नीजि चिकित्सक के पास भर्ती कराया। हालत नाजुक होने पर बाइक सवार व स्कूटी सवार वीरवती को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि 6 मई को वीरवती की बारात आ रही है। वह दहेज का सामान खरीदने के लिए अपने पिता के साथ हसनपुर आ रही थी। वीरवती लठीरा माफी गांव में सीएचओ के पद पर तैनात है।

# सड़क हादसे में घायल की काटनी पड़ी टांग

## दावत खाकर लौट रहे बाइक सवार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** दो बाइकों की भिड़ंत में दावत खाकर लौट रहे मुरादाबाद के दो युवक घायल हो गए। डॉक्टर को एक ही टांग काटनी पड़ी। मामले में पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मुरादाबाद जनपद के भगतपुर थाना क्षेत्र के गांव समदा मिलक में रिंकू सिंह का परिवार रहता है। 17 मार्च को रिंकू सिंह गांव के रहने वाले दिनेश कुमार के साथ देहात थानाक्षेत्र के जलालपुर घना गांव में दावत खाकर घर वापस लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक डिडौली कोतवाली क्षेत्र के पायंती कलां गांव के पास पहुंची तभी सामने से आ रही बाइक के चालक ने टक्कर मार दी। दोनों बाइकों की भिड़ंत में रिंकू और दिनेश गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय पुलिस ने दोनों को मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से हापुड़ के लिए रेफर कर दिया गया। इस हादसे में रिंकू सिंह की टांग काटनी पड़ी। सीओ सिटी अरुण कुमार ने बताया कि मामले में अमरोहा नंबर बाइक के चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# किसान का नाबालिग बेटा हुआ लापता

## युवक पर अपहरण की रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** किसान का नाबा. लिग बेटा अचानक घर से फरार हो गया। परिजनों ने युवक पर अपहरण करने का आरोप लगाते रिपोर्ट दर्ज करायी है। वह अपने साथ हाईस्कूल की अंकतालिका भी ले गया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव पूरनपुर में राजवीर सिंह का परिवार रहता है। 29 अप्रैल को राजवीर सिंह अपनी पत्नी बच्चों के साथ खेत पर सब्जी तोड़ने गए थे। इस दौरान उनका नाबालिग बेटा देवेंद्र सिंह घर पर मौजूद था। तभी अचानक वह घर से गायब हो गया। वह अपने साथ इंटर हाई स्कूल की मार्कशीट लेकर गया है। जबकि घर में रखे रुपये और मोबाइल छोड़ गया। काफी तलाश करने के बाद भी देवेंद्र सिंह का पता नहीं चला। परि. जनों ने शक के आधार पर महीराम के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया है। सीओ सिटी अरुण कुमार ने बताया कि जल्द किशोर को बरामद कर लिया जाएगा।

# 12 लाख की ठगी में साइबर ठग गिरफ्तार

## मिल कर्मी को बनाया था निशाना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** चीनी मिल कर्मचारी के व्हाट्सएप पर लिंक भेज कर 12.60 लाख रुपये ट्रांसफर करने वाले गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी का कब्जे से बड़ी संख्या में फर्जी आधार कार्ड, पैन कार्ड, चेक बुक, लैपटॉप, स्वाइप मशीन और मोबा. इल फोन बरामद हुए हैं। पुलिस ने आरा. ेपी को न्यायालय पेश कर जेल भेज दिया है। मुख्यारोपी समेत दो ठगों को गिरफ्तार करने की कोशिश की जा रही है।

मूलरूप से आंध्र प्रदेश के रहने वाले वेंकट राम रेड्डी बछरायूं थानाक्षेत्र के वेव शुगर मिल में कर्मचारी हैं। दो मार्च को उनके व्हाट्सएप पर अननोन नंबर से लिंक आया। जैसे ही इस लिंक पर वेंकट राम रेड्डी ने क्लिक किया तो उनके बैंक खाते से 12.60 लाख रुपये दूसरे खातों में ट्रांसफर हो गए। इस मामले में चीनी मिल कर्मी वेंकट राम रेड्डी ने साइबर थाने में मुकदमा दर्ज कराया। साइबर इंस्पेक्टर जितेंद्र बालियान के नेतृत्व में टीम ने छानबीन की तो जिले से संचालित ठगी करने वाले एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश हो गया। टीम ने जोया कस्बे के मोहल्ला मौलाना के रहने वाले रेहान को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसका कब्जे से फर्जी 5 आधार कार्ड, 4 पैन कार्ड, साइबर ठगी से संबंधित दस्तावेज, 4 चेक बुक, एक पासबुक, एक लैपटॉप, तीन बैंक जमा शिल्प, स्वाइप मशीन, तीन मोबाइल फोन और 8 सिम कार्ड बरामद हुए। जिस खाते को रेहान चल रहा था उसमें से 12 लाख 26 हजार रुपये वेंकट राम रेड्डी के खाते में वापस कराए। पुलिस के मुताबिक पकड़ा गया रेहान श्योनाली गांव के रहने वाले आकिब के लिए काम करता है। इस गिरोह का सरगना आकिब है। मुरादाबाद जनपद के कांठ थानाक्षेत्र के डेहरा उमरी कलां का रहने वाला एहतेशाम भी शामिल है।



# अक्षय तृतीया पर खूब हुई वाहनों की खरीदारी

## सर्राफा बाजार में भी रही रोनक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** अक्षय तृतीया पर लोगों ने सोने के आभूषण तथा दो पहिया वाहनों की जमकर खरीदारी की। आज के दिन इनकी खरीदारी को शुभ माना जाता है। जिस कारण लोगों ने कई दिन पहले ही वाहनों की बुकिंग शुरू कर दी थी। बुधवार को अक्षय तृतीय का पर्व उत्साह से मनाया गया। हिन्दू समाज के लोगों में इसका विशेष महत्व है। आज के दिन वह सोने के आभूष व अन्य खरीदारी को शुभ मानते है। यहीं कारण है कि बुद्धवार को अक्षय तृतीया को लेकर सर्राफा व वाहन बाजार में खरीदारों की भीड़ रहती है। लोगों ने इस दिन को शुभ मानते कई दिन पहले से ही सोने के आभूषणों की खरीदारी के लिये रणनीति बनानी शुरू कर दी थी। इस दिन शुभ कार्य करने का भी योग रहता है। जिस कारण लोग गृह प्रवेश आदि को भी शुभ मानते है। मान्यता है कि इस दिन शुभ कार्य करने से ईश्वर की कृपा भक्तों पर बनी रहती है। आज सर्राफा बाजार में खरीदारों की भीड़ रही जबकि वाहनों खरीदने वालों का भी तांता लगा रहा। उधर दुकानदारों ने भी अपनी दुकानों को मनमोहक रूप से सजाया। ताकि वह ग्राहकों का आकर्षित कर सके। सुबह से लेकर सांय तक खरीदारों की भीड़ दुकानों पर देखी गई।

# अक्षय तृतीया पर कढ़ी चावल का वितरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। भक्तों द्वारा अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर स्टॉल लगाकर कढ़ी चावल का प्रसाद वितरण किया गया। राहगीरों एवं नगर वासियों द्वारा प्रसाद ग्रहण कर भगवान विष्णु का आशीर्वाद प्राप्त किया गया।

बुधवार को अक्षय तृतीया पर्व के अवसर पर नगर में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी दौरान नगर के अंबेडकर पार्क के निकट भक्तों द्वारा स्टॉल लगाकर कढ़ी चावल का प्रसाद वितरण किया गया।राहगीरों एवं नगर वासियों द्वारा रुक-रुक कर कढ़ी चावल का प्रसाद ग्रहण किया और भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दिन का पौराणिक महत्व भी अत्यधिक है। मान्यता है कि इसी तिथि को भगवान विष्णु ने नर-नारायण, हयग्रीव और परशुराम के रूप में अवतार लिया था। इसी कारण इस दिन परशुराम जयंती भी मनाई जाती है। ब्रह्मा जी के पुत्र अक्षय कुमार का प्राकट्य भी इसी दिन हुआ था। महाभारत का युद्ध भी अक्षय तृतीया को समाप्त हुआ था। इस मौके पर राजीव अग्रवाल, संजीव अग्रवाल, देव चौहान, संजय अग्रवाल मनोज अग्रवाल, मोनू, हिरदेश अग्रवाल, मनन, अथर्व, वैष्णवी आदि मौजूद रहे।



हसनपुर। नगर में प्रभात फेरी निकालते भक्त।

## दो बच्चों की मां प्रेमी के साथ फरार

**हसनपुर**। विवाहिता अपने दो बच्चों को साथ लेकर प्रेमी के साथ फरार हो गई। पति ने पुलिस को तहरीर देकर पत्नी को बरामद करने की गुहार लगाई है। कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी दो बच्चों की मां अपने पिता के साथ मायके आयी थी। गांव मकनपुर शुमाली निवासी एक युवक से उसका काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। विवाहिता के पति का आरोप है कि उसकी पत्नी उसके दोनों बच्चों को साथ लेकर अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई है। पीड़ित पति का कहना है कि उसने अपनी पत्नी को तमाम रिश्तेदारी वह संभावित स्थानों पर भी तलाश किया था। लेकिन खोजबीन करने पर पता चला है कि वह अपने प्रेमी के साथ फरार हुई है। पीड़ित पति ने पुलिस से पत्नी को बरामद कर उसको सौंपे जाने की गुहार लगाई है।

# अमरोहा पुलिस साईक्लिंग व एथलेक्टिस में प्रथम

## एसपी ने पुरस्कार देकर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। बरेली जोन की अंतरजनपदीय खेल प्रतियोगिता में अमरोहा पुलिस टीम ने साईक्लिंग व एथलेटिक्स में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुलिस कर्मियों को एसपी अमित कुमार आंनद ने पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

एसपी ने बताया कि तक जनपद मुरादाबाद में बरेली जोन की 73वीं अंतर्जनपदीय साईक्लिंग व एथलेटिक्स प्रतियोगिता हुई थी। जिसमें अमरोहा पुलिस टीम ने भी प्रतिभाग किया था। मुख्य आरक्षी अमित कुमार, सुधीर शर्मा व अवनीश तोमर ने साईक्लिंग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। आरक्षी आयुष राणा (100 मी. व 110 मी. बाधा दौड़) में प्रथम रहे। टीम के वापस लौटने पर बुधवार को प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर साईक्लिंग व एथलेटिक्स में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली पुलिस टीम को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया और उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

# आंधी से बाधित विद्युत आपूर्ति सुचारू हो

## आवारा पशुओं से मिले छुटकारा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मंडी धनौरा**। भारतीय किसान यूनियन लो. कहित ने आंधी तूफान से बाधित हुई बिजली को सही न कराये जाने पर रोष जताया। जबकि अवारा पशुओं से फसलों की सुरक्षा की मांग की।

किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन लोकहित की बैठक हुई। जिसमें वक्ताओं ने कहा कि करीब 13 दिन पूर्व आये आंधी तूफान के कारण ग्रामीण क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गयी थी। जिसे विभाग अभी तक सही नहीं करा पाया है। जिस कारण किसान फसलों को पानी नहीं दे पा रहे हैं। लगातार वह इसे लेकर आंदोलन कर रहे हैं परन्तु समस्या जस की तस बनी है। उन्होंने कहा कि अवारा पशु लगातार किसानों की फसलों को बर्बाद कर रहे हैं। परन्तु अधिकारी इन पशुओं को गौशाला भिजवाने के लिए कोई पहल नहीं कर रहे। कार्यकर्ताओं ने समस्याओं के निदान की मांग की। पंचायत में जिलाध्यक्ष अनिल कुमार, धर्मवीर सिंह, अनुज यादव, हाजी शब्बन, आसिफ अली आदि मौजूद रहे।

# परशुराम हिन्दू समाज के आदर्श व प्ररेक

## जन्मोत्सव में हुआ वासुदेव तीर्थ पर कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। भगवान परशुराम जयंती पर उनकी मूर्ति को गंगाजल से जलाभिषेक कराया गया तथा नये वस्त्र व आभूषण पहनाये गये।

नगर के श्रीवासुदेव तीर्थ स्थल पर भगवान परशुराम मंदिर प्रबधक समिति की तरफ से उनका जनमोत्सव धूमधाम से मनाया गया। सबसे पहले भगवान की मूर्ति को स्नान कराकर नए वस्त्र तथा आभूषण पहनाये गये। इसके बाद हवन, आरती तथा प्रसाद व भोजन का आयोजन किया गया। महामंत्री पं. कपिल शर्मा व पं. रामदेव नोटियाल ने आरती कराई। ब्राह्मण समाज के लोगों ने कहा कि भगवान परशुराम विष्णु के छठे अवतार है। जो इस समय संसार में विराजमान है। वह ब्राह्मणों के ही नहीं बल्कि समस्त समाज के आर्दश व प्रतीक है। उन्होंने समाज से बुराईयों का अंत किया। सभी को अच्छाई को स्वीकार करने की सीख दी। इस मौके



पर सुशील शर्मा, अजय चतर्वेदी, पवन कौशिक, मनु शर्मा, वीरेन्द्र पाठक, अतुल पंडित, विपुल शर्मा, गौरव दीक्षित, प्रतुल शर्मा, राज शर्मा, विवेक शर्मा, मयंक शर्मा, वरूण त्रिवेदी, उषा शर्मा, योगेन्द्र कुमार शर्मा, सीताराम बंधु, अतुल पंडित, रिशु दीक्षित आदि मौजूद रहे।

# झोलाछाप ने परचून विक्रेता को किया घायल

## रिपोर्ट दर्ज कराने को दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। मुखबरी के शक में झोलाछाप चिकित्सक ने परचून विक्रेता को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस को तहरीर दे दी है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव शाहपुर कला निवासी शाहनवाज पुत्र मोहम्मद हुसैन का आरोप है कि उसके पड़ोस में एक झोलाछाप डॉक्टर की क्लीनिक है। वह क्लीनिक में गलत कार्य करता है। शाहनवाज का कहना है कि पड़ोस में ही उसकी परचून की दुकान है। झोलाछाप चिकित्सक को शक है कि वह उसके गलत कार्यों की मुखबरी करता है। बुधवार को झोलाछाप चिकित्सक ने परचून विक्रेता के साथ गाली गलोंच करते हुए मारपीट करनी शुरू कर दी। झोलाछाप चिकित्सक ने परचून विक्रेता को मारपीट कर चोटिल कर दिया। झोलाछाप चिकित्सक के खिलाफ पुलिस को तहरीर दे दी है

# वक्फ अधिनियम पिछड़े मुसलमानों के हक में

## सम्पत्ति का मिलेगा अधिकारः गोस्वामी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मान सिंह गौस्वामी ने कहा कि वक्फ कानून दबे कुचले मुस्लिमों के हित में लाया गया है। कुछ लोगों ने वक्फ की जमीन को अपना अधिकार बताते इस पर कब्जा कर लिया। जिसे इस कानून के माध्यम से पीड़ित समाज को वापस कराया जायेगा।

जोया रोड स्थित पार्टी कार्यालय पर भाजपा वक्फ संशोधन अधिनियम को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मान सिंह गौस्वामी ने कहा कि 2013 में अधिनियम के तहत वक्फ बोर्ड के संतुलन के लिए सम्पत्तियों को वक्फ घोषित किया गया था। परन्तु कुछ लोगों ने उक्त सम्पत्तियों पर मनमाने ढंग से कब्जा कर लिया। अल्पसंख्यक क्षेत्रीय सहसंयोजक जलालुद्दीन अल्वी ने कहा कि वक्फ संशोधन अधिनियम दबे कुचले मुसलमानों को उनके अधिकार दिलाने में सार्थक सिद्ध होगा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष उदय गिरि गोस्वामी, गिरीश त्यागी, ब्रजेश चौधरी, रमेश कलाल, भवगत सिंह, राहुल चौहान, शारदा सिंह, बब्बू मंसूरी फरमान अली आदि मौजूद रहे।



# हैगिंग से हुई थी प्रशांत की मौत

## पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुआ खुलासा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। युवक की मौत फांसी के फंदे पर लटकने से हुई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इसकी पुष्टि हो गई है।

नगर के मोहल्ला कायस्थान निवासी प्रशांत जोशी पुत्र तारा जोशी आयु 21 वर्ष की लाश दीपपुर मार्ग पर शहाबुद्दीन की बंद पड़ी आरा मशीन पर फांसी के फंदे पर लटकी हुई मिली थी। परिजनों ने हत्या कर प्रशांत जोशी के शव को फांसी के फंदे पर लटकाये जाने का आरोप लगाया था। शुरू में पुलिस को आत्महत्या किये जाने की तहरीर दी थी।लेकिन बाद में कोतवाली पहुंचकर परिजनों ने तहरीर बदलते हुए प्रशांत जोशी की हत्या कर शव को फांसी के फंदे पर लटकाये जाने का आरोप लगाया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में फांसी के फंदे पर लटकने के कारण मौत होने की पुष्टि हुई है। कोतवाल वरुण कुमार ने बताया प्रशांत जोशी की मौत की पुष्टि हैंगिग होने से हुई है।

## ट्यूशन को निकली छात्रा लापता

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** ननिहाल में रहकर पढ़ रही 14 वर्षीय छात्रा ट्यूशन पढ़ने जाने के लिये घर से निकली थी मगर वापस घर लौटकर न आई। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की मगर कुछ पता नहीं चला। पुलिस ने नाना की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत करते हुए छात्रा की तलाश शुरू कर दी है। नगर के एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति के घर पर उसकी 14 वर्षीय नातिन रहती थी। 28 अप्रैल की शाम को वह घर से ट्यूशन पढ़ने के लिये कहकर घर से निकली थी, मगर जब वह काफी देर तक लौटकर न आई तो परिजनों को चिंता हुई। उन्होंने रिश्तेदारों, परिचितों सभी के यहां मालूम किया, मगर छात्रा का कुछ पता नहीं चला। बुधवार को छात्रा के नाना ने पुलिस को तहरीर सौंपकर पूरी घटना से रूबरू कराया। जिस पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुक. दमा पंजीकृत करते हुए छात्रा की तलाश शुरू कर दी है। वहीं छात्रा के एकायक लापता हो जाने से परिजन काफी चिंतित हैं।

## प्रबंधक की पत्नी की मौत पर शोक जताया

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। अल अमीन अब्दुल्ला इंटर कॉलेज के प्रबंधक की पत्नी का इंतकाल होने पर कार्यकारिणी एवं स्टाफ ने रंजो गम का इजहार किया। बुधवार को कॉलेज के प्रांगण में शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें वक्ताओं ने बताया कि अल अमीन अब्दुल्ला इंटर कॉलेज के प्रबंधक स्वर्गीय राहत करीम खान की पत्नी शबनम जहां का केरल में इंतकाल हो गया। वहीं पर उनको सपुर्द खाक कर दिया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष अलीमुद्दीन, प्रबंधक रियाजुद्दीन, फारूक अहमद, बदर कुरैशी, वसीम परवेज, प्रधानाचार्य मोहम्मद नादिर अली, निरंजन सिंह, मोहम्मद जुबेर आदि मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। जनपद बस्ती के वाल्टर गंज थानाक्षेत्र के गांव गाऊखोर में झिगुरी चौधरी का परिवार रहता है। 15 अप्रैल को उनके बेटे श्रवण कुमार किसी काम से जोया टोल प्लाजा पर आए थे। इस दौरान वह जमापुर प्राइमरी स्कूल के पास सड़क पर खड़े थे। तभी, पंजाब नंबर कार के चालक ने श्रवण कुमार को टक्कर मार दी। हादसे में श्रवण कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय पुलिस ने श्रवण कुमार को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उन्हें लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया। लेकिन 18 अप्रैल को इलाज के दौरान श्रवण कुमार की मौत हो गई। सीओ अरुण कुमार ने बताया कि मामले में मृतक के भाई अरुण कुमार चौधरी ने पंजाब नंबर अर्टिगा के चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। मामले की जांच की जा रही है।

# पंचायत सचिवों की याचिका पर सुनवाई पांच को

## क्रिकेटर शमी की बहन के ससुरालियों को मनरेगा मजदूरी लेने का मामला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। पंचायत सचिवों की याचिका के मामले में सरकारी वकील द्वारा काउंटर एफिडेविट दाखिल न करने के कारण आज हाईकोर्ट में सुनवाई नहीं हो सकी। अब कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई को 5 मई निर्धारित की है।

बताते चलें कि जोया ब्लाक के गांव पलौलामें क्रिकेटर मोहम्मद शमी की बहन शबीना की सास गुले आयशा प्रधान है। शमी की बहन शबीना, बहनोई गजनबी व परिवार के सदस्यों समेत 18 लोगों को मनरेगा मजदूरी दिलाने का मामला सामने आया था। इस मामले में प्रशासन ने कड़ा रूख अपनाते हुए तीन मार्च को जोया ब्लाक के बीडीओ लोकचंद की ओर से तत्कालीन ग्राम पंचायत अधिकारी पृथ्वी सिंह, अंजुम, हुमा परवीन, लेखाकार विजेन्द्र सिंह, कम्प्यूटर आपरेटर मनरेगा शराफत अली, तकनीकि सहायक अजय निमेश, एपीओ ब्रजभान सिंह, सेवामुक्त ग्राम रोजगार सेवक झम्मन सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी थी। इस मामले में तत्कालीन पंचायत सचिव हुमा परवीन, अंजुम व पृथ्वी ने एफआईआर रद्द कराने के लिएहाई कोर्ट की शरण ली थी। तीनों पंचायत सचिवों की फाइल में आज हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान सरकारी वकील ने एफिडेविट दाखिल करने के लिए अभी तीन दिन की और मोहलत मांगी। जिस पर हाईकोर्ट ने उन्हें पांच दिन की मोहलत दी। अब हाईकोर्ट इस मामले में पांच मई को सुनवाई करेगा।

## पड़ौसी गांव के युवक पर आया विवाहिता का दिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। विवाहिता को युवक बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

थाना सैदनगली क्षेत्र के गांव निवासी एक युवती का विवाह हरियाणा राज्य में हुआ था। 22 अप्रैल को विवाहिता अपने मायके आई थी। विवाहिता के पिता का कहना है कि 28 अप्रैल को परिवार के लोग अपने खेत पर गये हुए थे। इस दौरान पड़ोसी गांव का युवक उसकी पुत्री को बहला फुसला कर अपने साथ ले गया। पुलिस ने पिता की तहरीर पर गौरव पुत्र ब्रजपाल निवासी ग्राम तरारा ऊपरी थाना सैदनगली के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# मुझको लिखना है कि कसीदा हजरते इमरान का

## हजरत अबुतालिब के जन्मदिन पर महफिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। एलिया फ्रेंड्स सोसायट के तत्ववाधान में इमाम हजरत अली के पिता हजरत अबूतालिब के जन्मदिन के सिलसिले में मंगलवार रात शहर के अजाखाना कटरा गुलाम अली में महफिल आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता मौलाना डॉ. कौसर मुज्तबा ने की। आगाज मौलाना मंजर अब्बास सिरसवी ने कलामे इलाही से किया। अरमान हैदर साहिल अमरोहवी ने नाते पाक पेश की। मौलाना मजहर अली ने हजरत अबू तालिब की जिंदगी पर रोशनी डाली। कहा कि हजरत अबू तालिब मोहम्मद साहब के चाचा और इमाम अली के पिता थे। मौलाना ने लोगों से हजरत अबू तालिब की जिंदगी और किरदार से सीख लेकर हक, सच्चाई और इंसाफ के रास्ते पर चलने की अपील की। शायरों ने कलाम पेश कर खूब वाह-वाही लूटी। नौशा अमरो. हवी ने पढ़ा...लफ्ज जितने हैं वफा के ऐ खुदा कर दे अता, मुझको लिखना है कसीदा हजरते इमरान का। बेबाक अमरोहवी ने पढ़ा...सबसे अफजल, सबसे बेहतर सबसे आला बिलयकीं, नात का दीवान पहला हजरते इमरान का। ताजदार मुज्तबा अमरोहवी ने सभी का शुक्रिया अदा किया। इस मौके पर मुख्तार नकघ्वी, बबर अली, मुदस्सिर अली खां, अफजाल काजिम, मुसर्रत मुज्तबा, अजहर अली, मोहम्मद अली, योगेन्द्र शर्मा, हसन अब्बास उर्फी, समीर हसन आदि मौजूद रहे। महफिल का संचालन डॉ. लाडले रहबर अमरोहवी ने किया।

# सुलह समझौते के आधार पर निपटाएं मामले

## महिला उत्पीड़न की रोकथाम को जागरूकता कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने के लिए एक दिवसीय महिला जन सुनवाई / जागरुकता कार्यक्रम विकास भवन के सभागार कक्ष में आयोजित किया गया।

बुधवार को उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती संगीता जैन ने आयोजित कार्यक्रम में सभी महिलाओं को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। और जो भी प्रार्थना पत्र जिस विभाग से भी सम्बन्धित है उन्हें अग्रसारित करते हुए उन्हें तीन दिवस के अन्दर निस्तारण एवं त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। साथ ही उनके द्वारा कहा गया कि घरेलू हिंसा से सम्बन्धित जितने भी प्रकरण लम्बित है। ऐसे प्रकरणों में सर्वप्रथम दोनों पक्षों को बुलाकर उनकी वार्ता वन स्टाप सेन्टर एवं सम्बन्धित महिला थाना पर करायी जायें। श्रीमती संगीता जैन, उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग, मानव अधिकार भवन (तृतीय तल), गोमती नगर, लखनऊ द्वारा जनपद स्तरीय अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि मौके पर जाकर सुलह-समझौते के आधार पर अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण कराया जायें। निस्तारण में समस्या आने पर आवश्यकता अनुसार प्रशासन का सहयोग लिया जाये। प्रदेश सरकार की मंशा के अनुसार महिला आयोग महिलाओं की सुरक्षा व उनको न्याय दिलाने को लेकर पूरी तरह से संवेदनशील है।

# फैक्ट्री ऑपरेटर ने फांसी लगाकर जान दी

## घटना से परिजनों में मची चीख पुकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गजरौला**। एक प्राइवेट फैक्ट्री में ऑपरेटर के पद पर कार्यरत युवक ने फांसी के फंदे पर झूल कर अपनी जान दे दी घटना के दौरान उसके पिता घर से बाहर जबकि मां मेरठ में बड़ी बेटी के पास गई थी। मां जब घर वापस तो घटना का पता चला। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा, जबकि फॉरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य एकत्र किए हैं। नगर के मोहल्ला चौहानपुरी में दिग्विजय सिंह के पुत्र शिवा(24) नगर की एक प्राइवेट फैक्ट्री में ऑपरेटर के पद पर कार्यरत थे। बुधवार को उनके पिता घर से बाहर थे, जबकि माता बेटी के घर मेरठ में गईं थीं। शाम के समय जब वे मेरठ से घर लौटीं और उन्होंने घर का दरवाजा खटखटाया, तो भीतर से कोई आवाज नहीं आई। उन्होंने आसपास के लोगों से कहा तो, उन्होंने अंदर झांक कर देखा तो शिव फांसी के फंदे पर झूल रहा था। यह सुनकर शिवा की मां बेहोश होकर गिर पड़ीं। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ लग गई, वहीं पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। समाचार लिखे जाने तक पुलिस शिवा द्वारा उठाए गए, इस कदम की जांच पड़ताल में जुटी थी। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# हर जिले में दो हजार हिन्दुओं को शस्त्र दे योगी सरकार

## एकजुटता से ही रुकेगा उत्पीड़न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मंडी धनौरा**। विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल मेरठ प्रांत के रक्षा प्रमुख हेमंत सारस्वत ने कहा कि अब हिन्दुओं का एक होने का समय आ गया है। योगी सरकार प्रत्येक जिले में हिन्दुओं को दो हजार शस्त्र लाइसेंस मुहैया कराये।

जिलाध्यक्ष अशोक सैनी के आवास पर विहिप व बजरंग दल की बैठक हुई। जिसमें मेरठ प्रांत के रक्षा प्रमुख हेमंत सारस्वत ने कहा कि अब समय आ गया है कि हिन्दुओं को अपने जान माल व व्यापार की रक्षा के लिए एकजुट होना होगा। उन्होने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग करते कहा कि वह प्रत्येक जिले के जिलाधिकारी को आदेश दिये कि कम से कम दो हजार हिन्दू समाज के लोगों को शस्त्र लाइसेंस मुहैया कराये। हिन्दू विरोधी मानसि. कता का युग खत्म हो गया है। बैठक में कशमीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर पाकिस्तान को सबक सिखाने की मांग भी की गयी। बैठक में कुशल कुमार, पियूष पराग, रकम सिंह, अशोक सैनी आदि मौजूद रहे।

# बिजली कटौती के विरोध में भड़के ग्रामीण

## समस्या का समाधान न हुआ तो उग्र आंदोलन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मंडी धनौरा**। बिजली से परेशान लोगों ने जोरदार प्रदर्शन किया। उन्होने एसडीओ को ज्ञापन सौंप समस्या के निदान न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।

क्षेत्र के गांव ततारपुर गर्वी के ग्रामीण होलीपार्क चौराहे के नजदीक स्थित एसडीओ के कार्यालय पर एकत्र हुए तथा बिजली समस्या को लेकर जोरदार नारेबाजी की। उनका कहना था कि गांव व आसपास के क्षेत्र में कटौती की जा रही है। दिन व रात के समय बिजली न मिलने से वह परेशान हैं। कई बार समस्या के समाधान को लेकर अधिकारियों को ज्ञापन दे चुके हैं परन्तु इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की जा रही। हालत यह है कि बिजली न मिलने से किसान फसलों को पानी नहीं दे पा रहे। जबकि घरों में पेयजल समस्या उत्पन्न हो गयी है। उन्होने चेतावनी देते कहा कि यदि जल्द उनकी समस्या को दूर नहीं किया गया तो वह इसके विरोध में कलेक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन करेंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में दीपांशु चौधरी, संदीप कुमार, सचिन चौधरी, दिनेश, मधुकर, पवन कुमार, चमन सिंह आदि शमिल रहे।

# लाखों रुपये दांव पर लगाने का विडियो हुआ वायरल,पुलिस की होने लगी है फजियत

## अन्य जनपदों से पहुंच रहे जुआरी

**पांच गोपाल,शाह टाइम्स**

**ओरछी।** खुलेआम जुआ खेलते हुए विडियो हुआ वायरल जिसमें दर्जनों जुआरी दांव लगाकर किस्मत आजमा रहे अन्य जनपदों के जुआरी दांव लगाने थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र चुना आरिल नदी के समीप स्थान अपनाया दर्जनों लोग पहेरी दायरे पर लगे हुए हैं। जुए का एक वीडियो वायरल हो रहा है, वायरल वीडियो में दर्जनों जुआरी तिरपाल बिछाकर फड़ पर जुआ खेल रहे हैं । यह वायरल वीडियो फैजगंज क्षेत्र के गांव अजीतपुर व कनुआखेड़ा के



जंगलों में अरिल नदी के समीप का बताया जा रहा है । इस जुए के फड़ पर गैर जनपद के दर्जनों जुआरी अपनी लग्जरी गाड़ियों से आते हैं व मोटे-मोटे दांव लगाते हैं, बताते हैं यहां जुआ कराने की पूरी जिम्मेदारी चंदौसी एक व्यापारी व थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति पर है । जिनकी फैजगंज बेहटा थाने में अच्छी पैठ बताई जाती है फैजगंज बेहटा क्षेत्र जुआ कराने को लेकर पहले से ही बदनाम है अलग अलग कई विडियो वायरल होने से पुलिस की फजीहत हो रही है पूरा जुआ थाना पुलिस की मिलीभगत से जारी है जिसमें दर्जनों बाइक व लग्जरी गाड़ियों से एकत्र होकर लाखों रुपए का दांव लग रहे हैं चर्चा है फिलहाल में कुछ समय के लिए बंद हो गया लेकिन जिला संभल शाहाबाद रामपुर अनेकों जुआरी सुनिश्चित जगह चिन्हित कर खुलेआम हथियारों से लैस दहशत फैला रहे।

# अज्ञात चार पहिया वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** बुधवार को मुरादाबाद फर्रुखाबाद हाईवे पर फैजगंज बेहटा पेट्रोल पंप के समीप अज्ञात चार पहिया वाहन ने बाइक सवार को जोरदार चक्कर मार दी जिसमें बाइक पर सवार एक मासूम बच्ची सहित तीन लोग घायल हो गए सूचना पर पहुंची एंबुलेंस 108 ने घायलों को बिसौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। हम आपको बता दें ।

कि बिंटू पुत्र देवेंद्र निवासी श्यामपुर भूड़ी जनपद मुरादाबाद , गौरव पुत्र गजब सिंह व 4 वर्षीय मासूम बच्ची पूर्वी पुत्री अंकुश निवासी ग्राम चंदौली थाना इस्लामनगर एक ही बाइक पर सवार होकर बरेली थाना क्षेत्र के कुली ताहरपुर गांव में किसी समारोह में दावत खाने जा रहे थे तभी रास्ते में विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात चार पहिया वाहने बाइक सवार तीन लोगों को



जोरदार टक्कर मार दी जिसमें बाइक पर सवार मासूम बच्ची सहित तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पर पहुंची एंबुलेंस 108 ने तत्काल प्रभाव से घायलों को बिसौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया जहां उपस्थित डॉक्टरों द्वारा घायलों का प्राथमिक उपचार कर घायलों की गंभीर अवस्था को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया घटना की सूचना पाकर घायलों के परिजन भी मौके पर आ पहुंचे ।

# बड़नौमी 150 मीटर लगा चकमार्ग कराया कब्जा मुक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिल्सी।** विकास खंड अंबियापुर एवं तहसील की संयुक्त टीम ने बुधवार को क्षेत्र के गांव बड़नौमी में लंबे समय से खेत में जोत कर कब्जा कर लिए करीब 150 मीटर चकमार्ग को खाली कर ट्रैक्टर से जुतवा कर भूमि को समतल कराया। जिससे कब्जा करने वाले लोगों में खासा हड़कंप मच गया है। बीडीओ शैली गोविल एवं नायब तहसीलदार बदन सिंह ने जानकारी के देते हुए बताया क्षेत्र के गांव बड़नौमी में एक किसान करीब 150 मीटर लंबे चकमार्ग पर अवैध कब्जा कर अपने खेत में मिला लिया था। जिससे अन्य किसानों को खेत में जाने के



लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। जिसको लेकर गांव के लोगों ने डीएम एवं समाधान दिवस में इसकी शिकायत की। बुधवार को राजस्व और विकास खंड की टीम ने इस चकमार्ग की पैमाइस कराने के बाद खाली करा दिया। इस मौके पर ग्राम सचिव दीपक कुमार, चंद्रप्रकाश, रविंद्र पटेल, राजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# वरिष्ठ अधिवक्ता के निधन पर कॉलेज के स्टाफ ने दो मिनट का मौन धारण कर शोक संवेदना की व्यक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** बीते मंगलवार को तहसील बिसौली क्षेत्र के गांव रायपुर पलिया निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता नरेश पाराशरी का अचानक स्वास्थ्य गड़बड़ाने के चलते इलाज के दौरान बरेली के एक नामचीन अस्पताल में निधन हो गया ।उनका अंतिम संस्कार बिसौली कस्बा में स्थित सोत नदी पर उनके परिवार व प्रबुद्ध जनों की उपस्थिति में सम्मान पूर्वज किया गया । वे लगभग 60 वर्ष को पार कर चुके थे । वे पिछले काफी समय से तहसील बिसौली में अपनी अमूल्य न्यायिक सेवाएं दे रहे थे और वर्तमान में आसफपुर स्थित त्रिवेणी सहाय इंटर कालेज श्री गांधी सेवा सदन की कार्यकारिणी के साधारण सदस्य थे।

बीते बुधवार को स्थानीय त्रिवेणी सहाय इंटर कालेज में यहां के प्रबंधक अनिल कुमार पाठक के नेतृत्व में कालेज के प्रधानाचार्य करतार सिंह , प्रधान लिपिक सुमति पाठक सहित समस्त शिक्षकों व शिक्षिकाओं ने दो मिनट का मौन धारण कर वरिष्ठ अधिवक्ता की दिवंगत आत्मा को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित की ।

इस दौरान कालेज के हिंदी प्रवक्ता अनिल दीक्षित , अभय कुमार सिंह , शुभम गंगवार , पीयूष पाराशरी , अखिलेश पाठक , अभिलाष मिश्रा , महेश पाल सिंह , अरुण कुमार मौर्य , जयवीर सिंह , बृजेश यादव , भावना रानी वार्ष्णेय , रामभरोसे लाल , मौहर सिंह आदि मौजूद रहे ।

# रेल पथ की मरम्मत के चलते रेलवे फाटक आज से लेकर चार दिन तक रहेगा बंद




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर ।** स्थानीय रेलवे स्टेशन के पूर्वी फाटक पर आज दिन गुरुवार सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक मरम्मत का कार्य शुरू किया गया है जिसके चलते आज दिनांक - 01 : 05 : 2025 गुरुवार से सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे समावधि से 4 मई 2025 तक रेलवे फाटक पूरी तरह बंद रहेगा । मरम्मत कार्य के चलते 1 मई से लेकर 4 मई 2025 की शाम 6 बजे तक आसफपुर से डारनी मार्ग की ओर आने जाने वाला सड़क यातायात चार दिन तक बाधित रहेगा । सड़क बंद होने की स्थिति में वैकल्पिक व्यवस्था के अंतर्गत इस मार्ग से गुजरने वाले यात्री फाटक संख्या 28/सी से लगभग तीन किलोमीटर की दूरी से होकर गुजरेंगे। रेल यातायात की संरक्षा , सुरक्षा के लिए किए जाने वाले अति आवश्यक कार्य को सुविधा पूर्वक सम्पन्न करने के लिए रेलवे प्रशासन ने अपेक्षित सहयोग व आवश्यक व्यवस्थाएं करने को कहा है । इस मामले की जानकारी रेलवे विभाग के उच्च अधिकारी ने संबंधित उप जिला अधिकारी बिसौली , थाना फैजगंज बेहटा , प्रवर मंडल अभियंता मुख्यालय उत्तर रेलवे मुरादाबाद , सहायक मंडल अभियंता रेलवे चंदौसी , थाना प्रभारी रेलवे सुरक्षा बल चंदौसी , स्थानीय स्टेशन अधीक्षक , टी आई बरेली , पुलिस क्षेत्राधिकारी बिसौली , स्थानीय ग्राम प्रधान व कई नामचीन अखबारों के माध्यम से प्रचार प्रसार करने की लिखित जानकारी रेलवे विभाग के सीनियर सेक्शन इंजीनियर ने दी है ।

# बिल्सी में जैनियों ने वितरित किया गन्ने का रस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिल्सी।** नगर में अटल चौक पर बुधवार को जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ के प्रथम आहार दिवस के अवसर पर श्री तिखाल वाले बाबा सेवा समिति के तत्वावधान में गन्ने का रस वितरण किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं भाजपा नेत्री ममता शाक्य रही। उन्होंने यहां पर राहगीरों एवं जन सामान्य को गन्ने रस को वितरित किया। उन्होनें बताया कि इस दिन जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ स्वामी को छह माह के बाद प्रथम बार गन्ने के रस से आहार दिया गया था। इस पर्व को जैन समुदाय के लोग दान दिवस के रूप में मनाते है। जैन समाज के मीडिया प्रभारी प्रशान्त जैन ने बताया कि मान्यता है कि भगवान आदिनाथ ने ही सबसे पहले समाज में दान का महत्व समझाया था, इसलिए जैन धर्म के लोग आहार दान, ज्ञान दान, औषधि दान करते हैं। इस मौके पर अध्यक्ष मृगांक जैन उर्फ टीटू जैन, अनिल कुमार सोनी, मयंक जैन, अरुण जैन, नीरज जैन, निर्भय जैन, अभिषेक वार्ष्णेय, राहुल वार्ष्णेय, राजाराम शाक्य, ओमवीर शाक्य, सौरभ कश्यप आदि मौजूद रहे।

# सरकारी चकरोड़ की जमीन कराई कब्जा मुक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** राजस्व टीम ने चकबंदी के समय से काबिज सरकारी चकरोड की जमीन कब्जा मुक्त कराई बिसौली - बीते दिन बुधवार को बिसौली नायब तहसीलदार गिरिजा शंकर यादव ने राजस्व टीम के साथ मिलकर सरकारी चकरोड की जमीन दबंगों से कब्जा मुक्त करने को अभियान चलाया जिसमें बिसौली तहसील क्षेत्र के गांव तालिब नगर में पुरानी चकबंदी के समय से ही दबंगों द्वारा



कब्जाए सरकारी चकरोड को ट्रैक्टर से जुताई करवाकर कब्जा मुक्त कराया । नायब तहसीलदार गिरिजा शंकर यादव ने बताया कि सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराने के लिए अभियान लगातार चलाया जाएगा । इस दौरान नायब तहसीलदार गिरिजा शंकर यादव , पुलिस टीम व विकास विभाग की संयुक्त टीम , राजस्व निरीक्षक राजेश शर्मा , लोकपाल सिंह , पंकज कुमार , शोभित कुमार रफीक आदि मौजूद रहे । यह जानकारी बिसौली नायब तहसीलदार गिरिजा शंकर यादव ने दी ।

# जल जीवन मिशन के कार्यों की धीमी प्रगति पर डीएम नाराज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने जल जीवन मिशन (ग्रामीण) के कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कार्यों में तेजी लाने व गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के लिए कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि पाइप पेयजल योजना अन्तर्गत किए जाने वाले गड्ढों को समयानुसार भरवाया जाए ताकि आमजन को उससे कोई परेशानी ना हो। बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में आहूत बैठक में जिलाधिकारी अवनीश राय ने अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण को निर्देश दिए कि जिन 145 परियोजनाओं में कार्य पूर्ण हो गया है उसकी सूची उपलब्ध कराएं तथा जो परियोजनाएं दिसंबर 2025 तक पूर्ण होनी है उसकी भी सूची अलग से उपलब्ध कराएं। उन्होंने अधिकारियों को कार्यों का स्थलीय निरीक्षण भी करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि ग्रामीण पाइप पेयजल योजना अंतर्गत जो भी कार्य हो रहे हैं वह जनहित को ध्यान में रखकर कराए जा रहे हैं, इसमें सभी ग्राम वासियों का अपेक्षित सहयोग आवश्यक है। उन्होंने कहा कि अगर पाइप पेयजल योजना के कार्यों में किन्ही ग्रामों में अवरोध उत्पन्न हो रहा है तो उसको परस्पर समन्वय के साथ निस्तारित किया जाए तथा कार्यों को प्राथमिकता पर पूर्ण कराया जा सके। डीएम ने अब तक पूर्ण की गई 145 परियोजनाओं की ग्रामवार जानकारी ली। उन्होंने दिसंबर 2025 तक अगली 145 परियोजनाएं प्रत्येक दशा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण नरेंद्र वर्मा ने बताया कि योजना अंतर्गत जनपद में 857 ओवरहेड टैंक बनाए जाने हैं जिसके सापेक्ष 300 ओवरहेड टैंक बनाए जा चुके हैं। 1444 राजस्व ग्रामों में पाइप पेयजल योजना अंतर्गत शुद्ध व साफ जल पहुंचाए जाना है जिनमें से 785 राजस्व ग्रामों में पहुंचा जा रहा है। इनमें से 300 राजस्व ग्रामों में ओवरहेड टैंक तथा शेष में सीधे मोटर के माध्यम से पहुंचा जा रहा है। 29 परियोजनाएं पूर्व से ही संचालित हैं। हर घर जल अंतर्गत 379 ग्रामों में प्रमाणीकरण का कार्य भी हो चुका है। जल जीवन मिशन की परियोजना लगभग 1860 करोड रुपए की है। उन्होंने बताया कि एन0ए0बी0एल0 से एक्रेडिटेड लैब की स्थापना जनपद स्तर पर जल जीवन मिशन ग्रामीण के कार्यालय में की गई है जहां पेयजल की शुद्धता की जांच की जाती है वहीं प्रत्येक ग्राम में पांच महिलाओं को जल की शुद्धता की जांच करने के लिए प्रशिक्षित भी किया गया है। उन्हें जांच हेतु एक एफ0टी0 किट(फील्ड टैस्ट किट) भी दी गई है। एक एफ0टी0 किट से 100 सैंपलों की जांच की जा सकती है। प्रत्येक माह 20 सैंपल की जांच की जानी है तथा एक एफ0टी0 किट लगभग 05 महीने चलती है। उन्होंने बताया कि पूर्व निर्मित 29 परियोजनाएं बिजली से चलती हैं तथा 828 परियोजनाएं सोलर व जनरेटर से संचालित होंगी। उन्होंने बताया कि पी0एन0सी0 इंफ्रा को ऑपरेशन एंड मैनेजमेंट 10 वर्ष तक करना होगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अरुण कुमार, पी0एन0सी0 इंफ्रा के सीनियर प्रोजेक्ट मैनेजर गुरु प्रताप सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी व जल जीवन मिशन कार्यादायी संस्था के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# भगवान परशुराम जी की जयंती पर हवन पूजन और गोष्ठी का हुआ आयोजन

**अंकित कुमार गुप्ता,शाह टाइम्स**

**रुदायन।** गत वर्षों के भांति दुर्गा देवी इंटर कॉलेज पर नगर में भगवान परशुराम की जयंती के उपलक्ष में हवन पूजन करके पुष्प अर्पित कर गोष्ठी का आयोजन किया गया। भगवान परशुराम जयंती नगर में धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज के संगठनों की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया। हवन पूजन और गोष्ठी के माध्यम से भगवान परशुराम को नमन किया गया गया। इस दौरान श्री दुर्गा देवी मन्दिर पर प्रसाद वितरण भी हुआ। ब्राह्मण समाज से जुड़े लोगों ने स्थित दुर्गा देवी इंटर कॉलिज पर भगवान परशुराम की दिव्य फोटो पर माल्यार्पण कर मिष्ठान , फल- फूल अर्पित कर देश के कल्याण के लिए मनौती मांगी। सुरेंद्र शर्मा के संचालन में हुई गोष्ठी में वक्ताओं संस्थापक गंगाराम शास्त्री, वासुदेव



शर्मा, राजू शर्मा, अरविंद शर्मा, शिवम पाठक,कुलदीप शर्मा, आनंद शर्मा, संजीव शर्मा, नितिन शर्मा, रिंकू शर्मा, अक्षय शर्मा, संजीव उपाध्याय, सतेंद्र शर्मा, राजेश शर्मा, शोभाग्य पाठक, सुबोध शर्मा, आदि लोग मौजूद रहे। जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## एक नजर

### सिद्व बाबा इंटर कालेज की टॉपर छात्रा राविया को सदर विधायक ने किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नरैनी ।** माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा 2025 में जनपद में पांचवे स्थान पर आने वाली सिद्व बाबा इंटर कालेज शरह



बरौलिया की छात्रा राविया को सदर विधायक महेश चन्द गुप्ता जी व जिला विद्यालय निरीक्षक बदायूँ डॉ प्रवेश कुमार जी ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर शहर विधायक महेश चन्द गुप्ता व जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ प्रवेश कुमार ने छात्र छात्राओं की कड़ी मेहनत व कालेज के अच्छे शिक्षण व्यवस्था की प्रशंसा ।

### ग्रामीणों की शिकायतों का समाधान प्राथमिकता के आधार पर हो :विजय कुमार शुक्ला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** तहसीलदार विजय कुमार शुक्ला ने जनता से सीधा संवाद स्थापित



करते हुए अपने कार्यालय में फरियादियों की समस्याएं सुनी। उन्होंने लेखपाल, कानूनगो को फील्ड में उतरकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनने को निर्देशित किया। ग्राम धर्मपुर बिहारीपुर निवासी प्रताप सिंह पुत्र छेदालाल का गाटा संख्या 215 में गलत नाम दर्ज हो गया है। जिसका तहसीलदार श्री शुक्ला ने तुरंत निस्तारण के निर्देश दिए। श्री शुक्ला ने स्पष्ट निर्देश दिए की सभी शिकायतों का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# तिलहनी फसलों के अपनाने से प्रदेश के किसानों की आय में हो रही है बढ़ोत्तरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश को खाद्य तेलों में आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी लगातार किसानों को प्रोत्साहित कर रहे हैं। उसके लिए प्रदेश सरकार ने किसानों को तिलहन क्षेत्र का दायरा बढ़ाने, किसानों को अधिक उपज के बीज उपलब्ध कराने, समय से सिचाई करने एवं उर्वरक, कीटनाशक दवाओं के वितरण आदि की व्यवस्था की है।

प्रदेश सरकार ने तिलहनी फसलों के उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि करने के लिए किसानों को 6.79 लाख तिलहन मिनीकिट नि:शुल्क बीज भी वितरित किया है। तिलहनी फसलों की अधिक उपज के लिए किसानो को प्रशिक्षित भी किया गया है। खाद्य तेल एक ऐसा द्रव्य है जो गरीब की झोपड़ी से ले कर शहरों के बड़े अमीरो तक सब के रसोई का महत्वपूर्ण अंग है। बिना खाद्य तेलो के रसोई का व्यंजन अधूरा होता हैं। खाद्य तेलो में प्रमुखता मूगफली, सोयाबीन, तिल, अरण्डी, तोरिया, सरसों, सूरजमुखी, ताड़ नारियल, आदि हैं। सरसों का तेल उत्तर प्रदेश के निवासियों के रसोई का एक महत्वपूर्ण अंग है। सरसों कृषि उपज की महत्वपूर्ण फसल है।

रबी की फसल में इसका प्रमुख स्थान है। तिलहन का देश और प्रदेश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान है। कम लागत में और कम सिंचाई के कारण, सरसों की खेती, किसानों में बहुत लोकप्रिय हो रही है। रबी की अन्य फसलों की अपेक्षा सरसों की फसल अधिक आय देने वाली है। सरसों की खेती प्रदेश के किसान मिश्रित रूप से बहुफसली व सिंगल फसली कर रहे हैं। पीली सरसों, तोरिया की तरह कैचक्राप के रूप में खरीफ एवं रबी के मध्य बोई जाती हैं। इसकी खेती करके किसान अतिरिक्त लाभअर्जित कर रहे है। उत्तर प्रदेश की मिट्टी तिलहनी फसलों के लिए उपयुक्त हैं। प्रदेश के बुन्देलखण्ड क्षेत्र में, परिचमी क्षेत्र, पूर्वांचल क्षेत्र व मध्य क्षेत्र की मिट्टी सरसों, तोरिया, तिल, मूंगफली, तिलहनी आदि फसलों के लिए अच्छी है। प्रदेश में खरीफ फसलों में मूंगफली, सोयाबीन, तिल, अरण्डी, तोरिया प्रमुख तिलहनी फसल है।प्रदेश में सरसों की खेती रबी फसल के साथ बोई जाती है।

उत्तर प्रदेश में सरसों की खेती में बढ़ोत्तरी हुई है। नकदी फसल होने के कारण किसानों के मध्य सरसों की खेती में रूचि बढ़ी है। प्रदेश में लाखों हेक्टेयर भूमि में सरसों की खेती हो रही है। और किसानों की आमदनी में बढ़ोत्तरी हुई है। प्रदेश में तिलहन के अन्तर्गत वर्ष 2016-17 में 12.40 लाख मै०टन तिलहन का उत्पादन प्राप्त हुआ था जो वित्तीय वर्ष 2023-24 में बढ़कर 28.33 लाख मै0टन हो गया है। इस प्रकार वर्तमान सरकार के कार्यकाल में 15.93 लाख मै०टन अधिक तिलहन का उत्पादन प्राप्त हुआ है। इसी प्रकार वर्ष 2016-17 में 9.35 कुन्टल प्रति तिलहन की उत्पादकता प्राप्त हुआ जो वित्तीय वर्ष 2023-24 में बढ़कर 12.12 कुन्टल प्रति हेक्टेयर हो गया है। इस प्रकार वर्तमान सरकार के कार्यकाल में 27.06 कुन्टल प्रति हेक्टेयर से अधिक तिलहन की उत्पादकता प्राप्त हुआ है। तिलहन उत्पाकदकता में अधिक उत्पादन होने पर राष्ट्रीय पुरस्कार के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2019-20 में सर्वाधिक तिलहन उत्पादन हेतु राष्ट्रीय स्तर पर कृषि एवं किसान मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा उ०प्र० को रू0 2.00 करोड़ का कृषि कर्मण पुरस्कार तथा देश में सर्वाधिक खाद्यान्न उत्पादन हेतु रू0 1.00 करोड़ का प्रोत्साहन पुरस्कार मा० प्रधानमंत्री जी द्वारा प्रदान किया गया।

# महेश नवमी महोत्सव को लेकर बिल्सी में हुई बैठक, गगन तोषनीवाल बने अध्यक्ष



**नईम आजाद,शाह टाइम्स**

**बिल्सी।** बुधवार को महेश नवमी महोत्सव 2025 के संदर्भ में अति आवश्यक बैठक का आयोजन तहसील रोड स्थित अवधेश लड्ढा के सिटी कॉम्पलेक्स पर हुआ। अवधेश लड्ढा ने बताया कि आगामी महेश नवमी महोत्सव समिति के अध्यक्ष का चुनाव बिल्सी नगर के सभी सामाजिक बंधुओ द्वारा किया गया जिसमें प्रथम प्रस्ताव पूर्व अध्यक्ष चंद्रसेन माहेश्वरी के लिए हुआ परंतु चन्द सैन द्वारा गगन तोषनीवाल को मिठाई खिलाकर अध्यक्ष का प्रस्ताव किया गया जो समाज के लोगों को बहुत पसंद आया। संपूर्ण माहेश्वरी समाज ने तालियां बजाकर गगन को अध्यक्ष बनाने की घोषणा की एवं सर्वसम्मति से अमित माहेश्वरी डैनी को उपाध्यक्ष बनाया गया है। बैठक में अवधेश लड्ढा महेश्वरी, निशिकांत महेश्वरी, नवीन माहेश्वरी, प्रदीप माहेश्वरी, तेज कुमार, राजू महेश्वरी,पुलकित माहेश्वरी, चंद्रसेन माहेश्वरी, राहुल माहेश्वरी, जितेंद्र माहेश्वरी, आदि अनेको माहेश्व. री बंधुओ ने अपनी उपस्थिति दर्ज की और नए अध्यक्ष को बधाइयां दी।

# मुस्लिम समाज के एक बच्चे को सांप के काट लेने से भाजपा प्रत्याशी ने कराया इलाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

बदायूं। फैजगंज बेहटा मुस्लिम समाज का एक 16 वर्षीय बच्चा असीम निवासी ग्राम मई जिला सम्भल आइस्क्रीम बेचने का काम करता है कि असीम अपने गांव मई से फैजगंज बेहटा की तरफ आ रहा था कि रास्ते में आम का पेड़ देखकर पेड़ से आम तोड़ने लगा कि अचानक उसकी चप्पल पैर से निकल गई की जब असीम अपनी चप्पल उठाने खास की तरफ पड़ा तभी बहा पर मौजूद सांप ने अपना फन मर दिया असीम घबरा गया और उसने पास में ही एक मंदिर के बाबा से बोलकर हाथ में बांध बनवा कर फैजगंज बेहटा आकर भाजपा से चेयरमैन प्रत्याशी रह चुके प्रदीप गुप्ता फौजी को पूरी कहानी सुनाई प्रदीप गुप्ता फौजी ने बिना किसी भेदभाव के सांप का इलाज करने



वाले यूसुफ पठान को बुलाकर तुरंत इलाज कराया जिससे बच्चा ठीक हो गया और असीम के घर बालों को सूचना देकर बच्चे को उसके घर परिवार के हवाले कर दिया है प्रदीप गुप्ता फौजी ने कहा कि हिन्दू समाज में जातपात को ध्यान न देकर इंसा. नियत पर ध्यान दिया जाता है और बुरे समय में इंसान को देखा जाता है इस लिए सभी को जातपात छोड़कर इंसानियत का रास्ता अपनाना चाहिए जिससे लोगो का भला हो सके।

# 15 मई तक करें ऑनलाइन टूलकिट्स पंजीकरण एवं आवंटन हेतु आवेदन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी प्रदीप कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग विभाग द्वारा संचालित नि:षुल्क टूल किट्स वितरण योजना के अन्तर्गत जनपद बदायूँ के ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले सामान्य जाति/अनुसूचित जाति/अल्पसंख्यक एवं पिछडे वर्ग के भुर्जी जाति व परम्परागत स्वरोजगार में रूचि रखने वाले कारीगरों को वर्ष-2025-26 हेतु आधुनिक पॉपकार्न मेकिंग मशीन, मोटराइज्ड दोना पत्तल मशीन एवं हनी बॉक्स टूल किट्स नि:शुल्क वितरण हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र बोर्ड की वेवसाइट www-upkvib-gov-पद की ऑनलाइन सेवाओ के अन्तर्गत ''ऑनलाइन टूलकिट्स पंजीकरण एवं आवंटन'' में आवेदन 15 मई 2025 सांय 5:00 बजे तक आमन्त्रित किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि आवेदको का चयन गठित चयन समिति द्वारा किया जायेगा। जिसमें आर्थिक रूप से अत्यन्त पिछडे एंव वी0पी0एल0 परिवार के सदस्यों को बरीयता दी जायेगी, ऐसे इच्छुक व्यक्ति जिनकी आयु 18 वर्ष कम न हो एंव 50 वर्ष से अधिक न हो अपना आवेदन पत्र जिला ग्रामोद्योग कार्यालय-मो0-शहवाजपुर पुरानी चुंगी बरेली रोड बदायूँ में जमा कर सकते है। उन्होंने बताया कि इन योजनाओ में ऑनलाइन आवेदन करते समय आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, मूलनिवास प्रमाण पत्र, शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, फोटो, राशन कार्ड व परिवार आई0डी0, आधार लिंक मोबाइल नम्बर अपलोड करना अनिवार्य है।

विज्ञापन के लिए संपर्क करें
कामिल खान ब्यूरो चीफ
दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र बदायूं ब्रांच ऑफिस फैजगंज बेहटा वार्ड नंबर हेड ऑफिस रजी चौक ब्रह्मपुर बराबर रेक्स दवाखाना बदायूं खबरें व विज्ञापन के लिए संपर्क करें।
संपर्क सूत्र - 7500110219, 9411827221
Email: mkkhan741@gmail-com

## जगतपुर में चला बुलडोजर

शाह टाइम्स संवाददाता

**बरेली।** नगर निगम की टीम ने जगतपुर नाले से बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण हटाया। टीम ने नाले के ऊपर स्लैब डाल कर किए गए कब्जे हटाने शुरू किए तो कई दुकानदारों ने विरोध किया। टीम ने दुकानदारों को समझाकर शांत किया। जगतपुर नाले पर अतिक्रमण होने के कारण आक. ाशपुरम सहित नौ अन्य वार्डों में जलभराव की समस्या आए दिन हो रही है। अतिक्रमण के कारण नाला पट जाता है और सफाई ठीक से नहीं हो पाती है। कुछ दिन पहले नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग ने नगर आयुक्त को रिपोर्ट सौंपी थी। स्वास्थ्य और निर्माण समेत अन्य टीमें नालों से अतिक्रमण हटाने के लिए पहुंची। जगतपुर पानी टंकी से बीसलपुर चौराहे तक अभियान चलाकर अतिक्रमण को हटाया। कुछ जगहों पर लोगों ने नाले के ऊपर टिनशेड आदि डालकर कब्जा किया था।

# परीक्षा को पूरी सतर्कता के साथ कराएं संपन्न: डीएम

■ डीएम ने नीट-यूजी की होने वाली परीक्षा की तैयारियों के संबंध में ली बैठक




शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में आगामी 04 मई को (नीट-यूजी) की होने वाली परीक्षा की तैयारियों के संबंध में बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में अवगत कराया गया कि जनपद के 23 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा आयोजित होगी। परीक्षा हेतु 07 नोडल अधिकारी बनाए गए हैं जिन्हें सेंटर पर समस्त व्यवस्थाएं देखने और कल शाम तक किसी प्रकार की कोई कमी हो तो अवगत कराने के निर्देश दिए गए।

बैठक में डीएम ने निर्देश दिए कि परीक्षा हेतु स्टेटिक मजिस्ट्रेट व अन्य अधिकारी नियुक्त किए जाएं। परीक्षा केन्द्रों के आस-पास की फोटो स्टेट आदि की दुकानें निर्धारित समयावधि के लिए बंद कराई जाएं। परीक्षा के दौरान पूरी सतर्कता बरती जाए, कहीं कोई ऐसा कार्य न होने पाए जिससे परीक्षा की शुचिता पर प्रश्न चिन्ह लगे। 04 मई को चूंकि उर्स की भी भीड़ आएगी, इसलिए विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यता है, किसी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। बैठक में पुलिस अधीक्षक नगर ने अवगत कराया कि परीक्षा केन्द्र के बाहर परीक्षार्थियों की चेकिंग के लिए पुरुष व महिला कर्मी नियुक्त रहेंगे। परीक्षा 02 बजे से प्रारम्भ होगी, 01.30 बजे के बाद किसी को प्रवेश नहीं मिलेगा। पुलिस कर्मियों की डयूटी 11.00 बजे से लगा दी जाएगी। किला व सीबीगंज के सेंटर उर्स की भीड़ से प्रभावित रहेंगे अत: वहां विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। गेट के बाहर के चेकिंग पुलिस द्वारा व गेट के अंदर की चेकिंग एनडीए द्वारा नामित एजेंसी द्वारा की जाएगी। बैठक में पुलिस अधीक्षक नगर मानुष पारीक, अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, जिला विद्यालय निरीक्षक अजीत सिंह सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बाबा साहब के अपमान पर भड़का आक्रोश

■ सपा मुखिया के खिलाफ भाजपाईयों ने दिया धरना, जलाया पुतला



शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** बुधवार को भाजपाईयों ने सपा मुखिया द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का अपमान किए जाने के खिलाफ कस्बे के अंबेडकर पार्क में विशाल धरना दिया, और उसके बाद बरेली-पीलीभीत हाईवे पर सपा मुखिया का पुतला फूंका।

नगर के डॉक्टर भीमराव अंबेडकर पार्क में आयोजित धरना प्रदर्शन में सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, भाजपा जिला अध्यक्ष सोमपाल शर्मा, विधायक डॉक्टर एमपी आर्य, मीरग. ंज विधायक डॉक्टर डीसी वर्मा, झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार की पुत्री श्रुति गंगवार, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर ए के गंगवार, भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री डॉक्टर मीनाक्षी गंगवार, पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि नीरेंद्र सिंह राठौर, पूर्व ब्लॉक प्रमुख विनोद दिवाकर, युवा नेता विशाल गंगवार, भुजेंद्र गंगवार ने सपा मुखिया द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का अपमान किए जाने पर उनकी कड़े शब्दों में निंदा की। कहा कि उनके इस कृत्य से उनका दलित विरोधी चेहरा देश की जनता के सामने आ गया है। कहा बाबा साहब का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान, का नारा भी बुलन्द किया।

देर तक चले इस धरने में भाजपा के जिला महामंत्री वीरपाल गंगवार, पूर्व जिला पंचायत सदस्य लेखराज गंगवार, नीरू सागर, विनोद गुप्ता, सचिन रस्तोगी, मनोज दिवाकर, केशव गुप्ता, अरविन्द शुक्ला सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। देर तक चले इस धरना प्रदर्शन के बाद भाजपा नेताओं ने सपा मुखिया का बरेली-पीलीभीत हाईवे पर पुतला फूंका।

# रोज रो स्कूल में हुआ वार्षिकोत्सव का आयोजन

■ परीक्षा में बेहतर अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं को किया गया पुरस्कृत



शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** रोज रो स्कूल में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। अपनी-अपनी कक्षाओं में बेहतर अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने विभिन्न तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए।

नगर के मोहल्ला मोहम्मदपुर स्थित रोज रो पब्लिक स्कूल में आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में अपनी-अपनी कक्षाओं में टॉप करने वाली निबदा फैज, सिदरा, विनीत, प्रज्ञा, हसन, डाबर, अर्हमा, अमायरा, अदीबा को पुरस्कृत कर उनकी हौसला अफजाई की गई। इस दौरान बच्चों ने ऑनलाइन फ्रॉड, सोशल मीडिया का दुरुपयोग, पुलवामा अटैक, सर्कस शो आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किये, जिसमें सर्कस शो को बेस्ट प्रोग्राम का दर्जा दिया गया। प्रधानाचार्य ए. के सक्सेना ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जीवन में शिक्षा के महत्व को कभी अनदेखा नहीं किया जा सकता।

शिक्षा जीवन पथ पर प्रकाश देने का काम करती है। मेहमाने खुशुसी जनाब शोएब ने मोबाइल से अध्ययन करने के बजाए किताबों से ज्ञान लेने पर जोर दिया। स्कूल के प्रबंधक मोहम्मद मोईन आरिफ ने सभी मेहमानों का आभार व्यक्त किया, और विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर इस्लामिया एकेडमी के प्रधानाचार्य साजिद हुसैन, फायर दरोगा योगेश, एडवोकेट सैफुल चमन, फरीद मास्टर, मोहम्मद जावेद, डायरेक्टर सबिया अब्बास, शिक्षक मोहम्मद यूनुस, मोहम्मद वारिस अली, वसीम, रामश्री, रजिया, आलिया, गार्गी, संजू, पूजा, इरम, दरखशा, प्रियंका, अर्चना आदि मौजूद रहे। संचालन अर्हमा अनवर, अदीबा व अनम ने किया।

# आसीसी के इंटर के शिवम ने मंडल में छठा और हाईस्कूल के वैभव गुप्ता ने जिले में पाया नौंवा स्थान



शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** असीसी स्कूल के बच्चों ने इस बार भी शानदार प्रदर्शन कर सफलता के झंडे गाढ़े। इंटर के छात्र शिवम गंगवार ने मंडल में छठा स्थान प्राप्त किया है, जबकि हाईस्कूल के वैभव गुप्ता ने जिले में नौंवा स्थान प्राप्त किया।

असीसी स्कूल के शिवम गंगवार ने इंटर में 94.70 प्रतिशत अंक पाकर मंडल में छठा और जिले में चौथा प्राप्त कर मंडल में स्कूल का नाम रौशन किया है। इंटर के ही प्रांजल गुप्ता पुत्र संदीप कुमार गुप्ता ने 92.25 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा और राशि चौधरी पुत्री प्रदीप सिंह तथा भव्या सिरोही ने 90.75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

छात्रों ने विभिन्न विषयों में दक्षता हासिल की। राशि चौधरी ने अंग्रेजी में 96 अंक, प्रिंस मार्टिन ने हिंदी में 98, शिवम गंगवार ने गणित में 99, प्रांजल गुप्ता ने फिजिक्स में 91, कंप्यूटर में 94, फिजिकल एजुकेशन में 97 अंक प्राप्त किए। इसके अलावा मोहम्मद हम्माद ने केमिस्ट्री में 72, नॉरिश फातिमा ने बायोलॉजी में 90 अंक प्राप्त किए।

कॉमर्स वर्ग के मोहम्मद फरहान ने अकाउंट में 92, कॉमर्स में 86 और इकोनॉमिक्स में 82 अंक प्राप्त किए हैं। हाईस्कूल के छात्र वैभव गुप्ता ने स्कूल टॉप किया है। उसने 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। अनुषा पुत्री मोहम्मद आरिफ 92.2 प्रतिशत अंक लाकर द्वितीय स्थान पर रहीं, और जोया नूरी पुत्री लईक अहमद 87.8 प्रतिशत अंक लाकर तृतीय स्थान पर रहीं।

इसके अलावा आराध्या चौधरी ने अंग्रेजी में 91, वर्षा गंगवार और बुशरा ने हिंदी में 99, वैभव गुप्ता ने गणित में 94, केमिस्ट्री में 94 तथा कंप्यूटर में 98 अंक लाए। अनुषा फातिमा ने फिजिक्स में 88, हिस्ट्री सिविक्स में 97 तथा ज्योग्राफी में 90 अंक लाई। जोया नूरी ने बायोलॉजी में 95 तथा आगमन दीपक ने हिस्ट्री सिविक्स में 97 अंक प्राप्त किये हैं। स्कूल की प्रिंसिपल सिस्टर फेल्सी वास ने सभी छात्र-छात्राओं को उनकी सफलता के लिए बधाई दी है। शिक्षक-शिक्षिकाएं सिस्टर ज्योत्सना, सिस्टर सोनाली, मिस क्लरा, आरती शुक्ला, रजत सर, टंडन सर, संजय ढौंडियाल, योगेंद्र, अनिल, सौरभ, नेगी, सुभाष, शिवम आदि ने भी छात्र-छात्राओं की सफलता के लिए उनको बधाई दी।

## एक नजर

## भगवान परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया

शाह टाइम्स संवाददाता

**शीशगढ़।** बुधवार को पंडित रमेश चंद्र सारस्वत की अध्यक्षता में ब्राह्मण परिवार सभा के द्वारा भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव पंडित नरेंद्र शर्मा जी के गोदाम पर बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया तथा भगवान परशुराम के द्वार के संबंध में चेयरमैन पति अजय जायसवाल उर्फ बॉबी से शिष्टाचार भेंट कर भगवान परशुराम द्वार व शिव मंदिर पंजाबी कॉलोनी बहेडी के विषय में चर्चा की। इस मौके पर उपस्थित विप्र बंधु अध्यक्ष पंडित नरेंद्र शर्मा, संगठन एवं मीडिया प्रभारी पंडित प्रमोद सारस्वत, सचिव व कोषाध्यक्ष पंडित राजपाल शर्मा, पंडित डा. शिव कुमार शर्मा. विधिक सलाहकार पंडित कृष्ण अवतार शर्मा अधिवक्ता, पंडित राम अवतार शर्मा, पंडित जोगेंद्र शर्मा, पंडित राजीव शंखधार,पंडित नरेश शर्मा, पंडित राम चंद्र गौड़, पंडित गौरव शर्मा, पंडित विनोद सारस्वत, पंडित राम कुमार शर्मा, पंडित गजेंद्र शर्मा, पंडित अभि सारस्वत, पंडित आयुष शर्मा आदि विप्र जन उपस्थित रहे।



## भास्कर अस्पताल में घायल की मौत के बाद हंगामा, अस्पताल प्रबंधक पर हमला

शाह टाइम्स संवाददाता

**बरेली।** मीरगंज थाना क्षेत्र के मुलडिया निवासी युवक की मौत के बाद सोमवार सुबह भास्कर अस्पताल में जमकर हंगामा हुआ। नाराज परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल प्रबंधक पर हमला कर दिया। पूरी घटना अस्पताल के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 29 अप्रैल को सुबह 9:47 बजे सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल रिजवान को भास्कर अस्पताल लाया गया था। चिकित्सकों ने प्रारंभिक जांच के बाद उसकी स्थिति गंभीर देखते हुए उसे हायर सेंटर राम मूर्ति मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। इलाज के लिए ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मृत्यु हो गई। इसके बाद मृतक के परिजन शव लेकर वापस भास्कर अस्पताल पहुंच गए। बताया जा रहा है कि मौके पर मौजूद राशिद जान, शानू खान, ईशा खान और मोबीन खान ने भीड़ को भड़काया, जिसके बाद आक्रोशित लोगों ने अस्पताल प्रबंधक विनोद कुमार पर हमला कर दिया। हमले के दौरान कर्मचारी चंद्र पाल, संतोष कन्नौजिया, मनोज और महेश ने बीच-बचाव कर प्रबंधक को बचाया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो चुके थे। प्रबंधक विनोद कुमार ने इस संबंध में इज्जतनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

# हाईकोर्ट में याचिका दायर करते ही चेयरमैन ने पुत्र को हटाया

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** नगर पालिका परिषद के वरिष्ठ लिपिक सुरेश पाल को उनके पद से हटाकर बैकलॉग सफाई कर्मी को परिषद का वरिष्ठ लिपिक बनाए जाने के खिलाफ उच्च न्यायालय में दायर की गई याचिका पर नगर पालिका परिषद में जहां खलवली मच गई है, वहीं बुधवार को नगर पालिका अध्यक्ष ने याचिका दायर करने वाले वरिष्ठ लिपिक के पुत्र को हटा दिया।

मालूम हो नगर पालिका के कुछ सभासदों की शिकायत पर पालिका अध्यक्ष प्रेमलता राठौर ने पिछले कई सालों से परिषद के वरिष्ठ लिपिक का कार्य देख रहे सुरेश पाल को उनके पद से हटाकर बैकलॉग सफाई कर्मी धीरेन्द्र कुमार को वरिष्ठ लिपिक का चार्ज सौंपे जाने के आदेश जारी कर दिए थे, पालिका अध्यक्ष के इस आदेश के खिलाफ सुरेश पाल द्वारा उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर कोर्ट से न्याय की गुहार लगाई थी, जिसपर बुधवार 30 अप्रैल को सुनवाई हुई थी। याचिका दायर करने का समाचार बुधवार को दैनिक समाचार पत्रों में प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद जहां परिषद में खलवली मच गई है, वहीं पालिका अध्यक्ष ने याचिका दायर करने वाले कर्मी सुरेश पाल के ठेका कर्मी पुत्र शिव कुमार को कार्य करने से मना कर दिया। पालिका के कर्मी सुरेश पाल का ठेका कर्मी पुत्र शिव कुमार पिछले कई सालों से नगर पालिका में कार्य कर रहा है, बुधवार को अचानक उसे हटाए जाने को लेकर इसे उच्च न्यायालय में याचिका दायर करने से जोड़कर देखा जा रहा है।

## समाचार चैनल पर आपत्तिजनक पोस्ट करने पर युवक पर मुकदमा

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** सोशल मीडिया पर एक समाचार चैनल पर आपत्तिजनक पोस्ट करने के मामले में पुलिस ने एक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। शिकायतकर्ता का कहना है कि पोस्ट पूरी तरह से निराधार है, और इससे समाचार चैनल की की छवि को धूमिल किया जा रहा है।

नगर के मोहल्ला पंजाबी कॉलोनी निवासी हेमंत डांग पुत्र हरी नारायन का कहना है कि सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर एक युवक ने देश के प्रतिष्ठित न्यूज चैनल को लेकर भ्रामक और आपत्तिजनक पोस्ट किया है। उन्होंने मांग की है कि बिना किसी ठोस साक्ष्य के किए गए पोस्ट पर तत्काल रोक लगाई जाए, और संबंधित व्यक्ति के खिलाफ आईटी एक्ट की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाए। शिकायत के बाद बहेड़ी पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# स्टेशन परिसर में किशोरी के साथ रेप करने वाला आरोपी दबोचा



शाह टाइम्स संवाददाता

**बरेली।** सिटी स्टेशन परिसर में किशोरी के साथ रेप की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को जीआरपी ने एक महीने बाद बरेली सिटी स्टेशन से गिरफ्तार किया है। आरोपी की गिरफ्तारी एक ई-रिक्शा चालक के निशानदेही पर गिरफ्तारी की गई है। पुलिस के मुताबिक आरोपी चंद्रकेश रेलवे का अपराधी है। उसपर चार से आपराधिक मामले दर्ज हैं।

आरोपी अपराध की रकम से न केवल अपने शौक पूरा करता था, बल्कि नेपाल में कौसिनो जाकर भी खेलता था। रेलवे पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान चंद्रकेश कश्यप पुत्र सोनपाल कश्यप, निवासी नगरिया मानपुर, थाना सोरो, जिला कासगंज के रूप में हुई है। यह गिरफ्तारी दिनांक 29 अप्रैल 2025 को रात करीब 9:40 बजे बरेली जंक्शन के प्लेटफॉर्म नंबर 5 के मुरादाबाद छोर से की गई। आरोपी ने पूछताछ के दौरान बरेली सिटी की घटना के अलावा दिनांक 22/23 अप्रैल की रात को रामगंगा स्टेशन के पास चलती ट्रेन से एक महिला की चौन छीनकर कूदकर भागने की घटना को भी स्वीकार किया है। इस मामले में उसके खिलाफ थाना जीआरपी रामगंगा पर मु0अ0सं0 41/25 धारा 304(2)/317(2) बीएनएस के अंतर्गत केस दर्ज है। पुलिस ने उसके पास से लूटे गए 19,300 रुपये भी बरामद किए हैं।

अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशानुसार, घटना के सफल अनावरण हेतु कई टीमों का गठन किया गया था। पुलिस अधीक्षक रेलवे मुरादाबाद आशुतोष शुक्ला व पुलिस उपाधीक्षक अनिल कुमार वर्मा के निर्देशन में सभी टीमों ने सीसीटीवी फुटेज खंगालकर संदिग्ध की पहचान की। बरेली सिटी व बरेली जंक्शन के अलावा आसपास के मार्गों पर लगे कैमरों की मदद से आरोपी की पहचान संभव हो सकी। पुलिस पूछताछ में चंद्रकेश ने बताया कि वह नेपाल के कसीनों में जुआ खेलने का आदी है और पैसे जुटाने के लिए ट्रेनों में यात्रियों के साथ चौन झपटमारी करता है।

वह सामान्यत: टनकपुर से बदायूं के बीच सफर करते हुए रात्रि के समय वारदातों को अंजाम देता है। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्यवाही करते हुए उसे जेल भेजा जा चुका है।

## बाबा साहब के अपमान के मामले में भाजपा ने किया प्रदर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता

**बरेली।** भारतीय जनता पार्टी महानगर ने बुधवार को बाबा साहब के सपा द्वारा अपमान करने के मामले में धरना प्रदर्शन अंबेडकर पार्क में किया। भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्गविजय सिंह शाक्य, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना ने बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया, इसके बाद धरना को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्गविजय सिंह शाक्य ने कहा कि बाबा साहेब का अपमान किसी भी कीमत पर भाजपा बर्दाश्त नहीं करेगी, जिस तरह से समाजवादी पार्टी ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की छवि का अपमान करते हुए जो चित्र जारी किया गया, जिसमें डॉ. अंबेडकर की बड़ी तस्वीर के साथ अखिलेश यादव की भी तस्वीर लगाई गई यह न केवल दलित समाज का, बल्कि समूचे राष्ट्रनायक का अपमान है। महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना ने इससे समाजवादी पार्टी के नेताओं की जो हरकत है वह दुर्भाग्यपूर्ण है। बाबा साहेब का अपमान किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दुर्भाग्यपूर्ण कृत्य के विरोध में भारतीय जनता पार्टी महानगर द्वारा धरना दिया गया। एससी एवं एसटी आयोग के सदस्य उमेश कठेरिया ने कहा कि यह न केवल दलित समाज का, बल्कि समूचे राष्ट्र नायक का अपमान है ऐसी हरकत से उनकी मानसिकता का पता लगता है। भाजपा नेता अनिल कुमार एडवोकेट और गुलशन आनंद ने भी जो राष्ट्र नायक का सम्मान नहीं कर सकता वह किसका सम्मान करेगा। भाजपा नेता पंडित राम गोपाल मिश्रा ने डॉक्टर अंबेडकर की बड़ी तस्वीर के साथ अखिलेश यादव की भी तस्वीर लगाई गई यह न केवल दलित समाज का बल्कि समूचे राष्ट्र नायक का अपमान है, इस दुर्भाग्यपूर्ण कृत्य के विरोध में अंबेडकर पार्क में धरना दिया गया। धरने में मुख्य रूप से भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्ग विजय सिंह शाक्य, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, एससी एसटी आयोग के सदस्य उमेश कठेरिया, अनिल कुमार एडवोकेट, गुलशन आनंद, पंडित राम गोपाल मिश्रा, निवोतिता श्रीवास्तव, दीपक सोनकर, विष्णु शर्मा, प्रभु दयाल लोधी, बंटी ठाकुर, प्रत्तेश पांडे, अरुण कश्यप, अजय प्रताप सिंह, अमरीश कठेरिया, प्रवेश वर्मा, सूर्यकांत मौर्य, राज किशोर कश्यप, योगेश कुमार, मोहित तिवारी, शिखा मल्होत्रा, राजीव कश्यप, कन्हैया राजपूत, नरेंद्र मौर्य, बृजेश प्रताप सिंह मौजूद रहे।

# टीवी को लेकर लोगों को किया जागरूक

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** भारत को टीबी मुक्त करने के लिए प्रधानमंत्री द्वारा लिए गए संकल्प के तहत शासन हर स्तर से नए-नए प्रयासों को अभियान का रूप देते हुए जी तोड़ मेहनत कर रहा है। जनपद बरेली के ब्लॉक नवाबगंज में वर्ल्ड हेल्थ पार्टनर्स की टीम द्वारा प्रत्येक आयुष्मान आरोग्य मंदिर से दो टीबी चौंपियन को खोजा गया और उन सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज में बुलाया गया और उन्हें टीबी के प्रति समाज में जागरूकता फैलाने हेतु प्रशिक्षित किया गया, और उन्हें इंपैक्ट इंडिया प्रोजेक्ट के माध्यम से ग्राम स्तर पर होने वाली हर बैठक में प्रतिभाग करने व जागरूकता फैलाने हेतु जानक. ारी दी गई। सभी ने टीबी मुक्त भारत बनाने की शपथ ग्रहण की। यहां चिकित्सा अधीक्षक डा. अमित गंगवार, प्रभारी वर्ल्ड हेल्थ पार्टनर्स से डिस्ट्रिक्ट लीड अभय मिश्रा, नेहा यादव , मुजाहिद, शिवेश तिवारी, पंकज, हरीश गंगवार पस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना को लेकर डीएम हुए सख्त

**डीएम बोले बैंक को सरकार सीधे ब्याज दे रही है, ऐसे में इतनी बड़ी संख्या में रिजेक्शन होना उचित नहीं**




शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना को गति देने के संबंध में बैंकर्स के साथ कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में उपायुक्त उद्योग द्वारा अवगत कराया गया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना में जनपद का लक्ष्य 2700 का है, जिसके सापेक्ष 595 पत्रावलियां डिस्बर्स होने के लिए तैयार हैं। 1502 पत्रावलियां विभिन्न बैंकों में प्रक्रिया में है।

बैठक में अवगत कराया कि जनपद की समस्त तहसीलों में कैंप लगाया गया था, और लोगों को मोटिवेट कर आवेदन कराए गए थे। कैम्पों के माध्यम से प्राप्त 360 आवे. दनों के सापेक्ष मात्र 120 लाभार्थियों को ही ऋण वितरण हुआ है, जबकि 15 दिन का समय व्यतीत हो चुका है। जिसपर डीएम ने उक्त प्राप्त आवेदनों को तीन दिन में निस्तारित करने के निर्देश दिए।

बैठक में डीएम ने निर्देश दिए कि मेगा ऋण वितरण मेला आयोजित कर स्वीकृत ऋणों का वितरण कराया जाये, इसके लिए एक तिथि निर्धारित कर ली जाए। बैठक में बैंकवार ऋण स्वीकृति हेतु आवेदन व ऋण वितरण हेतु आवेदनों की संख्या बताते हुए अति शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में डीएम ने बैंकर्स से उनके समक्ष आ रही समस्याओं के बारे में जानकारी ली। बैंकर्स ने बताया कि अभिलेख पूर्ण नहीं होते हैं, जिस कारण दिक्कत आती हैं। कोटेशन आदि की समस्या रहती है। बैठक में अवगत कराया गया कि एक्सीस बैंक द्वारा एक भी फाइल स्वीकृति नहीं की गयी है।

डीएम ने कहा कि यह गरीब लोगों को रोजगार शुरू करने के लिये सरकार की ओर से एक छोटी आर्थिक मद्द है यह सामाजिक हित का कार्य है। जबकि बैंक को सरकार सीधे ब्याज दे रही है, ऐसे में इतनी बड़ी संख्या में रिजेक्शन होना उचित नहीं है। कस्टमर आपसे एप्रोच करें यह अपेक्षा न करें, आप स्वयं उनसे सम्पर्क करें।

बैठक में अग्रणी बैंक प्रबन्धक द्वारा जानकारी दी गयी कि यदि किसी को बिजनेस बढ़ाने के लिए भी लोन की आवश्यकता है तो स्वीकृति प्रदान की जा सकती है। तहसील बहेड़ी का ऋण बरेली में और बरेली में बहेड़ी का ऋण स्वीकृति किया जा सकता है, इसमें कोई समस्या नहीं है।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जग प्रवेश, उपायुक्त उद्योग, अग्रणी बैंक प्रबन्धक सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना को पलीता लगा रहा है फील्ड ऑफिसर

**पीड़ित ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर की शिकायत**

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना को बैंक कर्मचारी जमकर पलीता लगा रहे हैं। कमीशन के चक्कर में आवे. दकों को ऋण देने में टरका रहे हैं। एक ऐसा ही मामला बहेड़ी में सामने आया है, जब आवेदक ने बैंक के फील्ड ऑफिसर से बैंक जाकर सम्पर्क किया तो फील्ड ऑफिसर फोन पर लगा रहा, और आवेदक की बात सुने बिना उसने जाने को कह दिया। फील्ड ऑफिसर की इस करतूत की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई है।

दरअसल, तहसील बहेड़ी के गांव निवासी युवक ने अपना व्यापार शुरू करने के लिए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना में आवेदन किया है। पीड़ित ने शिकायत में बताया कि उसका आवेदन डीआईसी कार्यालय बरेली से जांच के बाद आवेदन स्वीकृत के लिए बहेड़ी के नगर पालिका स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा बहेड़ी को भेज दिया है। आरोप है कि जब पीड़ित अपनी फाइल के बारे में पूछने बैंक गया तो फील्ड ऑफिसर काफी देर तक फोन पर बाते करने में लगा रहा। काफी देर बाद फोन पर बातें करते हुए उसने उसकी फाइल नहीं देखी तो उससे सम्पर्क करने के लिये जब उसने फील्ड ऑफिसर का नम्बर मांगा तो उसने नंबर देने से इंकार कर दिया। इतना ही नहीं, जब पीड़ित ने अपना आवेदन संख्या डालकर ऑनलाइन दिखाया तो फील्ड ऑफिसर ने कहा कि उसके पास इतना समय नहीं है। ऐसी फाइलें तो आती रहती हैं, डीआईसी कार्यालय ने फाइल अप्रूव की है, उन्हीं से जाकर लो। पीड़ित ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इस मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषी बैंक कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

**इसी बैंक के कर्मचारी ने नाबालिग को बंदूक की बटों से पीटकर किया था लहूलुहान**

पीड़ित ने अपनी शिकायत में यह भी बताया कि बीते फरवरी माह में इसी बैंक के कर्मचारी ने एक नाबालिग बच्चे को बंदूक की बटों से पीट-पीटकर लहूलुहान कर दिया था। जिसका मुकदमा उस बैंक कर्मी के खिलाफ बहेड़ी कोतवाली में दर्ज हुआ था। इसके बावजूद भी बैंक के कर्मचारी सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं।

## डीएम ने ली सीएम डैशबोर्ड की बैठक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को राजस्व विभाग की सीएम डैशबोर्ड की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि शासन स्तर से सीएम डैशबोर्ड लगातार समीक्षा होती है अत: इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन को निर्देश दिए गए कि जो भी आय तथा जाति प्रमाण पत्र जारी किये जाएं उसकी जांच उचित प्रकार से करायी जाए। समस्त उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि तालाब तथा पट्टा आवंटन में जो भी कार्य अधूरा रह गया है उसे अतिशीघ्र पूर्ण कर लिया जाये।

जिलाधिकारी ने समस्त उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि राजस्व वादों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा अपनी-अपनी कोर्ट में यह देख लें कि लेखपाल स्तर से कितने मामले पेण्डिंग चल रहे हैं तथा कितनों का निस्तारण हो गया है।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0-9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# अखिल भारत वर्षीय ब्राम्हण महासभा संगठन का हुआ विस्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा ने मंगलवार को भगवान श्री परशुराम जी के जन्मोत्सव समारोह के उपरांत संगठन का विस्तार कर मनोनीत पदाधिकारियों को जिला संरक्षक पंडित रमेश चंद्र पाण्डेय व मंडल महामंत्री पंडित आकाश पाराशर की उपस्थिति में मनोनयन पत्र प्रदान किए गए। मनोनयन पत्र वितरण आयोजन में जिलाध्यक्ष अशोक बाजपेई, जिला महामन्त्री दीपक शुक्ला ने महिला कार्यकारिणी में संयुक्त रूप से श्रीमती रत्ना शुक्ला, श्रीमती पंकज तिवारी को जिला संयोजक का पद भार सौप कर महिला संगठन का विस्तार कर महिला टीम बनने हेतु निर्देशित किया। नगर पीलीभीत के अध्यक्ष पद पर रणवीर पाठक एवं नगर महामंत्री के पद पर श्री गौरी शंकर मंदिर के महंत जय शंकर शर्मा उर्फ लल्ला महाराज को मनोनीत किया गया। इसी क्रम में संतोष मिश्रा संगठन मंत्री, संदीप मिश्रा, राजीव राय, विशाल मिश्रा को उपध्याक्ष पद पर मनोनीत किया गया। अक्षय द्विवेदी प्रचार मंत्री, विराट शर्मा, विशेष शर्मा, सिद्धार्थ मिश्रा, राम मिश्रा,



सुधाकर वाजपेई को मंत्री पद पर मनोनीत किया गया। इस अवसर पर जिला युवा अध्यक्ष पद का दायित्व हर्षित अग्निहोत्री को सौंपा गया। जिला महामन्त्री आशीष दीक्षित व समीर शुक्ला, अरुण मिश्रा, अश्वनी शुक्ला, पियूष मिश्रा को उपाध्यक्ष बनाया गया। प्रियांशु मिश्रा, राहुल मिश्रा, नरेंद्र मिश्रा, महेश मिश्रा, अनुज त्रिपाठी, रूद्र शर्मा को जिला मंत्री की पद पर मनोनीत किया गया। नगर पीलीभीत में युवा नगर अध्यक्ष पद पर अमित अवस्थी, नगर महामन्त्री रामानुज अवस्थी, अनमोल अग्निहोत्री, राधे नारायण शर्मा, विनीत शर्मा, उज्ज्वल मिश्रा को नगर उपाध्यक्ष पद पर अमित दीक्षित, केशव दीक्षित, हर्षवर्द्धन तिवारी, प्रसून अवस्थी, यश मिश्रा को नगर मंत्री के पद पर मनोनीत किया गया।

# पांच साल की मासूम बच्ची से दरिंदगी, हालत गंभीर

### पुलिस अधीक्षक ने अस्पताल पहुंच परिजनों से की बात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** थाना न्यूरिया क्षेत्र में एक पांच वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। घटना के बाद बच्ची की हालत बिगड़ने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां चिकित्सक उसका उपचार कर रहे हैं वहीं दूसरी ओर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। लेकिन घटना के बाद आरोपी फरार है। न्यूरिया थाना क्षेत्र के एक गांव में कल मंगलवार की शाम 5 साल की एक मासूम बच्ची पास की ही किराने की दुकान पर कुछ सामान लेने गई थी। आरोप है कि गांव के ही रहने वाले 20 वर्षीय वीरपाल उर्फ कलुआ ने मासूम बच्ची को वापस आते समय रास्ते से उठा लिया और उसे सुनसान पुलिया में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद खून से लहूलुहान बच्ची रोते हुए अपने घर पहुंची और बदहवास अवस्था में परिजनों को पूरे मामले की जानकारी दी। घटना के बाद परिजन मासूम बच्ची को थाने लेकर पहुंचे। जहां बच्ची को गंभीर देखते हुए उसे इलाज व मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। घटना की जानकारी मिलने का बाद पुलिस के कई अधिकारी बच्ची के परिजनों से बातचीत करने के लिए घटनास्थल पर पहुंचे। आरोपी की दरिंदगी का शिकार हुई मासूम बच्ची का उपचार जिला अस्पताल में जारी है। पूरे मामले में पुलिस ने परिजनों से मिली शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा पंजीकृत किया है। बुधवार को पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने मेडिकल कालेज पहुंचकर बच्ची के परिजनों से वार्ता कर जल्द आरोपी की गिरफ्तारी की बात कही।

## कोसी में रह रहे असम के लोगों की हो रही जाँच

**कोसीकलां।** नगर के निकासा ईदगाह के पास एवं विद्यालयों के पास किराए पर रहे करीब साढे चार दर्जन असम, बंग्लादेष एवं पष्चिमी बंगाल के लोगों की खुफिया विभाग ने जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि विभागीय अधिकारियों ने उक्त लोगों के आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेजों को अपने कब्जे में लिए है। जांच के बाद उक्त लोगों के बारे में निर्णय लिया जाएगा। जानकारी के अनुसार नगर के निकासा क्षेत्र स्थित ईदगाह एवं माभई स्थित मषहूर दो विद्यालयों के पीछे खाली प्लॉट किराए पर लेकर करीब दो दर्जन असम, बंग्लादेष एवं पष्चिमी बंगाल के परिवार रह रहे है, जिनमें तकरीबन साढे चार दर्जन लोग मौजूद है।

# एएसपी ने भारत-नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**शाह टाइम्स पूरनपुर।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया द्वारा कानून एवं शान्ति व्यवस्था व पहलगाम में हुई आतंकवादी घटना के दृष्टिगत शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु थाना माधोटांडा क्षेत्रान्तर्गत पिलर नं 793/2 भारत-नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा का एपीएफ नेपाल (आर्म्ड पुलिस फोर्स), सशस्त्र सीमा बल व जनपदीय पुलिस के साथ भारत-नेपाल अंतराष्ट्रीय बॉर्डर व चैकपोस्टों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। एएसपी द्वारा आर्म्ड पुलिस फोर्स, सशस्त्र सीमा बल व जनपदीय पुलिस को आपसी समन्वय बनाए रखते हुए प्रभावी गश्त और निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए गए।

# कश्मीर बसैरन के पहलगाम में हुआ आतंकी हमला निन्दनीय : डा. ए.ए. शेख़



**जेवर।** वंचित समाज इंसाफ पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जनाब डा0 ए0ए0 शेख ने पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि सैलानियों पर किया गया हमला बहुत ही निंदनीय और कायरता पूर्ण होने के साथ ही अत्यन्त चिंताजनक और शर्मनाक है। जिन लोगों ने उक्त हमले में अपनी जानें गंवाई हैं देश उन के हर दुख में साथ खड़ा है और सरकार को भी उनकी पूरी मदद (सहायता) करनी चाहिए। वंचित समाज इंसाफ पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ए0ए0 शेख़ ने कहा कि बसेरन में देश विभिन्न स्थानों से सैर करने के लिए गए निहत्थे और निर्दोष्ठा लोगों पर गोलियां चलाना कायरों का काम है। उन्होंने देश की सरकार से आतंकियों को किसी भी सूरत में बख्से नहीं जाने की अपील की। डा0 ए0ए0 शेख़ ने कहा कि देश में बिना मतलब के मुद्दों को उछाल कर उनपर बे-मतलब की बहस हो रही है इसी का फायदा आतंकियों ने उठाया है इस दौरान हमारी सुरक्षा एजेंसियों से भारी भूल हुई है। वी0आई0पी0 पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री शेख़ ने कहा कि वह चाहते हैं कि इन आतंकियों को ऐसी सजा मिले कि कोई भी आतंकी भारत एवं भारतवासियों पर हमला करने से पहले सौ बार सोचे। उन्होंने देशवा. सियों से पुन: भाईचारा कायम रखते हुए सदभावना के साथ रहने की भी पुरजोर अपील की।

# यमुना प्राधिकरण की गलत नीतियों के खिलाफ किसानों ने किया धरना प्रदर्शन, जेवर विधायक को ज्ञापन देकर की निराकरण कराने की मांग



**जेवर/रबूपुरा।** यमुना प्राधिकरण की किसान विरोधी नीतियों से उत्पन्न समस्याओं से आजिज किसानों ने आज तिरथली प्राइमरी विद्यालय के निकट जबरदस्त धरना प्रदर्शन कर समस्याओं के जल्द समाधान किए जाने की मांग करते हुए सात प्रतिशत आवासीय भू-खण्ड एवं 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त मुआवजा दिलाए जाने क्षेत्र में सदियों से रह रहे सभी समुदायों की सभी मूलभूत समस्याओं निराकरण कराये जाने की मांग उठाते हुए सूचना पर धरना स्थल पर पहुँचे जेवर विधायक ठा0 धीरेन्द्र सिंह को एक ज्ञापन सौंपा।

क्षेत्रीय विधायक ठा0 धीरेन्द्र सिंह को किसानों ने दिए ज्ञापन में कहा कि क्षेत्र के भटटा पारसौल में विगत वर्षों तत्कालीन मायावती सरकार में हुए बड़े किसान आन्दोलन का नेतृत्व आपके द्वारा किया गया था। जिसमें भूमि अधिग्रहण 2013 कानून जो 125 सालों की मशक्कत और शहादतों से सम्भव नहीं हो सका था वजूद में आया था। जिस कानून का ड्राफ्ट बनवाने में आपने दिन-रात एक कर दिया था आज उसी कानून की रूह एवं जिस्म को यीडा ने प्रहार कर लहुलुहान करके रख दिया है। उक्त कानून 2013 को बनवाने में आपकी मेहनत और भूमिका काफी महत्वपूर्ण रही आप इसकी इबारत के खास किरदार रहे थे। इसी लिए इसकी सुरक्षा व हिफाजत किए जाने की उम्मीद ीाी आप ही से लगाई जा सकती है। ज्ञापन में किसानों ने आगे लिखते हुए कहा कि उस समय आपने दूसरा महत्वपूर्ण कार्य यह किया था कि उस दौरान बोर्ड की बैठकों में ग्रामों की पैरीफेरल पारित कराने में भी आपकी भूमिका सराहनीय रही थी। किसानों का यह भी कहना है कि सूत्रों से पता चला है कि अगले सप्ताह ही यीडा द्वारा तिरथली क्षेत्र अवशेष्ठ भूमि के अधिग्रहण हेतु धारा 11 का प्रस्ताव शासन स्तर पर भेजा जाने वाला है जबकि हमारे क्षेत्र की तकरीबन 80 प्रतिशत भूमि को यीडा आपके सहयोग से किसानों की सहमति से ले चुका है। किसानों का कहना था कि यदि प्राधिकरण किसानों की पुरानी आबादियों को तोड़कर बिल्डरों एवं व्यापारियों को देता है तो वह पहले किसानों को 7 प्रतिशत आवासीय भूखण्ड दे यमुना प्राधिकरण द्वारा पहले यमुना एक्सप्रेसवे में गई भूमियों सहित सभी का 64.7 प्रतिशत मुआवजा देवे। इसके अलावा ग्रामों में सैंकड़ों वर्षों से निवास कर रहे समुदायों को उनके धार्मिक सांस्कृतिक सामाजिक क्रियाकलापों हेतु भूमि एवं भवन बनाकर दे। धरना प्रदर्शन में भारी संख्या में आए सभी किसानों ने एक

# बास्केटबॉल प्रतियोगिता में एथिक्स हाउस ने नौ बास्केट से जीता मैच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** बेनहर गुरुकुल के बास्केटबॉल कोर्ट में इंटर हाउस बास्केटबॉल प्रतियोगिता कक्षा 9 से 12 वीं तक के छात्रों के मध्य आयोजित की गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक गुरदित्त सिंह सेहमी व प्रधानाचार्या डॉ निर्मल कौर ने सभी खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर उत्तम खेल प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। खेल अध्यापक रमनदीप सिंह ने रेफरी की भूमिका निभाई।पहली पारी में इंटीग्रिटी और लीडरशिप हाउस के बीच मुकाबला हुआ जिसमें लीडरशिप ने इंटीग्रिटी के विरुद्ध आठ बास्केट करके विजय हासिल की। दूसरी पारी में एथिक्स और नॉलेज के बीच एथिक्स ने 20 बास्केट करके जीत दर्ज की। फाइनल मैच लीडरशिप और एथिक्स के बीच हुआ जिसमें एथिक्स ने 9 बास्केट के अंतर से विजय हासिल की। एथिक्स हाउस के अनिकेत गुप्ता व मो. दाइम के बेहतरीन प्रदर्शन ने टीम को विजय हासिल करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विजेता खिलाड़ियों में अनिकेत गुप्ता, मुहम्मद दाईम, संस्कार, वंश, अंश, नादिर, अल्मान, हर्ष, शुभ मिश्रा, आदित्य और आयुष शामिल रहे।

## सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** स्याना के स्टेट हाईवे मार्ग स्थित बुगरासी चौराहे के निकट मंगलवार की देर रात अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। जिसमें उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। तहसील क्षेत्र के गांव निजामपुर बांगर निवासी 38 वर्षीय संदीप कुमार गांव में परचून की दुकान करता था। मंगलवार की देर रात किसी काम के चलते वह नगर में आया था। नगर के स्टेट हाईवे मार्ग स्थित बुगरासी चौराहे के निकट एक तेज रफ्तार अनियंत्रित अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से संदीप की मौके पर ही मौत हो गई। कोतवाली प्रभारी यज्ञदत्त शर्मा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों द्वारा अभी तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# मुठभेड़ में इनामी बदमाश को लगी गोली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** अरनिया थाना क्षेत्रा के गांव बढ़ा फ्लाइओवर के निकट ऑटो सवार और बाइक सवार से पुलिस की मुठभेड़ हो गई। इसमें गोली लगने से गौतमबु(नगर के एक मोटर चोर को घायल अवस्था में गिरफ्रतार किया। साथ ही उसके अन्य साथी को भी गिरफ्रतार किया गया। मौके से पफरार 25 हजार के इनामी गोकश को खुर्जा देहात पुलिस ने बगराई चौकी के निकट मुठभेड़ के बाद गिरफ्रतार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के पास से अवैध असलाह, एक ऑटो रिक्शा, तीन चोरी की मोटर, मोटर चोरी करने के उपकरण और एक बाइक बरामद की है। सीओ खुर्जा विकास प्रताप सिंह ने बताया कि मंगलवार की रात अरनिया पुलिस क्षेत्रा के विभिन्न स्थानों पर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान बढ़ा गांव की तरपफ से एक संदिग्ध ऑटो और उसके आगे एक बाइक आती हुई दिखाई दी। रुकने का इशारा करने पर ऑटो और बाइक सवार बदमाशों ने अपने वाहनों को वापस बढ़ा गांव की ओर भगाने का प्रयास किया। जिसमें ऑटो पेड़ से टकरा गया। पुलिस से खुद को घिरता देख बदमाशों ने पुलिस पर पफायरिंग कर दी। जवाबी पफायरिंग में एक बदमाश के पैर में गोली लग गई। इसके बाद पुलिस ने उसे एक अन्य साथी के साथ गिरफ्रतार कर लिया। वहीं बाइक सवार एक बदमाश मौके से पफरार हो गया। इसकी सूचना जिले के सभी थानों को दी गई। घायल बदमाश ने अपना नाम शहजाद पुत्रा अकबर निवासी ग्राम कलौंदा गौतमबु(नगर, दूसरे ने अपना नाम तरीकत पुत्रा अशपफाक खां निवासी ग्राम भुल्लनगढ़ी बताया। दोनों के पास से दो तमंचे, एक कारतूस, एक खोखा, एक ऑटो रिक्शा, तीन चोरी की मोटर और मोटर चोरी करने के उपकरण बरामद हुए। सीओ ने बताया कि उक्त बदमाशों द्वारा जिले के विभिन्न थाना क्षेत्राों में ट्यूबवेल से मोटर व तार चोरी करने की घटना की गई थी। आरटी-सेट से मिली सूचना के आधर पर खुर्जा देहात पुलिस की दो टीमों ने बाइक से पफरार हुए बदमाश की तलाश के लिए बगराई और हजरतपुर पूठरी बंबे के पास चेकिंग शुरू कर दी। इसी दौरान अरनिया की तरपफ से बाइक पर संदिग्ध व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया। रोकने के प्रयास में वह बाइक को तेजी से हजरतपुर पूठरी की ओर भगाने लगा। कुछ दूरी पर बदमाश की बाइक अनियंत्रित होकर पिफसल गई। खुद को पुलिस से घिरता देख बदमाश ने पुलिस पर पफायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी पफायरिंग में बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। जिसको घायलावस्था में गिरफ्रतार किया गया। गिरफ्रतार घायल बदमाश ने अपना नाम नौशाद पुत्रा पिफराजू निवासी ग्राम मलगौसा थाना खुर्जा देहात बताया। उसके पास से एक तमंचा, एक कारतूस, तीन खोखा, एक बाइक बरामद

# खाद्य विभाग के भय से डेरी वालों में हड़कंप

**कोसीकलां।** तीन दिन से लखनऊ से खाद्य एवं औषधि विभाग की टीम आने की सूचना से हडकंप मचा है। नगर की अधिकांश डेरिया एवं पनीर व देशी घी बेचने वाले व्यापारी भूमिगत हो गए है। इससे नगर वासी भी स्तभध है, कह रहे है कि इसका मतलब समूचे बाजार एवं डेरियों पर नकली घी एवं पनीर की बिक्री की जा रही थी। उल्लेखनीय हो कि काफी दिनों से नगर की अधिकांष डेरियों वं घी तथा पनीर की दुकानों पर नकली घी तथा पनीर बेचने की शीकायत लखनऊ के उच्चाधिकारियों को मिल थी। जिसको लेकर लखनऊ की खाद्य एवं औषधि विभाग की टीम के आने की सूचना गत सोमवार की प्रातः उठने लगी है। दो दिन से टीम आने की सूचना से संबधित व्यापार से संबध रखने वाले संचालक व्यापारी भूमिगत


# पहलगाम हमले के विरोध में सपा-कांग्रेस का उपवास



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जहांगीराबाद।** नगर के गांधी चौक पर जिला कांग्रेस के पूर्व उपाध्यक्ष अम्बरीश वर्मा के नेतृत्व में एक दिवसीय उपवास का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अम्बरीश वर्मा ने कहा कि भारत सरकार को चाहिए कि पाकिस्तान को मिट्टी में मिला दे पूरा विपक्ष में पूरा देश सरकार के साथ खड़ा हुआ है। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष श्यौपाल सिंह ने कहा कि पहलगाम हमला पर पूरे हिंदुस्तान की अस्मिता पर हमला है और सरकार को पाकिस्तान हमला कर रावलपिंडी में हिंदुस्तानी झंडा जल्द से जल्द फहराना चाहिए। इस अवसर पर सपा नेता व पूर्व विधायक मुकेश पंडित ने कहा कि यह निंदनीय घटनाएं और इस बार शहीद हुए लोगों को पांच-पांच करोड रुपए व परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी सरकार को देनी चाहिए। उपवास के अंत में शहीद हुए सैलानियों की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर सभासद सुल्तान अंसारी, अनीस मलिक, महिपाल सैनी, साजिद चौधरी ने सयुक्त रूप से सरकार से मांग की पाकिस्तान पर तुरंत हमला कर दिया जाना चाहिए। इस अवसर पर इंतजार पठान, खालिद सिद्दीकी, नरेंद्र गोयल, मास्टर गजफ्फर अली अय्यूब प्रधान, किशोरी लाल, तारिक खान, सुभाष वर्मा, मंजूर हुसैन, फईमुद्दीन मेवाती, मुश्ते हसन कुरैशी, सुरेंद्र सिंह लोधी सुभाष प्रधान समेत आदि लोगों मौजूद रहे। इसके बाद एक ज्ञापन महामहिम के नाम कोतवाली प्रभारी रामफल सिंह को दिया।

## डीएम ने ईवीएम वेयर हायस का निरीक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** बुधवार को सदर तहसील परिसर में बने ईवीएम वेयर हाउस का श्रुति ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बाह्य निरीक्षण किया। वेयर हाउस में लगे सीसीटीवी कैमरों का भी मॉनिटर पर अवलोकन करते हुए कैमरों के क्रियाशील होने का सत्यापन किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व अभिषेक सिंह, सदर उप जिलाधिकारी नवीन कुमार उपस्थित रहे।

# सीलिंग सर्टीफिकेट भरे बिना लगा रहे स्मार्ट मीटर लगाने पर हंगामा

**कोसीकलां।** स्मार्ट मीटर लगाने गए कर्मचारी ने उपभोक्ता के साथ अभद्रता कर दी, जिससे जमकर हंगामा हुआ। मौके पर पहुंचे जेई और पुलिस ने समझा बुझाकर लोगों का शांत किया, जब जाकर मामला रफा-दफा किया। नगर में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य किया जा रहा है, जिसमें मीटर लगाने वाले कर्मचारी पुराने मीटर को उखाड़कर नया लगा रहे है, जबकि मौके रीटर उखाड़कर सीलिंग प्रमाणपत्र नही भर रहे। इससे पुराने मीटर की रीड़िग का क्या पता लगेगा। इससे कर्मचारी मनमानी कर रहे है। हुआ यूं कि पुरानी जीटी रोड पर नगर पालि. का गेट के समीप एक दुकान पर कर्मचारियों ने मीटर को उखाड़ने से पूर्व सीलिंग प्रमाणपत्र भरने को कहा तो कर्मचारी ने अनसुना कर दिया। दुकानदार के कहने पर कर्मचारी ने प्लास, पेचकस मारने की धमकी दी तो वहां हंगामा होने लगा। उपभोक्ता ने पुराना मीटर देने से इसकी सूचना मिलने के बाद जेई अनूप गौड और पुलिस वहां पहुंच गई। उपभोक्ता का आरोप है कि कर्मचारी पुराना मीटर बिना सीलिंग के उखाड़ कर ले गए और बिजली अधिकारी उल्टा आरोप लगा रहे कि वह चोरी से बिजली प्रयोग कर रहा है। जब उसकी दुकान में मीटर लगा ही नही तो फिर स्मार्ट मीटर क्यों लगा दिया। जेई का कहना कि पुराना मीटर उपभोक्ता

# परशुराम जयन्ती पर किया हवन



**कोसी कलां।** ब्राह्मण सभा ने अक्षय तृतीया तथा भगवान परशुराम जयन्ती पर विप्र बन्धुओ ने क्षेत्र वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी

अध्यक्ष सत्य प्रकाश शर्मा ने कहा है कि अक्षय तृतीया को अत्यन्त पुण्यदायी तिथि मानी गयी है। अक्षय तृतीया युगादि तिथि है अर्थात इस तिथि को अनेक युगों से मनाया जा रहा है। भगवान विष्णु सारी सृष्टि के संरक्षक हैं। इसलिए अक्षय तृतीया की तिथि को भगवान विष्णु का आशीर्वाद प्राप्त है। श्रद्धालुओं द्वारा इस तिथि को भगवान विष्णु के लक्ष्मीनारायण रूप का विशेष रूप से पूजन किया जाता है। अक्षय तृतीया की तिथि सभी शुभ एवं मांगलिक कार्यों के लिए उत्तम मानी जाती है। इसी तिथि को हमारे ईष्ट भगवान परशुराम का जन्म हुआ था इसलिए परशुराम जयन्ती भी मनायी जाती है। समाज में धर्म एवं न्याय की स्थापना में भगवान परशुराम का अतुलनीय योगदान है। धर्म और न्याय के मार्ग का अनुसरण करके ही लोक कल्याण एवं लोक मंगल का संकल्प पूरा किया जा सकता है। विप्र बन्धुओ ने सब्जी मंडी स्थित परशुराम चौक पर प्रातः हवन यज्ञ किया एव सत्तू का प्रसाद वितरण किया कार्यक्रम में कपिल शर्मा बिहारी शरण शर्मा अशोक आढ़ती राजेन्द्र पण्डित राजू पण्डित सोनू शर्मा राम प्रकाश शर्मा विजय शर्मा देवेश शर्मा देवेश गिरधारी महाराज आदि रहे।

# वैदिक मंत्रों के साथ मनाया भगवान परशुराम का प्राकटोत्सव, 4 मई को निकलेगी भव्य शोभायात्रा

**मथुरा।** गांधी पार्क चौक बाजार स्थित लक्ष्मी दास हॉल में भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। विद्वानों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान परशुराम का दूध, दही, शहद, घी, शक्कर, केसर, चंदन व गंगा, यमुना जल से अभिषेक किया गया। भगवान को सुंदर वस्त्र धारण कराकर सुसज्जित फूल बंगले में विराजमान कर उन्हें सत्तू, खरबूजा, तरबूज, दूध गुलाब, जलेबी, कचौड़ी व अन्य व्यंजनों का भोग लगाया गया, तत्पश्चात सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। परशुराम शोभा यात्रा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित रामगोपाल शर्मा, महामंत्री बंसीलाल शर्मा, पूर्व नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्यामसुंदर उपाध्याय बिट्टू भैया, बार एसोसिएशन अध्यक्ष प्रदीप शर्मा एडवोकेट, मनप्रकाश, अखिलेश गौड़, राकेश गौड़ आदि ने गोष्ठी को संबोधित कर लोगों से भगवान परशुराम के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। परशुराम महिला समिति की अध्यक्ष भावना शर्मा ने भी अन्य महिलाओं के साथ अभिषेक किया। इस दौरान प्रमुख रूप से आचार्य रमाकांत गोस्वामी, मनोज शर्मा, बॉबी भैया, गौरव शर्मा, गजेंद्र शर्मा, ओपी उपाध्याय, केके शर्मा, चंद्रप्रकाश, गौरीशंकर, अखिलेश गौड़, आशुतोष भारद्वाज आदि रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# ट्राली में विकलांग का शव मिलने से क्षेत्र में मची सनसनी, सूचना पर पहुंची पुलिस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ढकिया/रामपुर।** ढकिया में प्राइमरी स्कूल के पास ट्रॉली के अंदर विकलांग का शव पड़ा मिलने से क्षेत्र में सनसनी मच गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को ट्राली में से निकला वहीं परिजन के कहने पर पचनामा भरकर शव को परीजन के हवाले कर दिया। बुधवार को कोतवाली क्षेत्र के गांव मधुकर का रहने वाला 30 वर्षीय वेद प्रकाश पुत्र रेवत सिंह का शव ढकिया में प्राइमरी स्कूल के पास ट्राली में पड़ा हुआ मिला। राहगीरों ने पुलिस को सूचना कर बताया सूचना पर ढकिया चौकी इंचार्ज मनोज चौधरी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे वहीं सूचना पर कोतवाल शाहबाद पंकज पन्त भी मौके पर पहुंचे शव को ट्राली से बाहर निकलवाया शव की शिनाख्त मधुकर के रहने वाले 30 वर्षीय वेद प्रकाश पुत्र रेवत सिंह के रूप में हुई। ट्राली में पड़े शव के मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई और आसपास के लोग की भीड़ मौके पर जमा होना शुरू हो गई। मृतक की मां जमुना देवी व भाई तिरमोहन ने बताया कि मृतक वेद प्रकाश अक्सर घर से कई कई दिन के लिए गायब हो जाया करता था और वापस आ जाया करता था वह इस बार भी लगभग 3 दिन से घर से गायब था सोचा शायद अपने दोस्तों में चला गया होगा, अक्सर झगड़ा भी किया करता था और नशे का आदी था। वहीं परिजन ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करने से मना किया परिवार के आग्रह पर पुलिस ने मृतक का पंचनामा भरकर मृतक के शव को परिजन के हवाले कर दिया।

# नए वक्फ संशोधन बिल के लागू होने पर अब संपत्ति की लूट नहीं होगी: कुंवर बासित अली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर बासित अली ने कहा कि नए वक्फ संशोधन बिल के लागू होने पर अब संपत्ति की लूट नहीं होगी। गरीबों को उनका हक मिलेगा। पहले कानून की लचरता का लाभ उठाते हुए काफी लोगों ने संपत्ति की लूटपाट की थी। भाजपा जिला कार्यालय पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर वासित अली ने कहा कि वक्फ संशोधन कानून से कांग्रेस और सपा में बेचौनी का माहौल है। भाजपा मुस्लिम समाज में जानजागरण अभियान चलाएगी। गरीबों के हक को भाजपा उन गरीबों तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। सच्चर कमेटी की रिपोर्ट के अनुसार 2006 में 4 लाख 50 हजार संपत्ति थी जिनकी आय 163 करोड़ थी 2013 में 8 लाख 72 हजार संपति से 166 करोड़ कमाई हुई। जबकि कमाई 100 अरब से ऊपर हो सकती थी। इस संपत्ति से गरीबों की सुविधा के लिए शिक्षा स्वास्थ्य की व्यवस्था होगी। अस्पताल, सामुदायिक केंद्र बन सकें। भाजपा सरकार में कमाई का हिसाब रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि बिल लागू होने के बाद देश में गरीब मुसलमानों, विधवाओं और यतीम बच्चों का भला होगा। अब अधिनियम लागू होने के बाद वक्फ संपत्ति का मुतवल्ली को हिसाब देना होगा। अभी तक वक्फ से होने वाली आय व खर्चों का कोई खाता बही नहीं होता था। वक्फ कानून से किसी भी मस्जिद, दरगाह, कब्रिस्तान या खानकाह का अस्तित्व समाप्त नहीं होने वाला है। कार्यशाला में जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार, जिला प्रभारी राजा वर्मा, पूर्व विधायक युसूफ अली, पूर्व जिला अध्यक्ष सुभाष भटनागर, चेयरमैन दीक्षा गंगवार, दिनेश गोयल, अशोक बिश्नोई, रविंद्र सिंह रवि, सतनाम सिंह, संजय पाठक, अर्जुन रस्तोगी, मोहन कुमार लोधी, देवेश गुप्ता, अनु सक्सेना, भव्य उप्पल, वेद प्रकाश सागर, कांता लोधी, राजू सुमन, सौरभ गुप्ता, अजीत गौतम, अमित दिवाकर, अर्जित सक्सेना, फहरत अली खान, प्रदीप गुप्ता, वसीम खान, बाकर खान, आदिल अलमास, आदि उपस्थित रहे।



# समाजवादी पार्टी ने किया बाबा साहब का अपमान, देश से माफी मांगे अखिलेश: हरीश

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने अम्बेडकर पार्क में किया प्रदर्शन, सपा के खिलाफ की जमकर नारेबाजी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** समाजवादी पार्टी के कार्यक्रम में भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर का आधा सिर कटा चित्र लगाने को लेकर भाजपा में आक्रोश है। बुधवार को भाजपाईयों ने जोरदार नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। उन्होंने सपा प्रमुख अखिलेश यादव से सार्वजनिक माफी मांगने की मांग की। कहा कि सपा ने बाबा साहब का अपमान किया है। यह सिर्फ एक भूल नहीं, बल्कि बाबा साहब के योगदान को नजरअंदाज करने की मानसिकता को दर्शाता है। बुधवार को भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार के नेतृत्व में पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता व जनप्रतिनिधि सिविल लाइंस स्थित आंबेडकर पार्क में एकत्र हुए। गुस्साए कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि समाजवादी पार्टी शुरू से ही बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर का अपमान करती आई है। अब लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम में बाबा साहब के चित्र को आधा दर्शाकर आधे चित्र में अखिलेश यादव की फोटो दर्शाई है। यह एक निंदनीय कृत्य है, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि इससे साफ है कि अखिलेश यादव अपनी तुलना बाबा साहब से करना चाहते हैं। लेकिन, कृत्य और कुकृत्य में फर्क होता है। इतिहास गवाह है कि सपा ने हमेशा दलितों को दबाने का काम किया है और वे आज भी इसी मानसिकता से ग्रस्त हैं। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव को देश से सार्वजनिक माफी मांगनी चाहिए। इस अवसर पर जिला प्रभारी राजा वर्मा, कुंवर बासित अली, यूसुफ अली, सुरेश गंगवार, रविंद्र सिंह रवि, अशोक विश्नोई, सुभाष भटनागर, दीक्षा गंगवार, दिनेश गोयल, अर्जुन रस्तोगी, संजय पाठक, मोहन कुमार लोधी, ऋषि पांडे, देवेश गुप्ता, अनु सक्सेना, भव्य उप्पल, वेद प्रकाश सागर, कांता लोधी, राजू सुमन, सौरभ गुप्ता, अजीत गौतम, अमित दिवाकर, सतनाम सिंह, अर्जित सक्सेना, प्रदीप गुप्ता, वसीम खान, बाकर खान, आदिल अलमास, आदि उपस्थित रहे।

# सीएचसी में हुआ पोषण आहार किट का वितरण



**( विशाल जोशी )**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद में बुधवार को क्षय रोगियों को पोषण आहार किट वितरण की गई। पोषण आहार किट वितरण में शाहबाद के राणा शुगर मिल ने सहयोग किया। इस दौरान लगभग 100 मरीजों को पोषण आहार किट वितरण करने का लक्ष्य रखा गया था। राणा शुगर मिल के एचआर हेड मोहित कुमार ने बताया कि राणा शुगर मिल की तरफ से टीवी रोगियों को बेहतर आहार उपलब्ध करने के लिए सीएचसी पर जाकर पोषण आहार किट वितरण की गई, मिल ने 100 मरीजों को किट वितरण का टारगेट रखा था। वहीं राणा सुगर मिल परिवार मरीजों के जल्द स्वस्थ होने की भी कामना करता है। इस दौरान डॉ निर्दोष, डॉ संजीव कुमार, काउं. सलर जितेंद्र प्रताप, सैंपल ट्रांसपोर्टर महिपाल आदि मौजूद रहे।

# प्रधान पक्ष ने शिकायतकर्ता भाइयों पर किया लाठी-डंडों से हमला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** क्षेत्र के ग्राम ललवारा में विकास कार्यों की जांच के दौरान हिंसा की घटना सामने आई है। ग्राम प्रधान हाजी अकील और उनके साथियों ने दो भाइयों पर हमला कर दिया। घटना की जानकारी देते हुए सद्दाम ने बताया कि करीब दो महीने पहले उनके भाई अनादिल ने ग्राम प्रधान हाजी अकील पर विकास कार्य के नाम पर सरकारी धन के दुरुपयोग की शिकायत की थी।कार्य के नाम पर सरकारी धन के दुरुपयोग की शिकायत की थी।इस शिकायत पर उच्च अधिकारियों ने जांच टीम गठित की। बुधवार को जांच टीम पंचायत घर में विकास कार्यों की जांच कर रही थी। इसी दौरान शिकायतकर्ता अनादिल और मोहम्मद अजहर वहां पहुंचे। मौके पर मौजूद ग्राम प्रधान हाजी अकील, उनके भाई नुरुल और नुमान, बेटे मोहम्मद उबेद और जुनैद, पंचायत सहायक जावेद और फेज ने मिलकर दोनों भाइयों पर हमला कर दिया। आरोपियों ने लाठी-डंडे और कुर्सियों से मारपीट की। साथ ही पथराव भी किया। इस हमले में अनादिल और मोहम्मद अजहर घायल हो गए। पीड़ित पक्ष ने सभी आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# रिक्शा हटाने को लेकर विवाद में किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी /रामपुर।** नगर में छितौनी मार्ग के समीप एक व्यापारी के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। व्यापारी ओमकार सिंह जब सुबह अपनी दुकान के लिए सामान लेकर फड़ पर पहुंचे, तो वहां जुम्मा धोबी का रिक्शा खड़ा था। ओमकार सिंह ने जब रिक्शा हटाने को कहा, तो जुम्मा धोबी और उसके भाई दुर्योधन ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों ने ओमकार सिंह के साथ मारपीट शुरू कर दी। इस घटना में ओमकार सिंह के सिर में गंभीर चोटें आई हैं।घटना में जुम्मा धोबी के बेटे की भी संलिप्तता बताई जा रही है, जिसकी पहचान अभी नहीं हो पाई है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है और कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# स्टोन क्रेसरो के पानी से गेहूं की पकी फसल हुई जलमग्न पानी के बीच खड़े होकर फसल काट रहे हैं किसान



**( मो. फारूख अंसारी )**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** क्षेत्र के किशनपुर मौलागढ़ में स्टोन क्रेसरो से छोड़े गए पानी ने खेतों में खड़ी गेहूं की फसल में तांडव मचा दिया है जिससे किसानों को पानी के बीच में खड़े होकर फसल काटनी पड़ रही है किसानों ने एसडीएम से गूल में पानी रोके जाने की मांग की है। क्षेत्र के किशनपुर मौलागढ़ में उत्तराखंड से होकर पहुंच रही पानी की गूल से फसलों में सिंचाई की जाती है कुछ स्टोन क्रशर संचालको ने इस गुल में अपना पानी छोड़ रखा है गूल की साफ सफाई न होने से पानी का उफान फसलों में हो जाता है जिस्से फसले किसी भी मौसम में जलमग्न हो जाती है अब गेहूं की पकी फसल में भी स्टोन क्रेशरो के पानी ने अपना तांडव मचा दिया है जिससे किसानों को पानी के बीच खड़े होकर गेहूं की पकी फसल को काटना पड़ रहा है। किशनपुर मौलागढ़ के किसान पिच्छत्तर सिंह, नारायण दास राम रूप राम भरोसे बहादुर सिंह रामगोपाल आदि ने इस मामले की शिकायत एसडीएम अमन देओल से की एसडीएम ने इस मामले में क्रेशर संचालको से गेहूं की फसल कटान तक पानी रोके जाने के निर्देश दिए लेकिन क्रेशर संचालक ने पानी नहीं रोका। उधर ग्राम प्रधान ने भी गुल की सफाई नहीं की है जिससे ग्रामीणों में आक्रोश की भावना बनी हुई है उधर ग्राम प्रधान इकबाल हुसैन ने बताया की गूल में स्टोन क्रेशरो द्वारा लगातार पानी छोड़ा जा रहा है जिसको लेकर सफाई करना नाम. ुमकिन हो गया है।किसानो ने जिलाअधिकारी से स्टोन क्रेसरो के खिलाफ कार्रवाई किये जाने की मांग की है।

# वेतनमान की मांग को लेकर बैंक मुख्यालय पर गरजे कर्मचारी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** केन्द्रीय कार्यालय के आह्वाहन पर को सीबीएसए ने अपनी लंबित पड़ी मांगों को लेकर बैंक के मुख्य शाखा पर धरना प्रदर्शन कर कर्मचारियों ने वेतनमान की मांग को लेकर सहकारिता मंत्री सहकारिता विभाग में बैठे अधिकारियों को चेतावनी दी कि हमारी मांगे प्राथमिकता के आधार पर पूरी नहीं की गई तो सहकारी बैंकों में काम करने वाले कर्मचारी 23 मई को लखनऊ में सहकारिता विभाग के रजिस्ट्रार कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। इस दौरान शाहरुख आलम, एके चौरसिया, अनिल कुमार, कुलदीप यादव, सुभाष यादव, अरविंद कुमार,सरिता, नीता, रानी, शाजिया, जरीन, राजू सैनी, तीरथ सिंह, मो. बशीर, मुकेश कुमार, आदि मौजूद रहे।

# अलग-अलग सड़क हादसों में तीन घायल रेफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोग घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद लाया गया। जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात को अलग-अलग सड़क हादसों में ग्राम गुरसरी जिला संभल निवासी 25 वर्षीय ग्रीसपाल व ग्राम अल्लू रजापुर मुरादाबाद निवासी 28 वर्षीय कल्याण सिंह और ग्राम उदयपुर ग्राम उदयपुर पस्तोर रामपुर निवासी 55 वर्षीय मोहर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद लाया गया। जहां डॉक्टरों ने तीनों की गंभीर हालत देखते हुए रेफर कर दिया।

# पुलिस ने वारंटी गिरफ्तार कर की कार्यवाही



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहाबाद/रामपुर।** बुधवार को मोहल्ला कानून गोयान थाना शाहाबाद जिला रामपुर के रहने वाले 28 वर्षीय वारंटी कासिम पुत्र सूखा को उप निरीक्षक शाहाबाद आदेश कुमार ने अपने सहयोगी पुलिसकर्मी अनुज कुमार के साथ उसके मकान से गिरफ्तार किया। वारंटी कासिम को सम्बन्धित वाद सं. 2002/18 अ.सं. 811/1 धारा 3/5/8 सीएस एक्ट न्यायालय एसीजीएम-01 रामपुर में विचाराधीन वाद में वारंट जारी हुआ।न्यायलय के आदेश अनुपालन में आरोपी वारंटी को उसके मकान से गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया।

# सैफनी पुलिस ने एक व्यक्ति का शांतिभंग में किया चालान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी /रामपुर।** पुलिस अधीक्षक जनपद रामपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अनुपालन कराए जाने के क्रम में एवं अपर पुलिस अधीक्षक जनपद रामपुर के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी शाहाबाद के कुशल नेतृत्व में मंगलवार को थाना सैफनी पुलिस द्वारा शांति भंग में एक अभियुक्त शाहिवे आलम पुत्र अख्तर अली (28)वर्ष निवासी मोहल्ला पुरानी बैंक ऑफ बड़ौदा कस्बा सैफनी जनपद रामपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय उपजिला मजिस्ट्रेट शाहाबाद पेश किया।

# वसूली को गई टीम के साथ अभद्रता करने पर पुलिस ने की तीन पर कार्यवाही

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद /रामपुर।** तहसील शाहबाद से ग्राम शाहपुर देव में वसूली करने गई टीम के साथ बाकीदार व उसके परिवार ने की अभद्रता अमीन की तहरीर पर पुलिस ने तीन के खिलाफ की कार्यवाही।संग्रह अमीन प्रेमशंकर ने बताया कि बुधवार को ग्राम शाहपुर देव में लगभग साढ़े आठ लाख रुपए के बाकीदार राजमाला पत्नी देवेंदर व राजमाला के ससुर रोहन सिंह पुत्र लाखन हुआ से वसूली के लिए गए थे गांव पहुंचने पर बाकीदर के पुत्र बंटी, विवेक मिले। पूछने पर उन्होंने बताया कि पिताजी खेत पर गए हैं। वसूली टीम दोनों के साथ खेत पर पहुंची लेकिन वहां न तो रालमाला मिली और ना ही रोहन सिंह मिले। तहसील में बाकीदर राजमाला और उसके दोनों बेटे वह एक अन्य विकास के साथ तहसील पहुंचे जहां पर तीनों ने मिलकर संग्रहअमीन प्रेम शंकर तिवारी, और मक्खन लाल व संग्रह अनु सेवक शमसुद्दीन के साथ अभद्रता की पुलिस को सूचना दी गई सूचना पर पहुंचे पुलिस ने बंटी व विवेक पुत्रगण देवेंदर व विकास को पकड़ लिया और थाने ले गई तीनों पर विधिके कार्यवाही करते हुए एसडीएम शाहाबाद के न्यायालय में पेश किया।

हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र में समाचार एवं विज्ञापन सूचनाएं प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें।
इमरान हुसैन
जिला प्रभारी रामपुर
कार्यालय निकट कचहरी का गेट नं. 02 कपूर फोटो स्टेट वाली गली रामपुर मो. नं.9720093014
shahtimesrmp@gmail.com

# डीएम और एसपी की उपस्थिति में जिला स्तरीय एनकॉर्ड की बैठक आयोजित

**( इमरान हुसैन )**
**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** बुधवार को जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र की उपस्थिति में नशीले पदार्थों के सेवन व बिक्री पर प्रभावी रोकथाम के लिए गठित जनपद स्तरीय एनकार्ड की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने आबकारी अधिकारी एवं औषधि निरीक्षक को व्यापक स्तर पर नशा मुक्ति के लिए जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने औषधि निरीक्षक को नियमित रूप से मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण करते हुए नशीली दावों का कारोबार करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक ने जिला आबकारी अधिकारी एवं औषधि निरीक्षक को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी मदिरा की दुकानों एवं मेडिकल स्टोर पर शत-प्रतिशत सीसीटीवी कैमरा लगवाना सुनिश्चित करें।

पिछली बैठक में जिलाधिकारी द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार जिला विद्यालय निरीक्षक मुन्ने अली द्वारा

## निबंध व पेंटिंग प्रतियोगिता के माध्यम से नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करने वाले छात्र-छात्राओं को जिलाधिकारी ने किया सम्मानित



जनपद की समस्त तहसीलों के विद्यालयों में नशे के विरुद्ध जागरुकता फैलाने के दृष्टिगत निबंध एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया था।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा इस प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बालक एवं बालिकाओं को प्रशस्ति पत्र व शील्ड प्रदान की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि आजकल युवाओं में बढ़ती हुई नशे की प्रवृत्ति भविष्य के लिए गंभीर समस्या बन रही है। विभिन्न प्रकार से इस गंभीर समस्या पर अंकुश लगाया जा सकता है। नशे से व्यक्ति की शारीरिक, मानसिक, आर्थिक और सामाजिक क्षमता प्रभावित होती है, इसलिए जागरूकता अभियान चलाकर युवाओं और समाज के प्रत्येक व्यक्ति में नशे की प्रवृत्ति को कम या समाप्त कर एक स्वस्थ एवं विकसित समाज की संकल्पना को साकार किया जा सकता है।

जिला आबकारी अधिकारी हिम्मत सिंह ने बताया कि नशे से मुक्ति के संबंध में लोगों को जागरुक करने के लिए निबंध, चित्रकला प्रतियोगिता जिलाधिकारी के माध्यम से एक नवीन पहल है जो समाज के युवा वर्ग पर सकारात्मक प्रभाव डालेगी। जिलाधिकारी ने जनपद में इस तरह के आयोजनों को समय-समय पर कराने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर आबकारी विभाग, ड्रग विभाग, कृषि विभाग, खाद्य सुरक्षा के अधिकारी व विद्यालयों के प्रधानाचार्य मौजूद रहे।

# आरबीआई द्वारा आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का समापन




**( इमरान हुसैन )**
**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** भारतीय रिजर्व बैंक, लखनऊ कार्यालय द्वारा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र के वित्त पोषण के लिए रामपुर जनपद के बैंकर्स की क्षमतावर्धन पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन दिनांक 28 एवं 29 अप्रैल 2025 को रामपुर में किया गया जिसमें विभिन्न बैंकों से 62 बैंकर्स ने भाग लिया। इस कार्यशाला का उद्घाटन पंकज कुमार, क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिजर्व बैंक, लखनऊ, द्वारा किया गया। कार्यशाला में सोनाली दास महाप्रबंधक, राकेश दुबे, उप महाप्रबंधक, भारतीय रिजर्व बैंक, लखनऊ, बैंक ऑफ बड़ौदा एवं प्रथमा बैंक के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। पंकज कुमार ने प्रतिभागियों को देश के विकास में एमएसएमई वित्तपोषण का महत्व और एमएसएमई क्षेत्र को सशक्त बनाने में बैंकरों की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने उपस्थित बैंकर्स से कार्यशाला का लाभ उठाने का आग्रह किया।

इस कार्यशाला में भारतीय रिजर्व बैंक के अधिकारियों एवं अतिथि व्याख्याताओं द्वारा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम से संबंधित विभिन्न विषयों पर ज्ञानवर्धक सत्र आयोजित किए गए।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** नगर में ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में अक्षय तृतीया के पावन दिवस पर भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव मिलक के काली देवी शिव मंदिर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम पं. उमेश शर्मा द्वारा विधि विधान से भगवान परशुराम जी का पूजन कराया गया तथा माल्यार्पण के पश्चात परशुराम युवा मंच के महामंत्री पं. मुकेश कौशिक द्वारा परशुराम चालीसा का पाठ कराया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने परशुराम जी महाराज के व्यक्तित्व तथा कृतित्व पर प्रकाश डाला और अक्षय तृतीया तिथि की विशेषता को बताया अक्षय तृतीया पर किए जाने वाला पुण्य अक्षय फलदाई होता है आज के दिन चार धाम यात्रा शुरू होती है। किसी दिन भगवान परशुराम का उपकरण इस पृथ्वी पर हुआ और उन्होंने आतताइयों से मुक्ति दिलाकर एक भय मुक्त समाज की स्थापना की इसके पश्चात आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया।

इस अवसर पर ब्राह्मण महासभा के प्रदेश महामंत्री डॉ. विकास शुक्ला, डॉ. विवेक शुक्ला, संतोष त्रिवेदी, डॉ. चंद्रप्रकाश शर्मा, रामकुमार शर्मा, डॉ. सुनील शर्मा, चिंतामणि बहुगुणा, गीता शर्मा, मुकेश कौशिक, विकास वशिष्ठ, बृजेश शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, नवीन शर्मा, भुवनेश्वर दयाल शर्मा, पूनम शर्मा, अरविंद शर्मा, डॉ. निहाल त्रिपाठी, बंसी शर्मा समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## धारदार हथियार से हमला करने मे चार के खिलाफ रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** चार दीवारी ठीक कराते समय धारदार हथियार से हमला कर घायल करने में दो नामजद सहित दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गयी है। आरोप है कि कोतवाली क्षेत्र के उदयपुर जागीर निवासी अकील अहमद आज सुवह करीव 11 वजे अपनी जमीन की चार दीवारी को ठीक करा रहा था समय उसी समय नूर अहमद और गुलशन निवासी ग्राम रेवड़ी कला थाना मिलक जनपद रामपुर अपने दो अज्ञात व्यक्तियों साथ आये और गाली गलौज करने लगे जब अकील अहमद ने इसका विरोध किया तो चारों व्यक्तियों द्वारा लाठी डंडों तथा धारदार हथियार तथा लातो घूसो के साथ मारपीट करने लगे। जिसमें अकील गंभीर रूप से घायल हो गया शोर मचाने पर उक्त हमलावर लोग जानसे मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए घटना की सूचना पुलिस को दी गई पुलिस ने घर के उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भेजा पीड़ित अकील अहमद की तहरीर पर चार लोगो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गयी है प्रभारी निरीक्षक धनंजय सिंह ने बताया कि मामले की विवेचना हल्का प्रभारी द्वारा कराई जा रही ह।

# खाद्य सुरक्षा कार्यालय को मिला नया भवन, डीएम और एसपी ने किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग को कलेक्ट्रेट परिसर में नया कार्यालय मिल गया है। जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह और पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र ने नवीन कार्यालय का फीता काटकर शुभारंभ किया।

जिले में आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ मुहैया कराने के दृष्टिकोण इस कार्यालय की काफी अहम भूमिका है। अब तक कलेक्ट्रेट परिसर में ही यह कार्यालय संचालित हो रहा था। कार्यालय में पर्याप्त जगह न होने के कारण कार्यालय के अनेक कार्यों को संपादित करने के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा था।



जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने कार्यालय की उपयोगिता एवं अधिकारियों को हो रही समस्या को ध्यान में रखते हुए कलेक्ट्रेट परिसर में ही अन्य खाली पड़े भवन का जीर्णोद्धार कराया और उसे खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन कार्यालय संचालित करने के लिए आवंटित कर दिया।

सहायक आयुक्त खाद्य सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि नवीन कार्यालय में अधिकारियों और कर्मचारियों के बैठने और अपने दायित्वों के निर्वहन के लिए पर्याप्त प्रबंध है साथ ही विभाग द्वारा खाद्य पदार्थों के संगृहीत किए जाने वाले सैंपल आदि को सुरक्षित रखने के लिए भी बेहतर व्यवस्था कराई गई है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) डॉ. नितिन मदान, नगर मजिस्ट्रेट संदीप कुमार वर्मा एवं व्यापार मंडल के शैलेंद्र शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी गण मौजूद रहे।

## बैंक ऑफ बड़ौदा-आरसेटी में 13 मई से शुरू होगा महिलाओं के लिए 31 दिवसीय टेलर का प्रशिक्षण कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** निदेशक आरसेटी अभिषेक आर्या ने बताया कि 18 से 45 वर्ष के युवतियों को 31 दिवसीय महिला टेलर प्रशिक्षण कार्यक्रम 13 मई, 2025 से कराया जाना प्रस्तावित है। जिसके लिए आवेदन 09 मई, 2025 तक लिए जायेंगे। इस प्रशिक्षण में सम्पूर्ण जिले से 35 सीट निर्धारित हैं, अतएव स्वरोजगार स्थापित करने की इच्छुक युवतियों के लिए आवे. दन आमंत्रित हैं। आवेदन हेतु आधार कार्ड,राशन कार्ड/जॉब कार्ड 05 फोटो ,बैंक पासबुक की फोटो कॉपी लेकर संस्थान के समय प्रातः 9:30 से सायं 5:30 बजे तक संस्थान में आकर आवेदन कर दें। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्णतया निःशुल्क है, जिसमें चाय, नाश्ता, भोजन, यूनिफॉर्म और प्रशिक्षण सामग्री निःशुल्क दी जाती है।कार्यक्रम का उद्देश्य जिले की इच्छुक महिलाओं को स्वरोजगार हेतु दक्षता प्रदान करना है, ताकि वे प्रशिक्षण पाकर स्वयं का टेलरिंग व्यवसाय प्रारम्भ कर सकेंऔर आत्मनिर्भर बन सकें। अधिक जानकारी के लिए 9012183432, 9058382486 ,6397879587 नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। प्रशिक्षण के उपरांत ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा जारी सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा।

## अनियंत्रित होकर गिरी बाइक युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** बुधवार को जिला सम्भल के गाँव धनुपुरा रहने वाले 23 वर्षीय दीपक पुत्र राम प्रसाद दिव्या नगला अपनी रिश्तेदारी में गए थे।वहां से लौटकर वापस अपने घर धनुपरा जा रहे थे कि अचानक बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। जिससे दीपक गंभीर रूप से घायल हो गया मौके पर पहुंची एंबुलेंस के ईएमटी अरविंद कुमार पायलट हनीफ न्च 32 थ्ळ 2481 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहाबाद लाया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल को घर भेज दिया।

# खोद शरीफ में विकास कार्यों की जांच नहीं कर सके अधिकारी

## ग्रामीणों मे झगड़े के अंदेशे को लेकर अधिकारी बिना जांच के ही मुख्यालय को हुए वापस

**( मो. फारूख अंसारी )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** क्षेत्र के खोद शरीफ में ग्रामीणों की शिकायत पर विकास कार्य में धांधली की शिकायत पर भौतिक सत्यापन करने पहुंची जांच टीम ग्रामीणों के बढ़ते विरोध को लेकर वापस हो गई जिससे शिकायतकर्ताओं में टीम को लेकर आक्रोश बना हुआ है। बुधवार को जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी समेत कई अधिकारी जिसमें। स्वार खंड विकास अधिकारी भी शामिल थे उनको खोद शरीफ में विकास कार्यों के भौतिक सत्यापन की जिम्मेदारी सौंप गई थी। बुधवार को ऐसा



तीसरा मौका था जो टीम को तीसरी बार भी वापस होना पड़ा। शिकायतकर्ता फैज मियां, समेत तमाम ग्रामीण पंचायत भवन पर काफी समय तक जांच टीम के आने का इंतजार करते रहे जबकि प्रधान हामिद हुसैन पक्ष मौके से नदारद रहा शिकायतकर्ताओं की बढ़ती भीड़ और उत्तेजना को देखते हुए जैसे ही टीम मौके पर पहुंची और बिंदुवार शिकायत को भौतिक सत्यापन के लिए समझने की को. शिश की वैसे ही प्रधान के विरोधियों की तादाद बढ़ती चली गई और भीड़ बिना जांच के ही हंगामा करने लगी जिसको लेकर अधिकारियों ने मौके से निकलना ही बेहतर समझा जैसे ही अधिकारी जाने के लिए गाड़ी में बैठने लगे शिकायतकर्ताओं का विरोध बढ़ गया और उन्होंने गाड़ी का घिराव कर लिया और नारेबाजी शुरू कर दी लेकिन अधिकारी बिना जांच के ही जिला मुख्यालय को रवाना हो गए। शिकायतकर्ताओं का आरोप है की जांच टीम ग्राम प्रधान को लगातार बचाने का प्रयास कर रही है और भौतिक सत्यापन करने से कतरा रही है। क्योंकि भौतिक सत्यापन से धांधली उजागर हो सकती है। उधर ग्राम प्रधान हामिद हुसैन ने बताया की शिकायतकर्ताओं की आड़ में कुछ लोग झगड़ा फसाद करना चाहते है झगड़े पर आमादा है और गांव मे बवाल कराना चाहते हैं।

# श्री ब्राह्मण सभा मिलक द्वारा मनाया गया भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** श्री ब्राह्मण सभा मिलक के द्वारा भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव को प्राचीन शिव मंदिर पर धूमधाम से से मनाया गया। आचार्य पं. सीताराम शर्मा के द्वारा अध्यक्ष श्री ब्राह्मण सभा मिलक डॉ. विवेक शुक्ला से पूजन कार्यक्रम संपन्न कराया गया। पं. मुकेश कौशिक के द्वारा परशुराम चालीसा का पाठ कराया गया। कार्यक्रम में पं. संतोष त्रिवेदी एवं पं. डॉ. चंद्र प्रकाश शर्मा के द्वारा भगवान परशुराम जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला गया। आदरणीय पं. वैद्य मनोहर लाल शर्मा जी के द्वारा कार्यक्रम का संचालन एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। सभा के अध्यक्ष विवेक शुक्ला के द्वारा सभी नगर वासियों को अक्षय तृतीया एवं भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं दी एवं



कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी का धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में नित्यानंद शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, मुकेश कौशिक, भुवनेश भार्गव, राम कुमार शर्मा, ममता अत्रि, वासू शर्मा, प्रवेश शुक्ला, भुवनेश्वर दयाल शर्मा, हनी शर्मा, शनि शर्मा, केतन शर्मा, विशाल शर्मा, सुरेन्द्र शर्मा, चिंतामणि बहुगुणा, विशाल शर्मा, यतेंद्र कुमार अत्री, राजीव कुमार गौड़, डॉ. रोहितास शर्मा आदि ने भाग लिया

## पुलिस ने दो नफर वारंटी किए गिरफ्तार



**( इकरार हुसैन )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** कोतवाली पुलिस ने अभियान चला कर दो नफर वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय को भेजा। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी मिलक के पर्यावेक्षण मे प्रभारी निरीक्षक मिलक के नेतृत्व में थाना मिलक पुलिस द्वारा बुधवार को दो नफर वारण्टी अभियुक्त यामीन पुत्र अमीर अहमद निवासी ग्राम हकीमगंज थाना स्वार रामपुर सम्बन्धित वाद सं. 457/2022 मु. अ.सं. 492/21 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट अपर सिविल जज प्रवर वर्ग द्वितीय रामपुर और राकेश पुत्र हरप्रसाद उर्फ भूरा निवासी लखना खेडा थाना शहजादनगर रामपुर सम्बन्धित वाद सं.-2537/2018 मु.अ.सं.-662/2015 धारा 279/338/427 भादवि मा. न्या. अपर सिविल जज प्रवर वर्ग द्वितीय रामपुर को गिरफ्तार कर न्यायलय रामपुर भेजा गया।

# जैन मिलन द्वारा अक्षय तृतीया के अवसर पर राहगीरों को पिलाया गया गन्ने का रस

**( मो. फारूख अंसारी )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** पवित्र अक्षय तृतीया के अवसर पर जैन मिलन मसवासी द्वारा राहगीरों को गन्ने का रस पिलाकर पुण्य लाभ कमाया गया। जैन मान्यता अनुसार जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान श्री आदिनाथ उनकी दीक्षा उपरांत राजा श्रेयांश द्वारा इक्षु रस का आहार दिया गया तदुपरांत चक्रवर्ती भरत द्वारा उनका सम्मान किया गया। इस दिन को जैन धर्म अक्षय तृतीया के रूप मे मानता है इसी मौके पर नगर पंचायत मसवासी के मुख्य मार्केट में जैन मिलन मसवासी समाज द्वारा इक्षु रस, गन्ने का रस का वितरण किया गया। जिसमे समाज के सभी लोग शामिल रहे इस मौके पर जैन मिलन




अध्यक्ष प्रीति जैन, उपाध्यक्ष अमिता जैन, रुचि जैन, अन्जू जैन नेहा जैन अभिषेक जैन, राजीव, अतुल जैन, आर्यन जैन , आँचल जैन, अनिता जैन, मधु जैन ,मलिका जैन आदि ने धर्मलाभ लिया।

# IPL के रोबोटिक स्वान चंपक पर विवाद गहराया

## चंपक के प्रकाशक दिल्ली प्रेस प्रकाशन ने खटखटाया हाईकोर्ट का दरवाजा



**नई दिल्ली, वार्ता।** बच्चों की पत्रिका चंपक के प्रकाशक दिल्ली प्रेस पत्र प्रकाशन ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के दौरान पेश किए गए रोबोटिक स्वान का नाम 'चंपक' रखने को लेकर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के खिलाफ दिल्ली उच्च न्यायालय में ट्रेडमार्क उल्लंघन का मुकदमा दायर किया है।

आईपीएल की प्रचार गति. विधियों के तहत पेश किए गए एआई संचालित रोबोट स्वान को प्रशंसकों की वोटिंग के बाद 23 अप्रैल को आधिकारिक तौर पर चंपक नाम दिया गया, जिसको लेकर बच्चों की पत्रिका 'चंपक' के प्रकाशक ने आपत्ति जताई और दावा किया कि यह नाम उसके पंजीकृत और व्यापक रूप से मान्यता प्राप्त ट्रेडमार्क का उल्लंघन है। बुधवार को मामले की सुनवाई करने वाले न्यायमूर्ति सौरभ बनर्जी ने बीसीसीआई को नोटिस जारी किया और मामले की अगली सुनवाई नौ जुलाई को निर्धारित की। न्यायालय ने हालांकि नाम के इस्तेमाल पर रोक लगाने के लिए एकपक्षीय अंतरिम आदेश देने से इनकार कर दिया। वादी की ओर से पेश अधिवक्ता अमित गुप्ता ने दलील दी कि चंपक पत्रिका, जो अपनी पशु-आधारित कहानियों और पात्रों के लिए जानी जाती है, सभी पीढ़ियों के बच्चों के बीच एक घरेलू नाम रही है और बीसीसीआई द्वारा एक व्यावसायिक क्रिकेट आयोजन के दौरान रोबोट इकाई के लिए इस नाम का उपयोग करना स्पष्ट रूप से अनधिकृत उपयोग का मामला बनता है।

# क्षेत्ररक्षण के दौरान रहाणे-अक्षर हुए चोटिल

**केकेआर के कप्तान रहाणे को डुप्लेसी के शॉट को रोकने के दौरान लगी चोट**

**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच मंगलवार रात खेले गए मैच में दोनों टीमों के कप्तान अक्षर पटेल और अजिंक्य रहाणे क्षेत्ररक्षण के दौरान चोटिल हो गए।

दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल को कोलकाता नाइट राइडर्स की पारी के 18वें ओवर में रोवमन पॉवेल के शॉट को रोकने के लिए प्रयास में क्षेत्ररक्षण के दौरान उनका हाथ अभ्यास पिच पर रगड़ गया। इसके बाद फिजियो पैट्रिक फारहाट मैदान पर आए और अक्षर उनके साथ ही मैदान से बाहर चले गए। दूसरी पारी में हालांकि अक्षर बल्लेबाजी के लिए आए और 23 गेंदों में 43 रन बनाए, लेकिन इस दौरान उनके हाथ में दर्द था। मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि मेरी हथेली छलांग लगाने के दौरान अभ्यास पिच पर रगड़ने से छील गई। जब भी मैं शॉट मार रहा था तो मुझे दर्द महसूस हो रहा था, लेकिन अच्छा है कि एसआरएच के साथ होने वाले अगले मैच से पहले हमारे पास 3-4 दिन का ब्रेक है, तब तक उम्मीद है कि मैं पूरी तरह से ठीक हो जाऊंगा। वहीं केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे को फाफ डुप्लेसी के शॉट को रोकने के दौरान चोट लगी। इसके बाद रहाणे तुरंत मैदान से बाहर चले गए और वह क्षेत्ररक्षण के लिए नहीं आए और उनके हाथ में पट्टी लगी हुई दिखी। शेष बचे नौ ओवरों में सुनील नारायण ने कप्तानी की। मैच के बाद रहाणे ने कहा कि यह चोट उतनी गंभीर नहीं है और मैं जल्दी ही ठीक हो जाऊंगा। केकेआर के एक प्रतिनिधि ने बताया कि शुरुआती आकलन में यह चोट अधिक गंभीर नहीं लग रही है, लेकिन फिर भी टीम के फिजियो प्रशांत पंचदा बुधवार सुबह इसकी जांच करेंगे। केकेआर का अगला मैच चार मई को राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ कोलकाता होना है।



**खेल विशेष**

## जापान में एशियाई खेल 2026 में खेला जाएगा क्रिकेट

**नई दिल्ली, वार्ता।** एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) ने जापान के ऐची-नागोया में 19 सितंबर से चार अक्टूबर तक होने वाले एशियाई खेल 2026 में क्रिकेट को बनाए रखा है। ओसीए ने कहा कि खेल कार्यक्रम के बारे में फैसला 28 अप्रैल को नागोया सिटी हॉल में एआईएनएजीओसी बोर्ड की 41वीं बैठक में लिया गया। इसमें क्रिकेट और मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स को औपचारिक रूप से मंजूरी दे दी गई है। इस टूर्नामेंट के सभी मैच ऐची प्रीफेक्चर में खेले जाएंगे, लेकिन अभी तक मैच स्थल का चयन नहीं हुआ है। यह चौथी बार है जब क्रिकेट को एशियाई खेलों में शामिल किया गया। इससे पहले 2010 के ग्वांगझू और 2014 के इंचियोन में इन खेलों को अंतर्राष्ट्रीय दर्जा नहीं दिया गया था, लेकिन 2023 के एशियाई खेलों में क्रिकेट को शामिल किया गया, तो मैचों को टी-20 प्रारूप का दर्जा दिया गया था। वर्ष 2023 में पुरुषों की श्रेणी में भारत ने स्वर्ण, अफगानिस्तान ने रजत और बंगलादेश ने कांस्य पदक जीता था।

## छत्तीसगढ़ ने जीत से की विजय अभियान की शुरुआत

**नारायणपुर, वार्ता।** अखिल भारतीय फुटबाल फेडरेशन द्वारा आयोजित स्वामी विवेकानंद अंडर-20 नेशनल फुटबाल चैंपियनशिप में मेजबान छत्तीसगढ़ ने जीत के साथ अपने विजय अभियान की शुरुआत की। यहां रामकृष्ण मिशन-आश्रम मैदान (आरकेएम) में सुबह खेले गए मैच में छत्तीसगढ़ ने अंडमान निक. ोबार को एकतरफा मुकाबले में 4-0 से हराया। मैच के हीरो स्थानीय खिलाड़ी शशिकांत कुमेटी रहे। शशिकांत ने दो शानदार गोल कर अच्छे फार्म में होने का संकेत दे दिया है। उन्हें प्लेयर आफ दि मैच घोषित किया गया। तुषाल यादव ने भी दो गोल किए। छत्तीसगढ़ मैच में पूरे समय अंडमान निकोबार पर हावी रहा। मैच का पहला गोल खेल के 13वें मिनट में तुषाल यादव ने किया। इसके 12 मिनट बाद शशिकांत कुमेटी ने गोल किया। मध्यांतर के कुछ समय पहले तुषाल यादव ने अपना दूसरा व टीम के लिए तीसरा गोल किया।

## एनआरएआई ने किया सनी थॉमस के निधन पर शोक व्यक्त

**नई दिल्ली, वार्ता।** नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष कालिकेश नारायण सिंह देव ने बुधवार को महान निशानेबाजी कोच प्रो- सनी थॉमस के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। केरल के कोट्टायम जिले के उझवूर में श्री सिंह देव ने कहा कि यह एक ऐसा खालीपन है जिसे भारतीय निशानेबाजी शायद ही कभी भर पाए। प्रोफेसर थॉमस निशानेबाजी में एक संस्था समान थे और भारत आज निशानेबाजी में जो शक्ति बना है, वह उनके निस्वार्थ योगदान के बिना संभव नहीं हो पाता।

# फ्रांसिस्को ने किया उलटफेर ज्वेरेव हुए मैड्रिड ओपन से बाहर

**जैकब अलेक्जेंडर को 6-2, 6-3 से हराकर अगले दौर पहुंचे**

**मैड्रिड, वार्ता।** जर्मनी के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज्वेरिव को राउंड ऑफ 16 मुक. ाबले में उलटफेर का सामना करना पड़ा है वह अर्जेंटीना फ्रांसिस्को सेरुंडोलो से हारकर मैड्रिड ओपन से बाहर हो गए है। स्पेन में बिजली संकट के कारण सोमवार को मुक. ाबले नहीं हो पाये थे। पुरुष वर्ग में मंगलवार को खेले राउंड ऑफ 16 के एकल मुकाबले में जर्मनी के शीर्ष वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरिव अर्जेंटीना के फ्रांसिस्को सेरुंडोलो 5-7, 3-6 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए है। जबकि एक अन्य मुकाबले में चेक गणराज्य के जैकब मेन्सिक ने कजाकिस्तान के अलेक्जेंडर बुब्लिक को 6-2, 6-3 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। राउंड ऑफ 32 में 11वीं वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल ने रूस के करेन खाचानोव पर 6-3, 3-6, 6-2 से जीत हासिल की, जबकि पॉल के साथी अमेरिकी फ्रांसेस टियाफो ने फ्रांस के एलेक्जेंडर मुलर को 6-3, 6-3 से हराया। एक अन्य मैच में कनाडा के गेब्रियल डायलो ने पहला सेट हारने के बाद वापसी करते हुए ब्रिटेन के कैमरून नोरी को ढाई घंटे में 2-6, 6-4, 6-4 से हराया। यूनान के स्टेफानोस त्सित्सिपास ने 17वीं वरीयता प्राप्त इटली के 10वीं वरीयता प्राप्त लोरेंजो मुसेट्टी पर 7-5, 7-6 (3) से जीत हासिल सभी को चौका दिया। जबकि ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर ने कनाडा के डेनिस शापोवालोव को 6-2, 7-6 (3) से हराया। महिला वर्ग की स्पर्धा में, पोलैंड की इगा को क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी।

# बांग्लादेश ने जिम्बाब्वे को टेस्ट मैच में हराया



**मेहदी ने 104 रन बनाकर पांच विकेट भी चटकाए**

**चटगांव, वार्ता।** मेहदी हसन मिराज (104 रन और पांच विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत बांग्लादेश ने दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन बुधवार को जिम्बाब्वे को दूसरी पारी में 111 रन पर समेट कर मुकाबला 106 रनों से जीत लिया। इसी के साथ बांग्लादेश ने दो मैचों की सीरीज एक-एक से बराबर कर ली है। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी जिम्बाब्वे की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने मात्र आठ रन के स्कोर अपने दो विकेट गवां दिए। ब्रायन बेनेट (छह) और निक वेल्च (शून्य) पर आउट हुए। इन दोनों बल्लेबाजों को तैजुल इस्लाम ने आउट किया। इसके बाद मेहदी हसन मिराज ने शॉन विलियम्स (सात) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। कप्तान क्रेग एर्विन ने बेन कर्रन के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। 30 ओवर में मिराज ने क्रेग एर्विन (25) को आउटकर बांग्लादेश को चौथी सफलता दिलाई। इसी ओवर में उन्होंने वेस्ली मधेवेरे (शून्य) को भी अपना शिकार बनाया। इसके बाद जिम्बाब्वे का कोई भी बल्लेबाज बांग्लादेश के गेंदबाजों के आगे अधिक देर तक नहीं टिक सका।

टी त्सिगा (शून्य), वेलिंग्टन मसाकाट्जा (10) और रिचर्ड एन्गारावा (पांच) रन बनाकर आउट हुए। जिम्बाब्वे के लिए बेन कर्रन ने सर्वाधिक (46) रनों की पारी खेली। जिम्बाब्वे की पूरी टीम दूसरी पारी में 46.2 ओवर में 111 रन पर सिमट गई। इसी के साथ बांग्लादेश ने वापसी करते हुए दो मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर दी। बांग्लादेश की ओर से मेहदी हसन मिराज ने 21 ओवर में 32 रन देकर पांच विकेट लिए। तैजुल इस्लाम ने 16-2 ओवर में 42 रन देकर तीन विकेट झटके। नईम हसन ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले बांग्लादेश ने कल के सात विकेट पर 291 से आगे खेलना शुरु किया। आज सुबह के सत्र में विन्सेंट मसेकेसा ने तैजुल इस्लाम (20) को आउट जिम्बाब्वे को आठवीं सफलता दिलाई इसके बाद बल्लेबाजी करने आए तनजीम हसन साकिब ने मेहदी हसन मिराज के साथ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नौवें विकेट के लिए 96 रनों की साझेदारी कर बांग्लादेश को बड़ी बढ़त दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस दौरान मेहदी हसन मिराज ने अपना शतक पूरा किया। वेस्ली मधेवेरे ने साकिब (41) को आउटकर इस साझेदारी का अंत कर दिया। बांग्लादेश का आखिरी विकेट मेहदी हसन मिराज के रूप में गिरा। मेहदी हसन मिराज ने 162 गेंदों में 11 चौके और एक छक्के की मदद से 104 रनों की शतकीय पारी खेली। बांग्लादेश की पूरी टीम ने 129-2 ओवर में 444 रन पर समिट गई। इसी के साथ बांग्लादेश को जिम्बाब्वे के पहली पारी में बनाए गए स्कोर के आधार पर 217 रनों की बढ़त मिल गई है।

# हॉकी इंडिया ने कोहली, भोरे और लालरिनफेला को दी बधाई

**नीतिन कोहली, मनोज के उपाध्यक्ष बनने पर किया स्वागत**

**नई दिल्ली, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने नितिन कोहली और मनोज भोरे को उपाध्यक्ष तथा लालरिनफेला को संयुक्त सचिव बनाए जाने पर बधाई दी है। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप तिर्की ने कहा कि हमें नितिन कोहली, मनोज भोरे का उपाध्यक्ष के रूप में उनकी नई भूमिकाओं और लालरिनफेला का संयुक्त सचिव के रूप में उनकी नियुक्ति पर स्वागत करते हुए खुशी हो रही है।

भारतीय हॉकी के विकास के लिए उनका विशाल अनुभव और प्रतिबद्धता सभी स्तरों पर खेल को बढ़ाने के हमारे प्रयासों में सहायक होगी। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा कि कार्यकारी बोर्ड की बैठक के दौरान की गई नियुक्तियाँ प्रशासनिक उत्कृष्टता और दीर्घकालिक दृष्टि पर हमारे निरंतर ध्यान को दर्शाती हैं। हमें विश्वास है कि कोहली, भोरे और लालरिनफेला भारतीय हॉकी में बहुमूल्य योगदान देंगे, और हम कमांडर आरके श्रीवास्तव को उनकी उचित पदोन्नति के लिए बधाई देते हैं।

उल्लेखनीय है कि केरल में मंगलवार को आयोजित कार्यकारी बोर्ड की 112वीं बैठक में हॉकी इंडिया के प्रशासनिक ढांचे को और मजबूत करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण प्रशासनिक बदलाव भी किए गए।

## आजमगढ़ 16 स्वर्ण पदकों के साथ बना ओवरऑल चैंपियन

**लखनऊ, वार्ता।** आजमगढ़ ने 7वीं यूपी स्टेट प्री-टीन, सब जूनियर, जूनियर व 8वीं सीनियर पेंचक सिलाट चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 16 स्वर्ण पदक के साथ ओवरऑल चैंपियनशिप की ट्रॉफी अपने नाम कर ली। वहीं सुल्तानपुर उपविजेता रही जबकि जौनपुर को तीसरा स्थान मिला। चौक स्टेडियम के लालजी टंडन बहुउद्देश्यीय हॉल में पेंचक सिलाट स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ यूपी के तत्वावधान में आयोजित चैंपियनशिप के समापन समारोह में पेंचक सिलाट स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ यूपी के कार्यकारी अध्यक्ष जसपाल सिंह व महासचिव सूरज प्रकाश श्रीवास्तव ने पदक प्रदान कर खिलाड़ियों को सम्मानित किया। अंतिम दिन जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार पाण्डेय व भाजपा के पूर्व प्रदेश मंत्री सोनू सिंह ने भी पदक विजेताओं की हौसला-अफजाई की।

## जुबा संघा, सुदेवा और नोएडा सिटी की शानदार जीत

**नई दिल्ली, वार्ता।** कविता, सलोनी, गायत्री, खुशबु और कोमल के दर्शनीय गोलों से जुबा संघा फुटबाल क्लब ने नेहरू स्टेडियम परिसर में खेली जा रही वूमेंस प्रीमियर लीग में रेंजर्स स्पोर्ट्स क्लब को 5- 0 से पीट कर एक और बधे जीत दर्ज की। यहां दिन के पहले मुकाबले में सुदेवा फुटबाल क्लब ने कीर्ति सिंह और देविका तांती के गोलों से सिटी फुटबाल क्लब को 2-0 से हराया। जुबा संघा की पूनम और सुदेवा की कीर्ति को प्लेयर ऑफ द मैच आंका गया। अन्य मैचों में हॉप्स और सिग्नेचर फुटबाल क्लब ने क्रमश हंस कैपिटल और ईव्स स्पोर्ट्स क्लब को 5-0 और 1-0 से हराया। हॉप्स की जीत का आकर्षण प्लेयर ऑफ द मैच संतोष के दो शानदार गोल रहे। हिमांशु, पूजा और शैलजा ने एक एक गोल किए। सिग्नेचर की प्लेयर ऑफ द मैच लक्ष्मी ने इकलौता गोल दागा।

**• कुलदीप-रिंकु थप्पड़ विवाद •**

# केकेआर ने किया खारिज



**सोशल मीडिया पर एक वीडिया वायरल हुआ, जिसमें कुलदीप यादव ने रिंकु सिंह को दो बार थप्पड जड़े**

**नई दिल्ली, वार्ता।** कुलदीप यादव और रिंकू सिंह के बीच थप्पड़ विवाद पर अब कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने चुप्पी तोड़ी है और ऐसी किसी घटना को खारिज किया है। दरअसल, दिल्ली कैपिटल्स और केकेआर के बीच मंगलवार को खेले गए मैच के बाद सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें दिख रहा था कि कुलदीप ने रिंकू को दो बार थप्पड़ जड़े। इस वीडियो के सामने आने के बाद फैंस हैरत में पड़ गए थे कि आखिर किस कारण कुलदीप ने रिंकू को थप्पड़ लगाए। वीडियो देखकर लग रहा था कि कुलदीप ने मजाकिया अंदाज में रिंकू के चेहरे पर दो बार थप्पड़ मारे, जिससे केकेआर का यह बल्लेबाज असमंजस में पड़ गया। भारतीय टीम के लिए साथ खेलने वाले कुलदीप और रिंकू के बीच अच्छी दोस्ती है और यह दोनों खिलाड़ी अरुण जेटली स्टेडियम में मैच के दौरान खुश नजर आ रहे थे। वीडियो में भी दिखा था कि रिंकू हंस-हंस कर बातें कर रहे हैं, लेकिन तभी किसी बात पर कुलदीप रिंकू को थप्पड़ मार देते हैं। इसके बाद रिंकू हैरानी भरी नजर से कुलदीप को देखते हैं और फिर से कुलदीप रिंकू को थप्पड़ मारते हैं। विवाद उठने के बाद केकेआर ने एक वीडियो शेयर किया है जिसमें कुलदीप और रिंकू का याराना दिख रहा है। इस वीडियो में दोनों श्लवश का साइन बनाते दिख रहे हैं और एक दूसरे के कंधे पर हाथ डालकर खड़े हैं। वीडियो में आगे दोनों के बीच कितनी गहरी दोस्ती है उसे दर्शाया गया है। मैच की बात करें तो केकेआर ने दिल्ली को 14 रनों से हराकर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदें जीवंत रखी है। गत विजेता केकेआर ने अंगख्रष रघुवंशी की 44 रनों की शानदार पारी की बदौलत 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 204 रन बनाए। जवाब में दिल्ली निर्धारित ओवर में नौ विकेट खोकर 190 रन बना पाई और लगातार दूसरा मुकाबला हार गई। दिल्ली ने इस सत्र में अब तक कुल चार मुकाबले अपने घर में खेले हैं। इनमें उन्होंने तीन मैच गंवाए जबकि एक में उन्हें सुपरओवर में जीत मिली है। वहीं, घर से बाहर अक्षर पटेल की टीम ने छह में से पांच मुकाबले जीते।

# चेन्नई ने पंजाब को 191 रन का टारगेट दिया

**युजवेंद्र चहल ने ली आईपीएल 2025 में दूसरी हैट्रिक, सैम करन ने 88 रन बनाए**



**चेन्नई, वार्ता।** पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) ने आईपीएल के 49वें मैच में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को 190 रन पर ऑलआउट कर दिया है। इस तरह पंजाब को 191 रन का टारगेट मिला है। चेपाक के एमए चिदंबरम स्टेडियम में पंजाब ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी।

चेन्नई ने 19.2 ओवर में 190 रन पर ऑलआउट कर दिया। युजवेंद्र चहल ने आईपीएल में दूसरी बार हैट्रिक ली। उन्होंने 19वें ओवर में नूर अहमद (शून्य), अंशुल कंबोज (शून्य), दीपक हुड्डा (2 रन) और एमएस धोनी (11 रन) को आउट किया। उन्होंने 2022 में कोलकाता के खिलाफ भी एक ओवर में 4 विकेट झटके थे। चहल के अलावा, अर्शदीप सिंह और मार्को यानसन को 2-2 विकेट मिले। सैम करन (88 रन) को मार्को यानसन ने विकेटकीपर जोश इंग्लिस के हाथों कैच कराया। डेवाल्ड ब्रेविस (32 रन), रवींद्र जडेजा 17 रन बनाए। एमएस धोनी ने 4 बाल पर 11 रन बनाए।

इनमें एक चौका और एक छक्का शामिल रहा। पारी का आखिरी ओवर डाल रहे अर्शदीप सिंह ने दूसरी बाल पर शिवम दुबे को शशांक सिंह के हाथों कैच कराया। 19वां ओवर डाल रहे युजवेंद्र चहल ने एक ओवर में 4 विकेट झटके। उन्होंने हैट्रिक भी पूरी की। चहल ने नूर अहमद (शून्य), अंशुल कंबोज (शून्य), दीपक हुड्डा (2 रन) और एमएस धोनी (11 रन) को आउट किया। उन्होंने 2022 में कोलकाता के खिलाफ भी एक ओवर में 4 विकेट झटके थे। 18वें ओवर में चेन्नई ने 5वां विकेट गंवाया।

यहां सैम करन 88 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें मार्को यानसन ने विकेटकीपर जोश इंग्लिस के हाथों कैच कराया। सैम करन ने आईपीएल करियर की सबसे बड़ी पारी खेली है। सैम करन ने सूर्यांश शेडगे के ओवर में 26 रन बटोरे। चेन्नई की पारी के 16वें ओवर में करन ने 2 चौका और 2 सिक्स लगाया। उन्होंने पहली बाल पर लान्ग आफ के ऊपर से छक्के के लिए मार दिया।

# नरेंद्र कुमार ने माउंट अन्नपूर्णा पर फहराया तिरंगा

**चंडीगढ़, वार्ता।** हरियाणा के हिसार जिले के लमगनी खेड़ा गांव के निवासी पर्वतारोही नरेंद्र कुमार ने विश्व की सबसे खतरनाक चोटियों में से एक माउंट अन्नपूर्णा जिसकी ऊंचाई 8,091 मीटर है, पर तिरंगा झंडा फहरा कर हरियाणा का पहला पर्वतारोही बनने का गौरव हासिल करके एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। पर्वतारोही नरेंद्र कुमार ने अपनी माउंटेनियरिंग की यात्रा 2019 में अटल बिहारी इंस्टीट्यूट, मनाली से बेसिक कोर्स से शुरू की थी, और इसे 2021 में हिमालयन माउंटेनियरिंग इंस्टीट्यूट, दार्जिलिंग में एडवांस कोर्स से आगे बढ़ाया। पर्वतारोही नरेंद्र कुमार के पिता, सुभाष चंद्र, जो एक्साइज एंड टैक्सेशन ऑफिसर के पद से रिटायर हैं, ने हमेशा उनका समर्थन किया है। पर्वतारोही नरेंद्र कुमार ने विश्व की सबसे खतरनाक चोटियों में से एक माउंट अन्नपूर्णा पर तिरंगा झंडा फहराने के साहसी अभियान की शुरुआत 25 मार्च 2025 को की थी और अपनी इस माउंटेनियरिंग को सात अप्रैल को सुबह 10:30 बजे तिरंगा फहराकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। पर्वतारोही नरेंद्र कुमार ने अपने इस अभियान को 12 दिन में पूरा किया, जिसमें उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। अन्नपूर्णा पर्वत नेपाल में स्थित हैं और जो हिमालय पर्वत श्रेणी का हिस्सा है। माउंट अन्नपूर्णा पर हर 1-2 घंटे में हिमस्खलन का खतरा बना रहता है, जो पर्वतारोहियों के लिए जानलेवा भी हो सकता है।

# पाक के लिए अगले 36 घंटे भारी

## सूचना मंत्री ने आधी रात प्रेस कान्फ्रेंस कर कहा- हमारे पास है खुफिया जानकारी

**इस्लामाबाद।** पाक ने दावा किया है कि भारत उसके खिलाफ अगले 24-36 घंटों में सैन्य कार्रवाई कर सकता है। पाकिस्तान के सूचना एवं प्रसारण मंत्री अताउल्लाह तरार ने बुधवार देर रात को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह दावा किया। तरार ने कहा कि उन्हें विश्वसनीय खुफिया जानकारी मिली है कि भारत पहलगाम घटना के बहाने ऐसा कर सकता है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान खुद आतंकवाद का शिकार रहा है और इस संकट के दर्द को सही मायने में समझता है। हमने दुनिया में हमेशा इसकी निंदा की है। तरार ने कहा कि अगर भारत कोई सैन्य हमला करता है, तो पाकिस्तान उसका निश्चित और कड़ा जवाब देगा। उन्होंने कहा कि हम हर कीमत पर पाकिस्तान की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करेंगे। तरार ने कहा कि पाकिस्तान ने पहलगाम हमले की सच्चाई का पता लगाने के लिए एक भरोसेमंद, पारदर्शी और स्वतंत्र जांच की खुले तौर पर पेशकश की है, लेकिन भारत जांच से बचना चाहता है और टकराव का रास्ता अपनाना चाहता है। इसके पूरे क्षेत्र में विनाशकारी परिणाम होंगे। पाकिस्तानी मंत्री ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को इससे सतर्क रहना चाहिए। आगे होने वाले किसी भी खतरे और परिणाम की जिम्मेदारी पूरी तरह से भारत की होगी। इससे पहले पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने भी सोमवार को एक इंटरव्यू में कहा था कि भारत जल्द ही हमला करने वाला है। आसिफ ने कहा कि आने वाले दिन बेहद अहम होंगे। चीन और सऊदी अरब समेत कई खाड़ी मुल्क दोनों देशों के बीच चल रहे संघर्ष को रोकने की को. शिश में लगे हैं। अगर कुछ होगा तो 2-3 दिन में ही होगा। हालांकि अगले ही दिन आसिफ ने अपने बयान से पीछे हटते हुए कहा था कि उनकी बात को गलत तरीके से पेश किया गया था। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान हाई अलर्ट पर है।



**"हमें विश्वसनीय खुफिया जानकारी मिली है कि पाक पहलगाम घटना के बहाने ऐसा कर सकता है, पाकिस्तान खुद आतंकवाद का शिकार रहा है। अगर भारत कोई सैन्य हमला करता है, तो पाकिस्तान उसका निश्चित और कड़ा जवाब देगा**

...अताउल्लाह तरार, सूचना एवं प्रसारण मंत्री पाकिस्तान

## हार्वर्ड में पाक कॉन्फ्रेंस पर गहराया विवाद

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के साउथ एशिया इंस्टिट्यूट में हाल ही में पाकिस्तान कॉन्फ्रेंस हुई। इसमें पाकिस्तान वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब और अमेरिका में पाकिस्तान के राजदूत रिजवान सईद शेख ने हिस्सा लिया। यह कार्यक्रम 27 अप्रैल को हुआ था, जिसका आयोजन पाकिस्तानी छात्रों ने किया था। इस इवेंट के 4 दिन पहले यानी 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था। इस कॉन्फ्रेंस को लेकर भारतीय स्टूडेंट्स ने हार्वर्ड के सामने अपना विरोध और आपत्ति दर्ज कराई। इसके बाद हार्वर्ड ने खुद को इस मुद्दे से अलग कर लिया और अपनी वेबसाइट से कार्यक्रम की जानकारी हटा दी। दो भारतीय स्टूडेंट सुरभि तोमर और रश्मिनी कोपरकर ने हार्वर्ड एडमिनिस्ट्रेशन और अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो को लेटर लिखा।

## पहलगाम आतंकी हमले से उत्पन्न स्थिति पर नजर रख रहा अमेरिका



**वाशिंगटन।** अमेरिका ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले पर चिंता व्यक्त की है और कहा है कि वह पूरी स्थिति पर लगातार नजर रख रहा है।

अमेरिकी विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने कहा कि अमे. रिका पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद कश्मीर में और अधिक तनाव रोकने के लिए पाकिस्तान और भारत दोनों के साथ सक्रिय रूप से बातचीत कर रहा है। उन्होंने बताया कि अमेरिकी विद. ेश मंत्री मार्को रुबियो दोनों देशों के विदेश मंत्रियों के संपर्क में हैं और उनसे संघर्ष से बचने का आग्रह कर रहे हैं। अमेरिका घटनाक्रम पर बारीकी से नजर रख रहा है और जिम्मेदार कूटनीति को प्रोत्साहित करता है। सु ब्रूस ने दुनिया की नजरों के सामने शांतिपूर्ण समाधान खोजने के लिए सहयोग की जरूरत पर जोर देते हुए पाकिस्तान के हालिया बयानों पर भी बात की।

## केन्या प्रतिनिधिमंडल का राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय का दौरा

**नई दिल्ली।** केन्या के नेशनल डिफेंस कॉलेज के एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को यहां राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय का दौरा किया। रक्षा मंत्रालय के अनुसार केन्या के नेशनल डिफेंस कॉलेज के 20 सदस्ईय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सीनियर डायरेक्टिंग स्टाफ (सेना) ब्रिगेडियर रिचर्ड वम्बुआ म्वान्जिया ने किया। प्रतिनिधिमंडल का यह दौरा सेनाओं के बीच परस्पर सहयोग को बढाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने इस दौरान वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बातचीत भी की और अनुभवों को

# पाक ने यूएनएससी के बयान से टीआरएफ का नाम हटाया

**विदेश मंत्री इशाक डार ने संसद में माना, इस आतंकी संगठन ने ली थी पहलगाम हमले की जिम्मेदारी**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने पहलगाम आतंकी हमले को अंजाम देने वाले संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) का नाम संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के बयान से हटाने के लिए दबाव बनाया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने बुधवार को सीनेट में दिए गए एक बयान में यह कबूल किया है। पाकिस्तान इस समय संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का अस्थाई सदस्य है। सुरक्षा परिषद के निंदा बयान के लिए सभी सदस्यों की सहमति जरूरी है। इशाक डार ने बताया कि अमेरिका ने हमले की निंदा करने के लिए एक प्रस्ताव रखा था। उन्होंने कहा कि जब मुझे प्रस्ताव की कॉपी मिली तो उस पर केवल पहलगाम लिखा था और हमले के लिए द रेजिस्टेंस फोरम का नाम लिया गया था। डार ने आगे कहा कि हमने इस पर विरोध जताया और कहा कि पाकिस्तान तब तक इस पर हस्ताक्षर नहीं करेगा जब तक पहलगाम के साथ जम्मू और कश्मीर का भी जिक्र नहीं किया जाता और टीआरएफ का नाम हटाया नहीं जाता। डार ने कहा कि उन्होंने 2 दिन तक इस प्रस्ताव पर साइन नहीं किया। इस दौरान कई देशों से उन्हें फोन आते रहे। यूनाइटेड नेशन सिक्योरिटी काउंसिल ने 25 अप्रैल को पहलगाम हमले को लेकर निंदा प्रस्ताव जारी किया था। इशाक डार ने कहा कि उन्हें दुनियाभर के नेता यह कहते रहे कि निंदा प्रस्ताव न आने से पाकिस्तान के ऊपर आरोप आएगा। इसके बावजूद वे अपने दावे पर अड़े रहे। आखिरकार पाकिस्तान के दबाव में प्रस्ताव में बदलाव किया गया और फिर यूएनएससी ने 25 अप्रैल को बयान जारी किया। यूनाइटेड नेशन सिक्योरिटी काउंसिल ने 25 अप्रैल, 2025 को पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की थी। इसमें 26 लोग मारे गए थे। इसमें भारत और नेपाल के लिए संवेदना जताई गई थी। यूएनएससी ने कहा कि आतंकवाद हर रूप में अंतर्राष्ट्रीय शांति के लिए बड़ा खतरा है और हमले के दोषियों व उनके समर्थकों को सजा मिलनी चाहिए। हालांकि इस बयान में द रेसिस्टेंस फ्रंट, जिसने हमले की



जिम्मेदारी ली थी उसका जिक्र नहीं किया गया था। पहलगाम हमले का मकसद गैर-मुस्लिमों को निशाना बनाकर सांप्रदायिक तनाव भड़काना था, लेकिन बयान में इसका भी जिक्र नहीं था।

## हाई अलर्ट के कारण कुछ देर बंद रही इस्लामाबाद अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे की पट्टी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में अज्ञात कारणों से हाई अलर्ट जारी होने के कारण इस्लामाबाद अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईआईएपी) की हवाई पट्टी को मंगलवार देर रात कुछ समय के लिए बंद कर दिया गया। सूत्रों ने यहां बताया कि 29 अप्रैल को विमानन अधिकारियों द्वारा अज्ञात कारण से हाई अलर्ट जारी किए जाने के बाद हवाईपट्टी पर लगभग 33 मिनट के लिए आउटबाउंड फ्लाइट संचालन को अस्थाई रूप से निलंबित कर दिया गया था। स्थानीय समयानुसार मंगलवार रात 11:48 बजे से मध्यरात्रि के बाद 12:21 बजे तक रहे इस अलर्ट के दौरान तीन अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों, दुबई जाने वाली पीके-233, दोहा जाने वाली पीके-287 और दुबई जाने वाली पीए-210 के लिए बोर्डिंग प्रक्रिया शुरू नही की गई। अधिकारियों ने अभी तक इस बाबत कोई भी विवरण जारी नही किया है कि यह हाई अलर्ट किस प्रकार का था। संक्षिप्त व्यवधान के बावजूद सभी आने वाली उड़ानें निर्धारित समय अनुसार संचालित हुईं और अलर्ट हटने के तुरंत बाद हवाईपट्टी पर विमानों का संचालन फिर से शुरू हो गया। इस बीच अधिकारियों ने यात्रियों को आश्वासन दिया कि इस दौरान सभी यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन किया गया। इस अस्थाई निलंबन के कारण यात्री चितित हो गए।

# चीन में जंगल की आग को लेकर ऑरेंज अलर्ट

**बीजिंग।** चीनी अधिकारियों ने बुधवार को 1 से 5 मई तक चीन के कुछ हिस्सों में जंगल की आग के लिए दूसरा सबसे उच्च-स्तर का ऑरेंज अलर्ट जारी किया। राष्ट्रीय वन और चरागाह अग्नि-नियंत्रण कमान कार्यालय एवं आपातकालीन प्रबंधन मंत्रालय ने पांच दिवसीय छुट्टी के दौरान हेबेई, शांक्सी, हेनान और शांक्सी के कुछ हिस्सों में जंगल की आग के लिए अलर्ट जारी किया। आपातकालीन प्रबंधन विभागों को आग के खतरों में बदलावों की बारीकी से निगरानी करने, प्रारंभिक चेतावनी और प्रतिक्रिया उपायों को लागू करने, आग के स्रोत नियंत्रण को लगातार सुदृढ़ करने, आपातकालीन तैयारियों को मजबूत करने और जंगल की आग के जोखिम से प्रभावी ढंग से निपटने का निर्देश दिया गया है। जंगल और चरागाह की आग आठ प्रमुख प्राकृतिक आपदाओं में से एक है। गौरतलब है कि एमईएम के एक अधिकारी यांग जुडोंग ने 21 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस पर कहा, आम तौर पर, हाल के वर्षों में चीन की जंगल की आग में कुल मिलाकर गिरावट देखी गई है। आंकड़े बताते हैं कि, 1950 से 1989 तक, चीन में सालाना औसतन लगभग 16,000 जंगल की आग की घटनाएं हुईं। वही, 1990 से 2020 के बीच यह संख्या घटकर लगभग 6,000 रह गई और 2021 से यह और भी कम होकर प्रति वर्ष 1,000 से भी कम रह गई है। यांग के अनुसार, जंगल और घास के मैदानों में आग लगने के कारणों को प्राकृतिक और मानवीय कारकों में वर्गीकृत किया जाता है, जिनमें से 90 प्रतिशत से अधिक आग लगने की घटनाओं के लिए मानवीय कारक जिम्मेदार होते हैं। चीन में जंगल की आग के लिए चार-स्तरीय चेतावनी प्रणाली है, जिसमें लाल सबसे उच्च है, उसके बाद नारंगी, पीला और नीला है।



## कोलंबिया में हेलिकॉप्टर दुर्घटना, सैनिक की मौत

**बोगोटा।** दक्षिण अमेरिकी देश कोलंबिया की नौसेना का एक हेलिकॉप्टर देश के उत्तरी क्षेत्र में आपूर्ति मिशन के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उसमें सवार एक सैनिक की मौत हो गई। नौसेना ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि बेल 412 ईपी हेलिकॉप्टर मालागाना शहर के पास उड़ान भरने के तुरंत बाद पानी में गिर गया। चालक दल के तीन अन्य सदस्यों को बचा लिया गया है और उनका इलाज चल रहा है। कोलंबियाई रक्षा मंत्री पेड्रो सां. चेज ने कहा कि कोलंबियाई एयरोस्पेस फोर्स के सहयोग से दुर्घटना की जांच के लिए एक निरीक्षण दल का गठन किया गया है।

## राहत: 12 दिन बाद खोला गया राष्ट्रीय राजमार्ग

**कराची।** पाकिस्तान ने खैरपुर में बाबरलोई बाईपास पर 12 दिनों के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग खोल दिया गया है, जिससे लंबे समय से फंसे ट्रकों को गुजरने की अनुमति मिल गई है। इससे पहले सिंध में छह नहर परियोजना का विरोध कर रहे वकीलों ने सरकार के साथ सफल वार्ता के बाद अपना धरना समाप्त कर दिया है। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार बाईपास पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कराची बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आमिर नवाज वरैच और सिंध हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सरफराज अली मेटलो ने कहा कि संघीय सरकार से आश्वासन मिलने और उनकी चिंताओं को दूर करने के लिए एक आधिकारिक अधिसूचना जारी होने के बाद धरना समाप्त करने का निर्णय लिया गया। ऑल सिंध लॉयर्स एक्शन कमेटी के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन में सैकड़ों वकीलों और कार्यकर्ताओं ने विभिन्न शहरों में धरना दिया और प्रस्तावित परियोजना को रोकने की मांग की। पाकिस्तान की संघीय सरकार द्वारा प्रस्तावित छह नहर परियोजना बड़े विवाद का विषय बन गई थी, क्योंकि आलोचकों ने तर्क दिया था कि इस परियोजना से प्रांत की पहले से ही दुर्लभ जल आपूर्ति और भी कम हो जाएगी। उन्होंने तर्क दिया कि इस्लामाबाद ने किसी भी हित धारक की चिताओं को ध्यान में नहीं रखा और मनमाने ढंग से परियोजना शुरू करने का फैसला किया। विरोध तब से शुरू हुआ जब संघीय सरकार ने चोलिस्तान रेगिस्तान की सिंचाई के लिए सिंधु नदी पर छह नहरों के निर्माण की योजना की घोषणा की-एक परियोजना जिसे इसके मुख्य सहयोगी पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) और अन्य सिंध राष्ट्रवादी दलों ने खारिज कर दिया है।

## बांग्लादेश में हिंदू संत चिन्मय दास को जमानत मिली

**ढाका।** बांग्लादेश के ढाका हाईकोर्ट ने जेल में बंद हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास को बुधवार को जमानत दे दी। चिन्मय दास पिछले 5 महीनों से देशद्रोह के आरोप में जेल में बंद हैं। चिन्मय के वकील अपूर्व कुमार भट्टाचार्य ने 23 अप्रैल को हाईकोर्ट में जमानत याचिका दायर की थी। बांग्लादेशी अखबार द डेली स्टार ने चिन्मय दास के वकील के हवाले से बताया है कि अभी चिन्मय की रिहाई तय नहीं हुई है। अगर बांग्लादेशी सुप्रीम कोर्ट इस फैसले पर रोक नहीं लगाता है तो चिन्मय को रिहा कर दिया जाएगा। चिन्मयपर बांग्लादेश के राष्ट्रीय ध्वज के अपमान का आरोप है। इस मामले में राजद्रोह का केस दर्ज कर उन्हें 25 नवम्बर 2024 को गिरफ्तार किया गया था। इससे पहले 2 जनवरी को चटगांव की निचली अदालत ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

## नाइजीरिया: आतंकवादी हमले में 14 लोगों की मौत

**अबुजा।** नाइजीरिया के बोर्नो प्रांत में संदिग्ध आतंकवादियों के हमले में एक समुदाय के कम से कम 14 लोग मारे गए हैं। स्थानीय अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। बोर्नो के चिबोक स्थानीय सरकारी क्षेत्र के प्रमुख मोडू मुस्तफा ने संवाददाताओं को बताया कि आतंकवादियों के प्रतिबंधित बो. को हराम समूह के सदस्य होने का संदेह है।


उन्होंने बताया कि आतंकवादियों ने सोमवार शाम दिवंगत नेता के लिए तीसरे दिन की प्रार्थना के दौरान चिबोक समुदाय पर हमला किया, अंधाधुंध गोलीबारी की और सात शोक संतप्त लोगों को मार डाला। स्थानीय स्वयंसेवकों ने हता. हतों की तलाश में आसपास के इलाकों की तलाशी ली, जिसके बाद मंगलवार को सात और शव बरामद किए गए। मुस्तफा के अनुसार, हिसा के दौरान कई अन्य लोग गोली लगने के कारण अलग-अलग स्तर पर घायल हुए हैं। हमले के दौरान कई घरों में आग लगा दी गई। स्थानीय सरकारी अधिकारी ने कहा कि हता. हतों की संख्या बढ़ सकती है। गौरतलब है कि बोको हराम अपने सहयोगी समूह इस्लामिक स्टेट वेस्ट अफीका प्रांत के साथ मिलकर पूर्वोत्तर नाइजीरिया में इस्लामी राज्य स्थापित करने की कोशिश कर रहा है। आतंकी समूहों ने लेक चाड बेसिन के दूसरे देशों में भी अपने हमले बढ़ा दिए हैं।

# यूएस के साथ रिश्ते खत्म, विश्वासघात से चोट पहुंची: कार्नी

**ओटावांकनाडा।** लिबरल पार्टी के मार्क कार्नी प्रधानमंत्री बन रहेंगे। आम चुनाव में उनकी पार्टी ने 343 में से 169 सीटें जीती हैं। ये 172 सीटों के बहुमत के आंकड़े से सिर्फ 3 सीटें कम है। उनकी मुख्य प्रतिद्वंद्वी कंजर्वेटिव पार्टी सिर्फ 144 सीटें जीत सकी। पार्टी का नेतृत्व कर रहे पियरे पॉलिवर अपनी सीट भी नहीं बचा सके। वे लिबरल पार्टी के उम्मीदवार से हार गए। लिबरल पार्टी की जीत के बाद उसे चौथी बार सत्ता में बने रहने का मौका मिला है। ए पार्टी के लिए बहुत बड़ा जनादेश है, क्योंकि दो महीने पहले तक पार्टी के जीतने की उम्मीदें बहुत कम थीं। पॉपुलैरिटी रेटिंग में पार्टी को सिर्फ 25 प्रतिशत पॉइंट मिले थे। जीत के बाद कार्नी ने पहले संबोधन में अमेरिका के साथ कनाडा के रिश्तों के अंत का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने विश्वासघात किया है और यह बात कनाडा कभी नहीं भूलेगा। अमेरिका के साथ हमारा पुराना संबंध, जो लगातार बढ़ती एकजुटता पर टिका हुआ था, अब खत्म हो चुका है। अमे. रिका की ग्लोबल ट्रेड पॉलिसी, जिस पर कनाडा ने दूसरे विश्व युद्ध के बाद से भरोसा किया और जिसकी वजह से कई साल तक हमारे देश में समृद्धि रही, अब खत्म हो चुकी है और यह हमारी भी नई सच्चाई है।

हम अमेरिका के विश्वासघात के झटके से उबर चुके हैं, लेकिन हमें इस सबक को कभी नहीं भूलना चाहिए। अब हमें खुद का ध्यान रखना होगा और सबसे जरूरी, हमें एक-दूसरे का ख्याल रखना होगा। जब मैं राष्ट्रपति ट्रम्प से मिलूंगा, तो यह दो स्वतंत्र देशों के आगे के संबंधों पर चर्चा करने के लिए होगा। हम एक नया रास्ता तय करेंगे, क्योंकि यह कनाडा है और यहां जो होगा, वह हम तय करेंगे। हमें बड़े सपने देखने होंगे और उससे भी बड़े काम करने होंगे। हमें वो काम करने होंगे जो पहले असंभव माने जाते थे, और ऐसी गति से करने होंगे, जो इसके पहले की पीढ़ियों ने नहीं देखी होगी। अमेरिका ने जो हमसे छीना है, उससे कहीं ज्यादा हम खुद को दे सकते हैं।

## मार्क कार्नी और ट्रम्प ने मुलाकात पर सहमति जताई



**ओटावा।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने निकट भविष्य में व्यक्तिगत रूप से एक-दूसरे से मुलाकात करने पर सहमति जताई है। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से मंगलवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, कार्नी ने सोमवार को संसदीय चुनावों में जीत के एक दिन बाद मंगलवार को ट्रम्प से बात की, जिसमें अमेरिका की ओर से टैरिफ और विलय की धमकियों जैसे मुद्दे हावी रहे।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि दोनों नेतओं ने कनाडा और अमेरिका के स्वतंत्र, संप्रभु राष्ट्रों के रूप में एक साथ काम करने के महत्व को लेकर सहमति जताई। कार्नी ने अपने विजय भाषण के दौरान कई बार कनाडा-अमेरिका संबंधों का उल्लेख किया, कनाडावासियों को अमेरिका के साथ चल रही शत्रुता से उत्पन्न चुनौतियों की याद दिलाई।

## उदारवाद की वापसी

कनाडा में उदारवाद की बयार बहने के पुख्ता संकेत मिले हैं। तय हो चुका है कि लिबरल पार्टी के मार्क कार्नी पीएम बन रहेंगे। चुनाव में बड़ी जीत के बाद कार्नी ने पहले संबोधन में अमेरिका के साथ कनाडा के रिश्तों के अंत का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने विश्वासघात किया है और ये बात कनाडा कभी नहीं भूलेगा। अमेरिका के साथ हमारा पुराना संबंध, जो लगातार बढ़ती एकजुटता पर टिका हुआ था, अब खत्म हो चुका है। अमे. रिका की ग्लोबल ट्रेड पॉलिसी, जिस पर कनाडा ने दूसरे विश्व युद्ध के बाद से भरोसा किया और जिसकी वजह से कई साल तक हमारे देश में समृद्धि रही, अब खत्म हो चुकी है और यह हमारी भी नई सच्चाई है। हम अमेरिका के विश्वासघात के झटके से उबर चुके हैं, लेकिन हमें इस सबक को कभी नहीं भूलना चाहिए। अब हमें खुद का ध्यान रखना होगा। और सबसे जरूरी, हमें एक-दूसरे का ख्याल रखना होगा याद रहे कि जनवरी में जब जस्टिन ट्रूडो ने कनाडा के पीएम पद से इस्तीफा दिया, तो ऐसा लगा कि उनकी लिबरल पार्टी चुनावी हार की ओर बढ़ रही है। उस समय लिबरल्स जनमत सर्वेक्षणों में कंजर्वेटिव्स से 25 अंकों के अंतर से पीछे चल रहे थे। लगभग एक दशक से सत्ता में कायम ट्रूडो आर्थिक मुश्किलों के बीच काफी अलोकप्रिय हो गए थे। कंजर्वेटिव नेता पियरे पोइलीवर ने अपना प्रचार अभियान बदलाव के आह्वान पर खड़ा किया। उन्होंने लिबरल पार्टी के लगातार तीन कार्यकालों को कनाडा के लिए गंवा दिया गया दशक करार दिया। फिर भी, चौंकाने वाला उलट-फेर हुआ और लिबरल पार्टी ने 28 अप्रैल के राष्ट्रीय चुनाव में कंजर्वेटिव्स को चित कर दिया। ट्रूडो के इस्तीफे और चुनावों के बीच दो अहम घटनाक्रमों ने देश के राजनीतिक परिदृश्य को बदल दिया। पहला, अर्थशास्त्री और पूर्व बैंकर मार्क कार्नी को ट्रूडो का उत्तराधिकारी चुना गया। कार्नी ने खुद को ट्रूडो की विरासत से अलग किया और चुनाव को कनाडा की अर्थव्यवस्था को दोबारा खड़ी करने के अवसर के रूप में पेश किया। दूसरा, कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने की ट्रम्प की बयानबाजी ने कनाडाई राष्ट्रवाद को जगा दिया और कार्नी की चुनावी लड़ाई को एक नया मकसद और परिप्रेक्ष्य प्रदान किया। कार्नी ने ट्रम्प की धमकियों और सीमा शुल्क के सामने डटकर खड़े होने के लिए खुद को सबसे लायक उम्मीदवार के रूप में पेश किया। एक सफल केंद्रीय बैंकर, जिन्होंने 2008-09 की मंदी के दौरान कनाडा और ब्रेक्सिट के उथल-पुथल भरे वर्षों के दौरान ब्रिटेन का नेतृत्व किया, के रूप में उनके रिकॉर्ड ने भी उनके मकसद में सहयोग किया। नतीजे कंजर्वेटिव्स के लिए पूरी तरह निराशाजनक नहीं हैं। प्राथमिक आंकड़ों के मुताबिक, पार्टी ने 41.4 फीसदी वोट हासिल किए, जो 2011 में 39.6 फीसदी वोट के साथ उन्हें मिले बहुमत से ज्यादा है, लेकिन इस बार यह हुआ कि प्रगतिशील और उदारवादी वोट लिबरल्स के पक्ष में ज्यादा एकीकृत ढंग से एकजुट हुए।

## यह एकता और एकजुटता का समय



यह एकता और एकजुटता का समय है, यह वह समय है, जब हमें सामूहिक संकल्प के साथ पाकिस्तान को ऐसा सबक सिखाना है, जिसे वह कभी न भूल पाए, पहलगाम आतंकी हमले के तुरंत बाद 22 अप्रैल की रात को ही कांग्रेस ने सर्वदलीय बैठक की मांग की थी, यह बैठक दो दिन बाद हुई, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी उसमें शामिल नहीं हुए, फिर इस मामले में 24 अप्रैल को पारित कांग्रेस कार्य समिति का प्रस्ताव बिल्कुल स्पष्ट है, कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने संसद का विशेष सत्र बुलाने की भी मांग की है, हम सभी को इस बेहद संवेदनशील समय में जिम्मेदारी और एकजुटता के साथ खड़े रहना चाहिए, देश इंतज़ार कर रहा है।

**जयराम रमेश**
**प्रभारी, कांग्रेस संचार विभाग**

# नफरत की ये आग कब बुझेगी?






**निर्मल रानी**

जम्मू और कश्मीर में पहलगाम से लगभग पांच किलोमीटर दूर प्राकृतिक आकर्षण का केंद्र रहे प्रसिद्ध पर्यटन स्थल बैसरन घाटी में गत 22 अप्रैल को पांच-छह सशस्त्र आतंकवादियों द्वारा निहत्थे व बेगुनाह पर्यटकों पर अंधाधुंध गोलीबारी की गई जिसमें 27 लोगों की जानें चली गईं जबकि 20 से अधिक लोग घायल हो गए। प्राप्त समाचारों के अनुसार इस दुर्दांत आतंकी हमले की ज़िम्मेदारी पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा के ही एक छाया संगठन द रेज़िस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने स्वीकार की है। पाकिस्तान में पनाह पाने वाले विभिन्न आतंकी संगठन गत तीन दशकों से भी लंबे समय से भारत में आतंकी हमले करते रहे हैं। पाकिस्तान में अनेक आतंकवादी संगठन सक्रिय हैं। इनमें कई संगठनों के विरुद्ध संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा प्रतिबंध भी लगाए गए हैं। इन आतंकियों द्वारा जहां घाटी में सैनिकों व आम नागरिकों को निशाना बनाया जाता रहा है वहीं इन्होंने कश्मीर के बाहर भी 26/11 जैसा बड़ा हमला अंजाम दिया। इतना ही नहीं बल्कि अक्षर धाम, जम्मू, वाराणसी, अयोध्या जैसे देश के कई प्रमुख मंदिरों को भी इन आतताइयों ने नहीं बख्शा। मंदिरों पर इनके हमले का उद्देश्य हमेशा से स्पष्ट रहा है कि यह अपनी आतंकी गतिविधियों को अंजाम देकर भारत में साम्प्रदायिक विभाजन कराना चाहते थे। परन्तु पूर्व की सरकारों ने सूझवान भारतीय जनता के सहयोग से पाकिस्तानी आतंकियों के ऐसे नापाक मंसूबे कभी कामयाब नहीं होने दिए।

निश्चित रूप से 22 अप्रैल के पहलगाम के बैसरन घाटी के हमले का भी मक़सद भारत में साम्प्रदायिक उबाल पैदा करना था। तभी आतंकियों ने 2008 के मुंबई हमलों के बाद इस तरह की सबसे घातक घटना को अंजाम दिया। परन्तु इस हमले के दौरान और इसके फ़ौरन बाद से ही घाटी के स्थानीय लोगों द्वारा इस हमले का जिस स्तर पर विरोध किया गया और पर्यटकों की जिसतरह सहायता की गई उससे आतंकियों के इरादों पर एक बार फिर पानी फिर गया। इनमें एक नाम जो सबसे अधिक सुर्ख़ियों में रहा वह था पहलगाम के नज़ाकत अहमद शाह का, जिन्होंने अपनी बहादुरी और सूझबूझ से 11 पर्यटकों की जान बचाई। नज़ाकत अहमद शाह ने छत्तीसगढ़ के 11 लोगों के जीवन को बचा लिया। जिनकी जान नज़ाकत अली उर्फ़ नज़ाकत अहमद शाह ने बचाई उनमें मुख्यत: छत्तीसगढ़ के चार परिवार के लोग शामिल हैं। इसमें बीजेपी युवा मोर्चा के नेता अरविंद अग्रवाल, कुलदीप स्थापक, बीजेपी पार्षद पूर्वा स्थापक, पूर्व पार्षद शिवांश जैन और हैप्पी बाधवान का परिवार तथा कई बच्चे शामिल है। स्वयं भाजपा नेता अरविंद अग्रवाल ने नज़ाकत अली के साथ अपनी फ़ोटो पोस्ट सोशल मीडिया साइट एक्स पर साझा कर उनकी मदद की तारीफ़ करते हुए लिखा

**आतंकियों ने 2008 के मुंबई हमलों के बाद इस तरह की सबसे घातक घटना को अंजाम दिया, परन्तु इस हमले के दौरान और इसके फौरन बाद से ही घाटी के स्थानीय लोगों द्वारा इस हमले का जिस स्तर पर विरोध किया गया और पर्यटकों की जिस तरह सहायता की गई उससे आतंकियों के इरादों पर एक बार फिर पानी फिर गया**

कि आपने अपनी जान दांव पर लगा कर हमारी जान बचाई। हम नज़ाकत भाई का एहसान कभी नहीं चुका पाएंगे। अरविंद अग्रवाल ने यह भी लिखा कि 'जब मेरी पत्नी के कपड़े फट गए तो कश्मीरी मुस्लिम ने अपना कुर्ता दे दिया था'।

इसी तरह पहलगाम की एक पर्यटक शिवांशी जैन ने बताया कि जब गोली चलने लगी तो उनके साथ कश्मीर के व्यवसाई नज़ाकत अली ने सामने आकर सभी को बाहर निकाला। जब आतंकी गोलियां बरसा रहे थे उस समय नज़ाकत सभी पर्यटकों को सुरक्षित स्थान पर ले गए। नज़ाकत अली ने जो मानवता और कश्मीरियत की मिसाल पेश की है उससे चिरमिरी (छत्तीसगढ़) वासी गदगद हैं। ग़ौरतलब है कि कश्मीर के नज़ाकत प्रत्येक वर्ष सर्दियों में कश्मीरी शॉल और गर्म कपड़े बेचने हेतु चिरमिरी आते रहे हैं। उनका पूर्व पार्षद शिवांश जैन से घनिष्ठ संबंध बना हुआ है। इसी नाते जब चिरमिरी के 11 लोग पहलगाम पहुंचे थे तो नज़ाकत अली ने ही उन्हें वादियों की सैर कराने की ज़िम्मेदारी ली थी। और आतंकी हमला होने पर नज़ाकत अली ने ही अपनी बहादुरी से छत्तीसगढ़ के इन मेहमान पर्यटकों की जान बचाई।

बहादुरी की मिसाल पेश करने वाले ऐसे ही एक और कश्मीरी युवक का नाम था सैयद आदिल हुसैन शाह। आदिल एक पेशेवर स्थानीय घुड़सवार था जो पर्यटकों को कार पार्किंग क्षेत्र से पहलगाम के बैसरन घास के मैदान तक ले जाया करता था। आतंकी हमले के दौरान आदिल ने असाधारण वीरता व साहस का परिचय दिया। जब आतंकी हमला शुरू हुआ, तो सैयद आदिल अपने साथ लाए गए पर्यटकों की जान बचाने के मक़सद से एक हमलावर की बंदूक़ के सामने पर्यटक की ढाल बनकर खड़े हो गए। आदिल के इसी साहसी प्रयास में आतंकियों ने उसे गोली मार दी। और आदिल मौके पर ही मारा गया। पूरी घाटी में ही नहीं बल्कि पूरे देश में सैयद आदिल हुसैन शाह की बहादुरी व उसकी शहादत व कर्तव्य की चर्चा हो रही है। इसतरह की और भी अनेक घटनाएं जो बैसरन घाटी हमले के बाद सामने आईं जिनसे पता चलता है कि किसतरह अनेक स्थानीय लोगों ने देश के विभिन्न इलाक़ों से आने वाले पर्यटकों को अपने घरों में सुरक्षित पनाह दी। उन्हें सभी ज़रूरी चीज़ें मुफ्त मुहैय्या कराईं।

और निश्चित रूप से यह घाटी के स्थानीय लोगों का पर्यटकों के प्रति प्रेम व विश्वास ही था जिसके चलते इतनी बड़ी आतंकी घटना के बावजूद घाटी विशेषकर पहलगाम का पर्यटन इतनी जल्दी काफ़ी हद तक पुन: पटरी पर आ सका।

आतंकवादियों ने अपनी तरफ़ से भारतीय समाज में नफ़रत फैलाने में हालांकि कोई कसर नहीं छोड़ी परन्तु यह भी सच है कि यह पाक प्रायोजित आतंकवाद की पहली ऐसी बड़ी घटना थी जिसने कश्मीर से कन्याकुमारी तक पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। कश्मीर घाटी में जगह जगह आतंकवाद विरोधी प्रदर्शन हुए। पूरे देश की मस्जिदों में पहलगाम हमले पर अफ़सोस जताया गया तथा इस अमानवीय कृत्य को शैतानी व राक्षसी कृत्य बताया गया। हर तरफ़ से एक स्वर में हमले में मारे गए लोगों के साथ एकजुटता का प्रदर्शन किया गया। सोशल मीडिया पर हज़ारों ऐसी पोस्ट डाली गईं जिससे देश में भाईचारे क़ायम रह सके। विपक्ष ही नहीं बल्कि भारतीय जनता पार्टी के भी कई ज़िम्मेदार नेताओं ने इस संकटकालीन घड़ी में देश में एकजुटता बनाए रखने की अपील की। परन्तु इन सब के बावजूद देश में कई स्थानों पर ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं भी हुईं जो नि:संदेह आतंकियों के घिनौने मक़सद को पूरा करने वाली थीं। कई जगह उपद्रवियों द्वारा कहीं अल्पसंख्यक समाज के किसी व्यक्ति पर हमला किया गया तो कहीं उनके व्यवसायिक ठिकाने को आग लगा दी गई। कहीं बाज़ारों में रेहड़ी पटरी दुक. ानदारों को उनका धर्म देखकर दुकान नहीं लगाने दी गई तो कहीं ऐसी ठिकानों की पहचान कर वहां तोड़ फोड़ की गई। हद तो यह है कई जगह छात्रावास में रह रहे कश्मीरी छात्रों को मारा पीटा गया व उन्हें अपमा. नित किया गया। ऐसी शर्मनाक घटनाओं की भी जितनी निंदा की जाये वह कम है। यह देश के अमन पसंद लोगों को सुनिश्चित करना होगा कि आख़िर नफ़रत की ये आग कब बुझेगी।

**( ये लेखक के निजी विचार है )**

# कुरान और गीता के तुलनात्मक अध्यनन से हिंदुओं और मुसलमानों को करीब लाने की पहल

**एम. हसन**

एम हसन लिखते हैं कि ऐसे समय में जब दोनों समुदाय एक दूसरे से उलझे हुए हैं, इस तुलनात्मक अध्ययन के माध्यम से दोनों पवित्र ग्रंथों में समानताओं को प्रभावी ढंग से उजागर करने और दोनों समुदायों को भारत और अन्य जगहों पर शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के लिए एक साथ लाने का प्रयास किया गया है। दोनों ग्रंथों में बहुत सी समानताएं हैं, जिन्हें लोगों को ठीक से पढ़ाए जाने की जरूरत है

पूर्वी यूपी के अंबेडकर नगर (अकबरपुर) जिले से ताल्लुक रखने वाले कोम स्थित प्रमुख शिया विद्वान डॉ. सैयद अब्बास मेहदी हसनी ने पवित्रा ग्रंथों कुरान और भगवद गीता के तुलनात्मक अध्ययन में दोनों ग्रंथों के बीच समानता और अंतर पर कापफी जोर दिया है।

डॉ. मेहदी ने इस मुद्दे पर अपनी डॉक्टरेट थीसिस की है जिसका शीर्षक है: सामाजिक और तर्कसंगत पहलुओं पर जोर देते हुए कुरान और गीता की पोषणकारी शिक्षा का विकास। कघेम के शिया इस्लामी विद्वता में प्रचलित अनूठी व्याख्याओं और दृष्टिकोणों पर विचार करते हुए, डॉ. मेहदी ने एकेश्वरवाद, नैतिक आचरण, ईश्वर की अवधारणा, कर्म की भूमिका और आत्मा की प्रकृति जैसे विषयों पर चर्चा की है और दोनों ग्रंथों के बीच समानता और अंतर दोनों को उजागर किया है। अल-मुस्तफा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी से डॉक्टरेट शोध डॉ. हिम्मत बनारी के मार्गदर्शन में अलीगढ़ स्थित डॉ. अली मोहम्मद नकवी और दिल्ली विश्वविद्यालय के डॉ. बलराम शुक्ला के सलाहकार के रूप में पूरा किया गया है। डॉ. मेहदी ने कहा कि ऐसे समय में जब दोनों समुदाय आपस में भिड़े हुए हैं, इस तुलनात्मक अध्ययन के माध्यम से दो पवित्र ग्रंथों में समानता को

**दोनों धर्मों के लोगों को ठीक से सिखाने की जरूरत है कुरान और भगवद् गीता के तुलनात्मक अध्यनन से पता चलता है कि दोनों में महत्वपूर्ण समानताएं हैं**

प्रभावी ढंग से उजागर करने और दोनों समुदायों को भारत और अन्य जगहों पर शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के लिए एक साथ लाने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि दोनों ग्रंथों में काफी समानताएं हैं, जिन्हें लोगों को ठीक से सिखाने की जरूरत है। कुरान और भगवद्गीता के तुलनात्मक अध्ययन से पता चलता है कि दोनों में अहिंसा, करुणा और एक ईश्वर के प्रति समर्पण जैसे नैतिक सिद्धांतों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण समानताएं हैं, साथ ही ईश्वर की प्रकृति, पैगम्बरों की भूमिका और पुनर्जन्म की अवधारणा पर उनके दृष्टिकोणों में प्रमुख अंतर भी उजागर होते हैं, कुरान सख्त एकेश्वरवाद पर जोर देता है और गीता हिंदू ढांचे के भीतर ईश्वर की अधिक बहुमुखी समझ की अनुमति देती है। अपने पीएचडी थीसिस के सारांश में डॉ. मेहदी कहते हैं, पवित्रा कुरान और गीता की शिक्षाओं को सामाजिक और बौद्धिक आयाम में कुरान की आयतों और गीता के बिंदुओं के दिशा-निर्देशों का उपयोग करके और दोनों के बीच तुलना का प्रश्न एक ऐसा विषय है जिसका अभी तक अध्ययन नहीं किया गया है। डॉ. मेहदी आगे लिखते हैं कि इस अध्ययन में पवित्रा कुरान और गीता की शिक्षाओं को सामाजिक और बौद्धिक आयामों में वर्णनात्मक-विश्लेषणात्मक और तुलनात्मक पद्धति से व्यक्त करने के बाद इन दोनों पुस्तकों की शिक्षाओं की तुलना की गई है और फिर उनके समान और भिन्न बिंदुओं का वर्णन किया गया है। विद्वान ने संस्कृत में गीता की एक चौपाई ली है और उसे फारसी भाषा में समझाने के बाद कुरान की उपलब्ध आयतों से उसकी तुलना की है। डॉ. मेहदी लिखते हैं, समानताएं और अंतर स्वाभाविक हैं क्योंकि गीता की कई शिक्षाएं दिव्य ग्रंथों की तरह हैं। कई हिंदू विद्वान दावा करते हैं कि गीता एक ईश्वरीय रहस्योद्घाटन है। सामाजिक आयामों में, रिश्तेदारों के प्रति विनम्रता जैसे सम्मानजनक व्यवहार और शिक्षक और संरक्षक के संबंध में विनम्रता और शासकों के संबंध में न्याय और सामान्य जनता के संबंध में समानता और अहिंसा आदि के प्रति सम्मान। बौद्धिक आयाम में तर्कसंगत शिक्षा के कारक जैसे विचार का सिद्धांत और अंतर्दृष्टि का सिद्धांत। उनका कहना है कि इनमें से कई सामग्रियों में मात्रात्मक और गुणात्मक लाभ हैं, जिन्हें इस चर्चा में बताया गया है। उनका कहना है कि इन शिक्षा प्रथाओं को चुनने और उनका अभ्यास करने से व्यक्तियों के सामाजिक और बौद्धिक आयामों का विकास हो सकता है। यह फारसी भाषा में अपनी तरह का पहला अध्ययन है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि एकेश्वरवाद पर दोनों ग्रंथ मूल रूप से एक सर्वोच्च ईश्वर में विश्वास को बनाए रखते हैं, हालांकि प्रत्येक परंपरा में इसकी अलग-अलग व्याख्या की गई है। इसी तरह नैतिक शिक्षाओं में दोनों ईमानदारी, न्याय, दान और आत्म-नियंत्रण जैसे नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देते हैं। कर्म के महत्व पर दोनों ग्रंथ कर्म की अवधारणा को स्वीकार करते हैं, जहां कर्मों के इस जीवन और उसके बाद के परिणाम होते हैं। इसी तरह दोनों समाज में अपने कर्तव्य या 'धर्म' का पालन करने की अवधारणा पर जोर देते हैं और दोनों आध्यात्मिक मुक्ति प्राप्त करने के लिए ध्यान, प्रार्थना और आत्म-चिंतन जैसी प्रथाओं को प्रोत्साहित करते हैं।

उल्लेखनीय है कि हिल स्प्रिंग इंटरनेशनल स्कूल, मुंबई के प्रमित गोयल ने अपने शोधपत्र में लिखा है। 'भगवद् गीता और कुरान: एक ही सिक्के के दो पहलू उन्होंने लिखा है दोनों धर्मग्रंथ अपनी शिक्षाओं के संदर्भ में कई समानताएं साझा करते हैं, लेकिन दुर्भाग्य से, कई बार व्यक्तियों और समूहों द्वारा अपने निहित स्वार्थों की पूर्ति के लिए इनका दुरूपयोग किया गया है और इनका हथियार के रूप में इस्तेमाल किया गया है। ऐसी दुनिया में जहां कठोर सांस्कृतिक दृष्टिकोण हमें विभाजित करते हैं, अन्य धार्मिक ग्रंथों को आंख मूंदकर नजर. अंदाज करने के बजाय उन्हें समावेशी और खुले दिमाग से देखना जरूरी है। गीता और कुरान से सहानुभूति, प्रेम और नैतिक जिम्मेदारी जैसी सर्वोत्तम शिक्षाओं को अपनाने से व्यक्ति एक खुशहाल जीवन की ओर अग्रसर हो सकता है और एक अधिक समावेशी और सामंजस्यपूर्ण समाज में योगदान दे सकता है। यह पेपर इंटरनेशनल जर्नल ऑफ मल्टीडिसिप्लिनरी रिसर्च के मई-जून 2024 संस्करण में प्रकाशित हुआ था।

**( एम हसन हिंदुस्तान टाइम्स, लखनऊ के पूर्व ब्यूरो प्रमुख हैं )**

# श्रमिक शक्ति ही है भारत की असली ताकत

## श्रमिकः देश की रीढ़, मगर हाशिये पर



**योगेश कुमार गोयल**

प्रतिवर्ष 1 मई का दिन 'अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस' अथवा 'मजदूर दिवस' के रूप में मनाया जाता है, जिसे 'मई दिवस' भी कहा जाता है। यह दिवस समाज के उस वर्ग के नाम है, जिसके कंधों पर सही मायनों में विश्व की उन्नति का दारोमदार है। इसमें कोई दो राय नहीं कि किसी भी राष्ट्र की आर्थिक प्रगति तथा राष्ट्रीय हितों की पूर्ति का प्रमुख भार इसी वर्ग के कंधों पर होता है। वर्तमान मशीनी युग में भी उनकी महत्ता कम नहीं है। श्रमिक दिवस और श्रम के महत्व को रेखांकित करते हुए फ्रैंकलिन डी रूजवेल्ट का कहना था कि किसी व्यवसाय को ऐसे देश में जारी रहने का अधिकार नहीं है, जो अपने श्रमिकों से जीवन निर्वाह के लिए आवश्यक मजदूरी से भी कम मजदूरी पर काम करवाता है। जीवन निर्वाह के लिए आवश्यक मजदूरी से उनका आशय सम्मानपूर्वक जीवन निर्वाह के लिए आवश्यक मजदूरी से था।

अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर यह जानना आवश्यक है कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर श्रमिक दिवस कब से और क्यों मनाया जाता है? अमेरिका में 8 घंटे से ज्यादा काम न कराने के लिए की गई कुछ मजदूर यूनियनों की हड़ताल के बाद 1 मई 1886 से अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस मनाए जाने की शुरुआत हुई थी। दरअसल वह ऐसा समय था, जब कार्यस्थल पर मजदूरों को चोट लगना या काम करते समय उनकी मृत्यु हो जाना आम बात थी। ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने, कार्य करने के घंटे कम करने तथा सप्ताह में एक दिन के अवकाश के लिए मजदूर संगठनों द्वारा पुरजोर आवाज उठाई गई। 1 मई 1886 का ही वह दिन था, जब वह हड़ताल हुई थी और शिकागो शहर के हेय मार्किट चौराहे पर उनकी रोज सभाएं होती थी। 4 मई 1886 को जब शिकागो के हेय मार्किट में उस हड़ताल के दौरान पुलिस भीड़ को तितर-बितर करने का प्रयास कर रही थी, उसी दौरान किसी अज्ञात शख्स ने एकाएक भीड़ पर बम फैंक दिया। उसके बाद पुलिसिया गोलीबारी के कारण कई श्रमिक मारे गए। हालांकि उस समय अमेरिकी प्रशासन पर उन घटनाओं का कोई असर नहीं पड़ा लेकिन बाद में



**वर्तमान मशीनी युग में भी उनकी महत्ता कम नहीं है, श्रमिक दिवस और श्रम के महत्व को रेखांकित करते हुए फ्रैंकलिन डी रूजवेल्ट का कहना था कि किसी व्यवसाय को ऐसे देश में जारी रहने का अधिकार नहीं है, जो अपने श्रमिकों से जीवन निर्वाह के लिए आवश्यक मजबूरी पर काम करवाता है**

श्रमिकों के लिए 8 घंटे कार्य करने का समय निश्चित कर दिया गया। मजदूरों पर गोलीबारी और मौत के दर्दनाक घटनाक्रम को स्मरण करते हुए ही 1 मई 1886 से अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस मनाया जाने लगा। 1889 में पेरिस में अंतर्राष्ट्रीय महासभा की द्वितीय बैठक में फ्रांसीसी क्रांति को याद करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया गया कि इसे 'अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस' के रूप में मनाया जाए। उसी समय से विश्वभर के 80 देशों में 'मई दिवस' को राष्ट्रीय अवकाश के रूप में मान्यता प्रदान की गई। श्रमिक वर्ग ही है, जो अपनी हाड़-तोड़ मेहनत के बलबूते पर राष्ट्र के प्रगति चक्र को तेजी से घुमाता है लेकिन कर्म को ही पूजा समझने वाला श्रमिक वर्ग श्रम कल्याण सुविधाओं के लिए आज भी तरस रहा है। मई दिवस के अवसर पर देशभर में भले ही मजदूरों के हितों की बड़ी-बड़ी योजनाएं बनती हैं, ढ़ेरों लुभावने वायदे किए जाते हैं, जिन्हें सुनकर एकबारगी तो लगता है कि उनके लिए अब कोई समस्या नहीं बचेगी किन्तु अगले ही दिन मजदूरों को पुन: उसी माहौल से रूबरू होना पड़ता है, फिर वही शोषण, अपमान व जिल्लत भरा तथा गुलामी जैसा जीवन जीने के लिए अभिशप्त होना पड़ता है। समय-समय पर मजदूरों के लिए नए सिरे से मापदंड निर्धारित किए जाते हैं लेकिन इनको क्रियान्वित करने की फुर्सत ही किसे है?

जहां तक मजदूरों द्वारा अपने अधिकारों की मांग का सवाल है तो मजदूरों के संगठित क्षेत्र द्वारा ऐसी मांगों पर उन्हें अक्सर कारखानों के मालिकों की मनमानी और तालाबंदी का शिकार होना पड़ता है और प्राय: जिम्मेदार अधिकारी भी कारखानों के मालिकों के मनमाने रवैये पर लगाम लगाने की चेष्टा नहीं करते। जहां तक मजदूर संगठनों के नेताओं द्वारा मजदूरों के हित में आवाज उठाने की बात है तो आज के दौर में अधिकांश ट्रेड यूनियनों के नेता भी भ्रष्ट राजनीतिक तंत्र का हिस्सा बने हैं, जो विभिन्न मंचों पर श्रमिकों के हितों के नाम पर शोर तो बहुत मचाते नजर आते हैं लेकिन अपने निजी स्वार्थों की पूर्ति हेतु कारखानों के मालिकों से सांठगांठ कर अपने ही साथियों के हितों पर कुल्हाड़ी चलाने में संकोच नहीं करते।

ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर किसके लिए मनाया जाता है 'श्रमिक दिवस'? बहुत से मजदूरों की तो इस दिन भी काम करने के पीछे यह मजबूरी भी होती है कि अगर वे एक दिन भी काम नहीं करेंगे तो उनके घरों में चूल्हा कैसे जलेगा। विड़म्बना है कि देश की स्वाधीनता के सात दशक से भी अधिक बीत जाने के बाद भी अनेक श्रम कानूनों को अस्तित्व में लाने के बावजूद हम ऐसी कोई कारगर व्यवस्था नहीं कर पाए हैं, जो मजदूरों को उनके श्रम का उचित मूल्य दिला सके। हालांकि इस संबंध में एक सच यह भी है कि अधिकांश श्रमिक या तो अपने अधिकारों के प्रति अनभिज्ञ होते हैं या वे अपने अधिकारों के लिए इस कारण आवाज नहीं उठा पाते कि कहीं इससे नाराज होकर उनका मालिक उन्हें काम से न निकाल दे और उनके परिवार के समक्ष भूखे मरने की नौबत आ जाए।

# रोजाना खाली पेट सूखे आंवले और जीरे का पानी पीने से शरीर को मिलेंगे कई फायदे

आयुर्वेद में सूखा आंवला पाउडर और जीरे के पानी को स्वास्थ्य के लिए लाभकारी माना जाता है। दरअसल, आंवला और जीरा दोनों ही प्राकृतिक तत्व और पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। यह शरीर को कई बीमारियों से बचाता है। ऐसे में अगर कोई व्यक्ति नियमित रूप से इसका सेवन करते हैं, तो इससे पाचन तंत्र मजबूत होता है और इम्यूनिटी बढ़ाने में भी मददगार होता है। इसके अलावा यह बालों और स्किन के लिए भी फायदेमंद होता है।

### पाचन तंत्र होगा मजबूत

सूखा आंवला पाउडर और जीरे का पानी पाचन क्रिया को दुरुस्त करता है। आंवले में फाइबर की अधिक मात्रा पाई जाती है, जो कब्ज की समस्या से राहत दिलाता है। वहीं जीरा गैस, एसिडिटी और अपच को ठीक करता है। ऐसे में अगर आप रोजाना सुबह खाली पेट आंवला पाउडर और जीरा पानी पीते हैं, तो इससे पाचन संबंधी समस्या दूर होगी।

### इम्युनिटी

आंवला विटामिन सी का मुख्य सोर्स है। यह शरीर की इम्यूनिटी को बढ़ाता है। आंवले में मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट्स शरीर को फ्री रेडिकल्स से बचाने का काम करते हैं। जीरा में एंटी इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं। जोकि इंफेक्शन से लड़ने में सहायता करता है। ऐसे में नियमित रूप से यह पीने से सर्दी-जुकाम जैसी समस्याएं कम होती हैं।

### वेट लॉस

अगर आप भी वेट लॉस करना चाहते हैं, तो सूखा आंवला पाउडर और जीरा पानी आपके लिए लाभकारी हो सकता है। आंवला मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करता है और जीरा भी एक्स्ट्रा फैट कम करता है।

### डिटॉक्सिफिकेशन में लाभकारी

आंवला और जीरा पानी पीने से शरीर से टॉक्सिन्स बाहर निकलते हैं। आंवला लिवर को स्वस्थ रखता है और खून साफ करता है। वहीं जीरा भी शरीर के हानिकारक टॉक्सिन्स को बाहर निकालने में मददगार होता है।

### स्किन व बालों के लिए फायदेमंद

आंवला में विटामिन सी और एंटी ऑक्सीडेंट्स भरपूर मात्रा में पाया जाता है। यह स्किन को ग्लोइंग बनाता है और झुर्रियों को भी कम करता है। वहीं यह पिगमेंटेशन और मुंहासों को भी दूर करता है।